खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, रविवार 19 अप्रैल 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 91 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00


अधिकतम :39°C
न्यूनतम : 20°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper




## संक्षिप्त समाचार

### सिन्हा ने राजौरी में राज कुमार थापा स्मारक का उद्घाटन किया

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने शनिवार को राजौरी में शहीद एडीडीसी डा. राज कुमार थापा शहीद स्मारक, संग्रहालय और पुस्तकालय का उद्घाटन किया। डा. थापा ऑपरेशन सिदूर के दौरान पाकिस्तान की बिना उकसावे वाली गोलाबारी में शहीद हो गए थे। उप राज्यपाल ने डा. थापा को श्रद्धांजलि दी, उनकी निस्वार्थ सेवा और लोगों की कल्याण के लिए फैलादी समर्पण को याद किया। उन्होंने कहा कि यह शहीद स्मारक आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगा। इस कार्यक्रम में डा. थापा के जीवन पर एक लघु फिल्म भी दिखाई गई। इस अवसर पर डा. राज कुमार थापा के परिवार के सदस्य और सुरक्षा बलों, पुलिस और नागरिक प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम पास नहीं होने की निंदा

**नई दिल्ली।** कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की ओर से यहां आयोजित राष्ट्रीय महिला उद्यमी सम्मेलन में महिला उद्यमियों ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लोकसभा में पास नहीं होने की निंदा की। काले झंडे और हाथों में तख्तियां लेकर सम्मेलन में पहुंची महिला उद्यमियों ने संसद में कल महिला आरक्षण विधेयक को हराने पर कांग्रेस तथा अन्य विपक्षी दलों के प्रति गहरा आक्रोश व्यक्त किया। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की उपस्थिति में आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में महिला उद्यमियों की एकजुटता और दृढ़ संकल्प देखने को मिला। उन्होंने इस घटनाक्रम को देश की महिलाओं की आकांक्षाओं के साथ 'ऐतिहासिक विश्वासघात' करार दिया। सम्मेलन में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया।

# एसआईआर प्रक्रिया असवैधानिक और देश के लोकतंत्र का मखौल: एसवाई कुरैशी

**नई दिल्ली।**

■ **पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ने मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए**

पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी ने देश भर में चल रहे मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाते हुए इसे असंवैधानिक और जनता के खिलाफ एक षड्यंत्र करार दिया है।

मानवाधिकार संगठन 'जनहस्तक्षेप' की ओर से यहां प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में षसिलेक्टिग द इलेक्टर्स: मॉकरी ऑफ डेमोक्रेसी' विषय पर आयोजित सेमिनार को संबोधित करते हुए कुरैशी ने कहा कि यह प्रक्रिया मतदाता सूची और चुनाव संबंधी कानूनों के बुनियादी सिद्धांतों के खिलाफ है। कुरैशी ने स्पष्ट किया कि वोटर लिस्ट में नाम होना और मतदान का अधिकार नागरिकों का संवैधानिक हक है, यह सरकार या चुनाव आयोग की कोई 'मेहरबानी' या 'चैरिटी' नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईआर की पूरी प्रक्रिया अपारदर्शी है और इसके जरिए नागरिकों का उत्पीड़न किया जा रहा है। उन्होंने सुझाव दिया कि चूंकि पश्चिम बंगाल में मतदाता सूचियां अधूरी और त्रुटिपूर्ण हैं, इसलिए वहां पुरानी सूचियों के आधार पर ही मतदान कराया जाना चाहिए। सेमिनार में उपस्थित बुद्धिजीवियों और कार्यकर्ताओं ने एक सुर में एसआईआर प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से समाप्त करने की मांग की।

उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा कि विशेष रूप से पश्चिम बंगाल में 'लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी' शब्द के नाम पर लाखों लोगों को मताधिकार से वंचित किया जा रहा है, जो कि चिंताजनक है। वहीं आईएफटीयू की राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अपर्णा ने आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि बंगाल के सीमावर्ती जिलों में काटी गई कुल सूचियों में से 58-5 प्रतिशत नाम मुस्लिम समुदाय के हैं। उन्होंने इसे 'विदेशी घुसपैठ' की धारणा स्थापित करने की कोशिश बताया, जिससे सबसे अधिक प्रवासी मजदूर और महिलाएं प्रभावित हो रही हैं। प्रेस क्लब की अध्यक्ष संगीता बरुआ ने असम मॉडल का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां 19 लाख लोगों को अवैध घोषित किया गया था और अब बंगाल में भी वैसी ही स्थिति पैदा की जा रही है। जनहस्तक्षेप के सहसंयोजक अनिल दुबे ने चर्चा का समापन करते हुए कहा कि एसआईआर को परिसीमन और 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' से जोड़कर देखा जाना चाहिए, जिसका उद्देश्य करोड़ों गरीबों और अल्पसंख्यकों को मताधिकार से वंचित कर उन्हें केवल कॉर्पोरेट के लिए 'सस्ता श्रम' बनाकर रखना है। सेमिनार में कुछ प्रस्ताव भी पारित किए गए। इनमें कहा गया है कि संगठन की मांग है कि पश्चिम बंगाल सहित देश भर में एसआईआर प्रक्रिया को तुरंत रोका जाए और 2025 की अपडेटेड सूची को आधार मानकर मतदान का अधिकार दिया जाए।


# भीषण गर्मी से राहत दिलाने की बड़ी तैयारी

### ऊर्जा विभाग ने पीक डिमांड को ध्यान में रखते हुए 34 हजार मेगावाट बिजली आपूर्ति का लक्ष्य रखा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच बिजली संकट से निपटने के लिए योगी सरकार ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। ऊर्जा विभाग ने इस वर्ष पीक डिमांड को ध्यान में रखते हुए लगभग 34,000 मेगावाट बिजली उपलब्ध कराने की रणनीति तैयार की है, जिससे उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

ऊर्जा विभाग के मुताबिक अप्रैल से सितम्बर के बीच बिजली की मांग में तेज बढ़ोतरी होती है। इस वर्ष जून में पीक डिमांड करीब 33,375 मेगावाट तक पहुंचने का अनुमान है, जबकि मई और जुलाई में यह 31 से 32 हजार मेगावाट के बीच रह सकती है। बढ़ती मांग को देखते हुए सभी नए थर्मल पावर प्लांट यूनिट्स को चालू कर दिया गया है। घाटमपुर, खुर्जा, पनकी, ओबरा और जवाहरपुर जैसी प्रमुख परियोजनाओं से उत्पादन शुरू



हो चुका है, जिससे राज्य की बिजली उत्पादन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

विशेष रूप से घाटमपुर परियोजना की तीसरी यूनिट 30 अप्रैल तक चालू होने की संभावना है, जिससे आपूर्ति और मजबूत होगी। पीक आवर्स में करीब 80 प्रतिशत बिजली की मांग पहले से किए गए लॉन्ग टर्म एमओयू के जरिए पूरी की जाएगी। इन माध्यमों से जरूरत के समय अतिरिक्त बिजली खरीदी जाएगी, जिससे आपूर्ति और मांग के बीच संतुलन बना रहेगा। इसके अलावा, अन्य राज्यों के साथ लगभग 4,663 मिलियन यूनिट बिजली की बैंकिंग व्यवस्था भी की गई है।

इससे आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त बिजली ली जा सकेगी और बाद में वापस की जाएगी। मुख्यमंत्री ने हाल ही में उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि बिजली आपूर्ति में किसी भी प्रकार की बाधा नहीं आनी चाहिए। इसके लिए नियमित मॉनिटरिंग बढ़ाई गई है। ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क को सुदृढ़ किया जा रहा है, वहीं ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में समान आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### आगामी खरीफ मौसम की तैयारियों को लेकर हुई उच्चस्तरीय समीक्षा

# संभावित अल नीनो के बावजूद किसान हित सर्वोपरि

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ **किसानों के हितों की रक्षा के लिए सभी आवश्यक प्रबंध समय रहते सुनिश्चित करें अधिकारी: चौहान**

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को कृषि क्षेत्र की वर्तमान स्थिति तथा आगामी खरीफ मौसम की तैयारियों की उच्चस्तरीय समीक्षा करते हुए कृषि सचिव और संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों को किसानों के हितों की रक्षा के लिए सभी आवश्यक प्रबंध समय रहते सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में मौसम पूर्वानुमान, जल उपलब्धता, फसलों की स्थिति, बीज एवं अन्य कृषि आदानों की व्यवस्था, राज्यों की तैयारियों तथा संभावित प्रतिकूल मौसम परिस्थितियों से निपटने की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। यहां जारी एक सरकारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। इसमें कहा गया है कि इस समीक्षा बैठक में सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार के किसान हित सर्वोपरि है और संभावित अल नीनो प्रभाव को लेकर सरकार तैयार है।

बैठक में बताया गया कि भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने वर्ष 2026 के दक्षिण-पश्चिम मानसून के सामान्य से कम रहने की संभावना व्यक्त की है और मौसमी वर्षा देशभर में दीर्घकालीन औसत के लगभग 92 प्रतिशत रहने का अनुमान है। साथ ही यह भी संकेत दिया गया है कि मानसून सीजन के दौरान अल नीनो की स्थिति विकसित हो सकती है, हालांकि अंतिम आकलन मई के अंत में जारी होगा। चौहान ने समीक्षा के दौरान स्पष्ट किया कि मौसम संबंधी पूर्वानुमान को गंभीरता से लेते हुए सरकार पूरी तैयारी के साथ आगे बढ़ रही है और किसानों को किसी प्रकार की चिंता की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों के समन्वित प्रयास, बेहतर जल प्रबंधन और सिचाई सुविधाओं के विस्तार के कारण संभावित चुनौतियों का प्रभाव काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। बैठक में यह महत्वपूर्ण तथ्य सामने रखा गया कि वर्तमान समय में देश के जलाशयों का जलस्तर संतोषजनक स्थिति में है और समग्र भंडारण सामान्य से बेहतर है।

### उप्र के किसानों से 20 लाख टन आलू खरीद को केंद्रीय कृषि मंत्री की मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को उत्तर प्रदेश में 20 लाख टन आलू की खरीद को हरी झंडी दे दी। उन्होंने 'बाजार हस्तक्षेप योजना' (एमआईएस) के अंतर्गत वर्ष 2025-26 के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के इस संबंध में आए प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की। एक सरकारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। इसमें कहा गया है कि उत्तर प्रदेश में आलू की खरीद 6,500-90 रुपये प्रति टन के बाजार हस्तक्षेप मूल्य पर की जाएगी। इस योजना में भारत सरकार का संभावित अंश 203.15 करोड़ रुपये रहेगा। इस कदम से उत्तर प्रदेश के आलू उगाने वाले किसानों को सही दाम मिलने में सहायता मिलेगी और उन्हें अपनी उपज औने-पौने दाम पर बेचने की मजबूरी से राहत मिलेगी।

# सहायक प्रोफेसर भर्ती परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त इंतजाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग ने असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। यह परीक्षा 18 और 19 अप्रैल को प्रदेश के छह जिलों में चार पालियों में आयोजित की जा रही है।

आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार परीक्षा आगरा, मेरठ, लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी और गोरखपुर के कुल 53 केंद्रों पर हो रही है। 33 विषयों के 910 पदों के लिए अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। आयोग के अध्यक्ष डा. प्रशांत कुमार ने परीक्षा व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा करते हुए अधिका. रियों को पारदर्शी, निष्पक्ष और सुरक्षित परीक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। परीक्षा केंद्रों के कक्षों एवं महत्वपूर्ण स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिन्हें संबंधित जनपदों तथा आयोग के कंट्रोल रूम से जोड़ा गया है। परीक्षा की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए प्रत्येक जनपद में आयोग के सदस्यों को प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। इनमें गोरखपुर में डा. कृष्ण चंद्र वर्मा, प्रयागराज में डा. हरेंद्र कुमार राय तथा वाराणसी में विमल कुमार विश्वकर्मा समेत अन्य सदस्य शामिल हैं।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

# आधार की फोटोकॉपी का झंझट खत्म अब बिना इंटरनेट होगा पहचान सत्यापन

**कानपुर, वार्ता**

■ **क्यूआर कोड, ई-आधार या आधार एप के जरिये अपनी पहचान तुरंत और सुरक्षित तरीके से सत्यापित करा सकेगा, बिना इंटरनेट कनेक्शन के**

पहचान सत्यापन की प्रक्रिया अब पूरी तरह बदलने जा रही है। आधार ऑफलाइन वेरिफिकेशन व्यवस्था के तहत अब किसी भी संस्थान में पहचान के लिए आधार की फोटोकॉपी देने या ओटीपी का इंतजार करने की जरूरत नहीं रहेगी।

व्यक्ति अब केवल क्यूआर कोड, ई-आधार या आधार ऐप के जरिए अपनी पहचान तुरंत और सुरक्षित तरीके से सत्यापित करा सकेगा, वह भी बिना इंटरनेट कनेक्शन के। इस नई व्यवस्था में सबसे अहम बात यह है कि आधार धारक को अपनी पूरी जानकारी साझा नहीं करनी पड़ती। सत्यापन पूरी तरह उसकी सहमति पर आधारित होता है और वह केवल आवश्यक जानकारी ही साझा करता है। इससे डेटा पर उसका नियंत्रण बना रहता है और दुरुपयोग की आशंका कम हो जाती है। ऑफिस, होटल और सोसायटी गेट पर क्यूआर कोड स्कैन से एंट्री का उद्देश्य केवल सुविधा नहीं, बल्कि सुरक्षा को मजबूत करना है। अब किसी व्यक्ति द्वारा दिखाया गया आधार दस्तावेज असली है या नहीं, इसकी पुष्टि मौके पर ही की जा सकेगी। क्यूआर कोड स्कैन करते ही उसमें मौजूद जानकारी यूआईडीएआई के डिजिटल सिग्नेचर से मिलान की जाती है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि दस्तावेज फर्जी नहीं है और उसमें कोई छेड़छाड़ नहीं हुई है। इस प्रक्रिया में इंटरनेट की जरूरत नहीं होती और न ही पूरा आधार नंबर साझा करना पड़ता। केवल आवश्यक जानकारी के आधार पर पहचान की पुष्टि हो जाती है, जिससे फर्जी दस्तावेजों के इस्तेमाल पर प्रभावी रोक लगेगी। सरकारी दफ्तरों, डेटा सेंटर और अन्य संस्थानों में प्रवेश के लिए अब डिजिटल सत्यापन का उपयोग किया जा सकेगा। क्यूआर स्कैन और आधार ऐप के जरिए पहचान की पुष्टि की जाएगी और आवश्यकता होने पर फेस वेरिफिकेशन से व्यक्ति की मौजूदगी भी सुनिश्चित की जा सकेगी। रेजिडेंशियल सोसायटी में अतिथि, डिलीवरी कर्मी और घरेलू सहायकों की एंट्री अब अधिक भरोसेमंद तरीके से दर्ज की जा सकेगी। पारंपरिक तरीके से केवल पहचान पत्र देखने की बजाय अब डिजिटल सत्यापन से पहचान की पुष्टि होगी। नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनियों और अन्य वित्तीय संस्थानों में ग्राहक सत्यापन की प्रक्रिया तेज और सुरक्षित होगी। डिजिटल सिग्नेचर आधारित आधार डेटा के जरिए तुरंत पहचान की पुष्टि की जा सकेगी, जिससे मैनुअल जांच और अतिरिक्त दस्तावेजों की जरूरत कम होगी।

आधार ऑफलाइन वेरिफिकेशन व्यवस्था आधार धारक, सत्यापन करने वाली संस्था और यूआईडीएआई पर आधारित है। आधार धारक अपनी सहमति से जानकारी साझा करता है, संस्थाएं उसका सत्यापन करती हैं और यूआईडीएआई पूरी प्रक्रिया के लिए तकनीकी व कानूनी ढांचा उपलब्ध कराता है। इस व्यवस्था की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें इंटरनेट कनेक्शन की आवश्यकता नहीं होती।

# चावल, गेहूं नरम, चीनी मजबूत, दालों, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल का औसत भाव टूट गया। चावल के साथ गेहूं भी सस्ता हुआ। वहीं चीनी में तेजी रही जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख देखा गया।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत सात रुपये घटकर 3,843 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं भी 11 रुपये सस्ता हुआ और 2,770 रुपये प्रति लक्वटल बोला गया। आटे की कीमत चार रुपये बढ़ गई। दाल-दलहनों में उतार-चढ़ाव नजर आया। मूंग दाल औसतन 29 रुपये और उड़द दाल 25 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मसूर दाल की कीमत 20 रुपये टूट गई। तुअर दाल 12 रुपये और चना दाल सात रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल की औसत कीमत 159 रुपये और पाम ऑयल की 31 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गयी। वनस्पति 71 रुपये और सूरजमुखी तेल 55 रुपये महंगा हुआ। सोया तेल की कीमत 53 रुपये और सरसों तेल की 45 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 27 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। चीनी भी छह रुपये महंगी हुई।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7689.48 रुपये, मसूर काली 8062.03 रुपये, मूंग दाल 10200-10 रुपये, उड़द दाल 10841.55 रुपये, तुअर दाल 11262.65 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2769.83 रुपये और चावल 3843.22 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3269.73 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4308.70 रुपये और गुड़ 5024.28 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। खाद्य तेल: सरसों तेल 17921.52 रुपये, मूंगफली तेल 18697.83 रुपये, सूरजमुखी तेल 17530.13 रुपये, सोया तेल 14923.28 रुपये, पाम ऑयल 13389.58 रुपये और वनस्पति 14910.15 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**महिला आरक्षण...**

थी। वह नारी के स्वाभिमान पर उसके आत्म सम्मान पर चोट थी। और नारी सब भूल जाती है, अपना अपमान कभी नहीं भूलती। इसलिए संसद में कांग्रेस के उसके सहयोगियों के व्यवहार की कसक, हर नारी के मन में हमेशा रहेगी। देश की नारी जब भी अपने क्षेत्र में इन नेताओं को देखेगी, तो वह याद करेगी कि इन्हीं लोगों ने संसद में महिला आरक्षण को रोकने का जश्न मनाया था, खुशियां मनाई थीं। कल नारी शक्ति वंदन विधेयक का जिन लोगों ने विरोध किया है, उनसे मैं दो टूक कहूंगा कि ये लोग नारी शक्ति को फार ग्रांटेड ले रहे हैं। वे ये भूल रहे हैं कि 21वीं सदी की नारी देश की हर घटना पर नजर रख रही है। वह उनकी मंशा भांप रही है और सच्चाई भी भली-भांति जान चुकी है। महिला आरक्षण विधेयक का विरोध कर के विपक्ष ने जो पाप किया है, उसकी सजा उन्हें जरूर मिलेगी। इन दलों ने संविधान निर्माता की भावनाओं का भी अपमान किया है। और जनता द्वारा इसकी सजा से भी वे बच नहीं पाएंगे। ये महिलाएं देश की सेवा करना चाहती है, लेकिन परिवारवादियों के भीतर उनसे असुरक्षा की भावना बैठी है। परिसीमन के बाद महिलाओं का कद बढ़ता इसलिए उन्होंने बिल का विरोध किया। देश की नारी शक्ति कांग्रेस और उसके साथी दलों के लिए पाप के लिए माफ नहीं करेगी। कांग्रेस और उसके साथी दल परिसीमन पर लगातार झूठ बोल रहे हैं। ये इस बहाने विभाजन की आग को सुलगाना चाहते हैं। कांग्रेस, सपा, डीएमके और टीएमसी हर बार वही बहाने, वही कुतर्क गढ़ते आए हैं। कोई न कोई तकनीकी पेच फंसाकर ये महिलाओं के अधिकारों पर डाका डालते रहे हैं। देश राजनीति का यह भद्दा पैटर्न बराबर समझ चुका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये बिल सभी दलों और राज्यों के लिए एक मौका था। एक अवसर था ये बिल पास होता तो बंगाल, यूपी, केरल सभी राज्य की सीटें बढ़तीं। इन लोगों ने अपने राज्यों को धोखा दिया। डीएमके के पास मौका था और ज्यादा लोागें को सांसद विधायक बना सकती थी लेकिन उसने मौका खो दिया। मोदी ने कहा कि टीएमसी के पास भी बंगाल के लोगों को आगे बढ़ाने का मौका था, लेकिन गंवा दिया। सपा भी महिला विरोध होने के छवि के दाग को कम करने के मौके से चूक गई। सपा ने बिल का विरोध करके लोहिया जी के सपनों को पैरों तले रौंद दिया।

पीएम ने कहा कि कांग्रेस ने फिर एक बात साबित कर दिया कि कांग्रेस एक एंटी रिफार्म पार्टी है। कांग्रेस 21वीं सदी के भारत के निर्माण के लिए सभी फैसलों को खारिज कर देती है। यही कांग्रेस का इतिहास है। यह उनकी निगेटिव पालिटिक्स है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये महिलाएं देश की सेवा करना चाहती हैं, लेकिन परिवारवादियों के भीतर असुरक्षा की भावना बैठी है। परिसीमन के बाद महिलाओं का कद बढ़ता इसलिए उन्होंने बिल का विरोध किया। देश की नारी शक्ति कांग्रेस और उसके साथी दलों के लिए पाप के लिए माफ नहीं करेगी। पीएम ने कहा कि कांग्रेस और उसके साथी दल परिसीमन पर लगातार झूठ बोल रहे हैं। ये इस बहाने विभाजन की आग को सुलगाना चाहते हैं। ये 'बांटों और राज करो' की पॉलिटिक्स अंग्रेजों से विरासत में लेकर आई है।

# बूथ कमेटियों को मजबूत करने का अभियान चलाएगी सपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ **उप्र में 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए पार्टी की बड़ी तैयारियां**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए समा. जवादी पार्टी ने व्यापक स्तर पर वोटर जोड़ने का अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है। एसआईआर के बाद सपा में शुरू हो रही इस क़वायद को चुनावी लिहाज से काफी अहम माना जा रहा है। सपा मुखिया अखिलेश यादव खुद समय समय पर इस प्रक्रिया की मॉनिटरिंग करेंगे।

सूत्रों के मुताबिक़ पार्टी का लक्ष्य है कि कोई भी समर्थक मतदाता वोट देने से वंचित न रह जाए। इसके लिए कार्यकर्ता घर-घर जाकर न सिर्फ नए मतदाताओं का पंजीकरण कराएंगे, बल्कि गलत या अप्रासंगिक नामों को सूची से हटवाने का भी काम करेंगे। पार्टी नेतृत्व की ओर से सभी बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) और बूथ कमेटियों को इस संबंध में स्पष्ट निर्देश जारी कर दिए गए हैं। खासतौर पर उन बूथों पर फोकस रहेगा, जहां सपा की स्थिति मजबूत मानी जाती है। हर बूथ पर 10-12 कार्यकर्ताओं की टीम बनाई गई है, जिन्हें घर-घर जाकर सर्वे की जिम्मेदारी दी गई है, ताकि कोई भी पात्र मतदाता छूट न जाए। निर्वाचन आयोग द्वारा स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) प्रक्रिया पूरी होने के बाद जारी की गई अंतिम मतदाता सूची में करीब 13-40 करोड़ मतदाताओं के नाम शामिल हैं। हालांकि इस प्रक्रिया के दौरान प्रदेश में करीब 2.04 करोड़ मतदाता सूची से कम हो गए हैं, जिसे लेकर राजनीतिक दल सक्रिय हो गए हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार एक बूथ पर औसतन 900 से 1200 मतदाता होते हैं। ऐसे में यदि एक कार्यकर्ता 100 घरों तक भी पहुंचता है, तो बड़ी संख्या में छूटे हुए या गलत प्रविष्टियों वाले मतदाताओं की पहचान संभव है। सपा ने प्रदेश के 1.62 लाख बूथों में से 1.60 लाख बूथों पर अपने बीएलए तैनात कर दिए हैं। अभियान को प्रभावी बनाने के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, संभावित प्रत्याशियों और पूर्व सांसदों-विधायकों को भी मैदान में उतारा जाएगा।

# संघीय ढांचे को कमजोर करने का प्रयास था नारी शक्ति संशोधन बिल: अजय राय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** संसद में नारी शक्ति अधिनियम संशोधन बिल के गिरने के बाद राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए इसे लोकतंत्र और संविधान पर हमला बताया है।

अजय राय ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने देश की आधी आबादी को ढाल बनाकर परिसीमन लागू करने की कोशिश की, जो लोकतंत्र, संविधान और संघीय ढांचे को कमजोर करने का प्रयास था। उन्होंने दावा किया कि विपक्षी गठबंधन ने इस रणनीति को समय रहते समझ लिया, जिसके चलते संविधान संशोधन बिल संसद में गिर गया। कांग्रेस नेता ने कहा कि मोदी-शाह अपनी राजनीतिक छवि चमकाने के लिए लोकतांत्रिक संस्थाओं को नुकसान पहुंचाने पर उतारू थे, लेकिन उनकी यह कोशिश विफल हो गई। उन्होंने मांग की कि



केंद्र सरकार देश से माफी मांगे, क्योंकि महिला आरक्षण बिल को तीन साल पहले सर्वसम्मति से पारित होने के बावजूद विवादित बना दिया गया। अजय राय ने यह भी आरोप लगाया कि 2023 में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम को अब तक कानून के रूप में अधिसूचित नहीं किया गया, जबकि इस दौरान लोकसभा चुनाव भी संपन्न हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि इससे सरकार की मंशा पर सवाल खड़े होते हैं और यह जनता को गुमराह करने जैसा है। उन्होंने आशंका जताई कि यदि भाजपा को 400 सीटें मिल जातीं, तो महिला आरक्षण को लागू नहीं किया जाता।

CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :39°C
न्यूनतम : 20°C

मुजफ्फरनगर, रविवार 19 अप्रैल 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 91 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | बैसाख शुक्ल पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2083 | 30 शव्वाल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



एसआईआर प्रक्रिया असवैधानिक और लोकतंत्र का मखौल: एसवाई कुरैशी पेज 2



दिल्ली ने बेंगलुरु को रोमांचक मुकाबले में हराया खेल टाइम्स



अफ्रीका के रास्ते मिडिल ईस्ट जा रहा अमेरिकी वॉरशिप, हमले के डर से रास्ता बदला पेज 11



रश्मिका ले रहीं मार्शल आर्ट्स की ट्रेनिंग बॉलीवुड

# महिला आरक्षण बिल पर माफी मांगता हूं: पीएम

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ प्रधानमंत्री ने कहा: जिन लोगों ने आधी आबादी का अधिकार छीना, उन्हें इस पाप की सजा मिलेगी

■ नारी अपमान नहीं भूलती, परिवारवादी पार्टियां डर गईं, करोड़ों महिलाओं की नजर संसद पर थी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को महिला आरक्षण पर देश को 30 मिनट संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इस बिल में संशोधन नहीं हो पाया। मैं सभी माताओं-बहनों से माफी मांगता हूं। उन्होंने कहा कि मेरे लिए देशहित सर्वोपरि है, जब कुछ लोगों के लिए दल हित सबकुछ हो जाता है, दल हित देश हित से बड़ा हो जाता है, तो नारी शक्ति को ही इसका खामियाजा उठाना पड़ता है।

पीएम ने कहा कि कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके जैसे विपक्षी दल इस भ्रूणहत्या के गुनहगार हैं। ये देश के संविधान के अपराधी हैं। नारी शक्ति के अपराधी हैं। जिन लोगों ने आधी आबादी का अधिकार छीना, उन्हें इस पाप की सजा मिलेगी। लोकसभा में शुक्रवार को महिला आरक्षण से जुड़ा संविधान (131वां संशोधन) बिल पास नहीं हो सका था। पीएम ने कहा कि विपक्ष ने जश्न मनाया, मेजें थपथपाईं, महिलाओं के सपने को कुचल दिया, आज भारत का हर नागरिक देख रहा है कि कैसे भारत की नारी शक्ति की उड़ान को रोक दिया गया। उनके सपनों को बेरहमी से कुचल दिया गया। कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी और समाजवादी पार्टी जैसे दलों की स्वार्थी राजनीति का नुकसान देश की नारी शक्ति को उठाना पड़ा है। कल देश की करोड़ों महिलाओं की नजर संसद पर थी। देश की नारी शक्ति देख रही थी। मुझे भी ये देखकर बहुत दुख हुआ कि जब ये नारी हित का प्रस्ताव गिरा तो कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी, सपा जैसी परिवारवादी पार्टियां खुशी से तालियां बजा रही थीं। महिलाओं से उनके अधिकार छीनकर ये लोग मेजें थपथपा रहे थे। कल विपक्ष ने जो भी किया वह केवल टेबल पर थाप नहीं -शेष पृष्ठ दो पर

# ट्रम्प की धमकी के बाद ईरान ने फिर बंद किया होर्मुज

## सामरिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण होर्मुज स्ट्रेट, अब फिर से सख्त ईरानी सैन्य नियंत्रण में वापस आया

तेहरान, वार्ता

**ईरान ने शनिवार** को एक बड़ा ऐलान करते हुए कहा है कि सामरिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण होर्मुज स्ट्रेट अब फिर से पुरानी स्थिति यानी सख्त सैन्य नियंत्रण में वापस आ गया है। ईरान ने यह फैसला अमेरिका की ओर से ईरानी बंदरगाहों की लगातार की जा रही घेराबंदी के जवाब में लिया है।

तेहरान ने पहले इस जलमार्ग को फिर से खोलने की घोषणा की थी। ईरानी सरकारी मीडिया इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टिंग (आईआरआईबी) ने इस संबंध में जानकारी दी है। ईरान के सेंट्रल हेडक्वार्टर ऑफ द होली प्राफेट के प्रवक्ता के हवाले से बताया गया कि तेहरान ने पहले सद्भावना दिखाते हुए बातचीत के बाद तेल टैंकरों और व्यापारिक जहाजों को इस रास्ते से सीमित और प्रबंधित तरीके से गुजरने की अनुमति देने पर सहमति जताई थी। हालांकि, प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि अमेरिका ने अपने वादों को बार-बार तोड़ा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका घेराबंदी लागू करने के बहाने समुद्री डकैती और लूटपाट जैसी गतिविधियों में शामिल रहा है। इसी वजह से ईरान ने अब अपना रुख कड़ा कर लिया है। बयान में साफ कहा गया है कि होर्मुज स्ट्रेट पर अब नियंत्रण फिर से सख्त कर दिया गया है और यह पूरा जलमार्ग अब ईरान के सशस्त्र बलों के सीधे प्रबंधन और नियंत्रण में रहेगा। ईरान ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि वर्तमान स्थिति तब तक जारी रहेगी जब तक अमेरिका ईरानी जहाजों के लिए आवाजाही की पूर्ण स्वतंत्रता सुनिश्चित नहीं कर देता। यह तनाव तब और बढ़ गया जब डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट साझा की। ट्रम्प ने घोषणा की कि ईरानी बंदरगाहों की अमेरिकी नौसैनिक घेराबंदी तब तक पूरी ताकत के साथ जारी रहेगी जब तक तेहरान के साथ कोई व्यापक शांति समझौता या लेनदेन 100 प्रतिशत पूरा नहीं हो जाता। ट्रम्प ने यह भी कहा कि उन्हें उम्मीद है कि यह प्रक्रिया बहुत तेजी से पूरी होगी। ट्रम्प के इस बयान पर ईरान की संसद के अध्यक्ष एमबी गालिबाफ ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने सोशल मीडिया पर ट्रम्प की आलोचना करते हुए कहा कि होर्मुज स्ट्रेट के माध्यम से होने वाली हर समुद्री गतिविधि पर तेहरान का कड़ा नियंत्रण रहेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जहाजों को केवल ईरान के तय किए गए रास्तों से और उसकी मंजूरी मिलने के बाद ही गुजरने दिया जाएगा।



### अमेरिका-ईरान युद्धविराम आगे नहीं बढ़ाया जा सकता: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के साथ चल रहे युद्धविराम को लेकर बड़ा संकेत दिया है। उन्होंने कहा है कि मौजूदा युद्धविराम को आगे बढ़ाया भी जा सकता है और नहीं भी, यह पूरी तरह हालात पर निर्भर करेगा। ट्रम्प ने कहा कि अगर तय समय तक कोई समझौता नहीं होता है, तो युद्धविराम को आगे बढ़ाने की संभावना कम हो सकती है।

### होर्मुज में भारतीय जहाजों पर IRGC की गोलीबारी

■ भारतीय जहाजों को अपना रास्ता बदलकर वापस लौटना पड़ा, भारत में ईरानी राजदूत को तलब किया गया

**काहिरा/नई दिल्ली।** होर्मुज स्ट्रेट में एक बार फिर तनाव चरम पर पहुंच गया है। ईरान की ओर से कथित गोलीबारी के बाद भारतीय जहाजों को अपना रास्ता बदलकर लौटना पड़ा। यह घटना ऐसे समय सामने आई है जब कुछ ही दिन पहले इस अहम समुद्री मार्ग को अस्थायी रूप से खोला गया था। इस पूरे घटनाक्रम ने वैश्विक तेल सप्लाई, समुद्री सुरक्षा और क्षेत्रीय स्थिरता को लेकर गंभीर चिंता खड़ी कर दी है।

जानकारी के अनुसार, दो भारतीय जहाज जग अर्नव और सन्मार हेराल्ड इस घटना में शामिल थे। इनमें से जग अर्नव, जो लगभग 20 लाख बैरल इराकी कच्चा तेल लेकर जा रहा था, पर फायरिंग की गई। दूसरा जहाज पास में मौजूद था, लेकिन उसे निशाना नहीं बनाया गया। घटना के बाद दोनों जहाजों ने होर्मुज स्ट्रेट से वापस लौटने का फैसला लिया। मामले में भारत ने सख्त रुख अपनाया है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, इस घटना को लेकर भारत ने ईरान के राजदूत को तलब किया है और कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। सूत्रों के अनुसार, दो भारतीय झंडे वाले जहाजों पर फायरिंग की खबर के बाद भारत ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। सरकार ने ईरान से इस घटना पर स्पष्टीकरण मांगा है और समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। ब्रिटेन की समुद्री एजेंसी ने बताया कि ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड से जुड़ी दो गनबोट्स ने ओमान के उत्तर-पूर्व में एक टैंकर पर गोलीबारी की।







# मूंगफली के कारोबार के चलते हड़पे लाखों रुपये

**बुढ़ाना।** मूंगफली के कारोबार के चलते एक युवक ने मूंगफली विक्रेता के एक लाख रुपये से भी ज्यादा की नगदी हड़प कर ली। कस्बा पुलिस ने पीड़ित की पीड़ा सुनने के बजाए उसको भी आरोपी के साथ शांति भंग की धाराओं मेंघ जेल भेज दिया। अब पीड़ित अपने रुपये दिलाए जाने की मांग को लेकर आज तहसील दिवस मे उच्च अधिकारियों से मिला और न्याय की गुहार लगाई। मिली जानकारी के अनुसार राहुल पुत्र बीर सिंह निवासी बुढ़ाना ने बताया कि वह दुकानदारी का कार्य करता है। उसका जीएसटी नंबर राधे ट्रेडिंग कम्पनी बुढाना के नाम से संचालित है। वह नितिन पुत्र जोगेन्द्र कश्यप निवासी रामछैल तिराहा बुढाना को मूंगफली के सीजन में मूंगफली देता रहता था तथा पैसे का लेन देन भी ठीक प्रकार से चल रहा था। उसने नितिन को एक लाख साढ़े 14 हजार रूपये की मूंगफली दी थी लेकिन नितिन के मन में बदनीयती आ गयी और उसके रुपये नही देने का फैसला कर लिया। बीती 26 मार्च को उसने नितिन से अपने रुपये मांगे तो नितिन ने कहा कि वह घर चलकर उसके रूपये दे देगा। तब नितिन उसे अपने घर लेकर आ गया। तभी नितिन ने अपने परिवार को फोन पर सारी बाते बतायी।

इस बात पर नितिन के परिजनों ने पुलिस चौकी पर मौखिक रूप से नितिन के अपहरण की झूठी सूचना दी। सूचना मिलने पर उसके फोन पर चौकी प्रभारी का फोन गया तो वह नितिन को चौकी पर लेकर स्वयं आ गया। जिसमे चौकी प्रभारी द्वारा नितिन और उसका शांति भंग की धाराओं में चालान कर दिया गया। तब उसने अपनी जमानत करा ली। उसने बीती 02 अप्रैल को नितिन से फिर अपने रुपयों की मांग की तो नितिन व उसके परिजनों ने पैसे देने से साफ इंकार कर दिया और ये भी एलानिया कह दिया कि यदि तूने पैसे की मांग की तो अबकी बार तुझे किसी भी झूठे मुकदमे में जेल मे भिजवाकर दम लेंगे। हमारी पहुंच बहुत दूर तक है। उसने इस बात की शिकायत बुढ़ाना कोतवाली और सीओ आफिस को भी लेकिन उसकी कोई भी मदद बुढ़ाना पुलिस ने नहीं की। पीड़ित ने अपनी रकम एसएसपी से दिलाए जाने की मांग की है।



# तकनीकी ज्ञान, नवाचार और स्टार्टअप संस्कृति का शानदार संगम

**मुजफ्फरनगर।** भगवंत इंस्टीटयूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी) में आयोजित ए.आई समिट 2026 के दूसरे दिन तकनीकी ज्ञान, नवाचार और स्टार्टअप संस्कृति का शानदार संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें देशभर के शिक्षाविदों और तकनीकी विशेषज्ञों ने भाग लिया।

मुख्य वक्ता प्रोफेसर नीलेंद्र बादल ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग के मूल सिद्धांतों को विस्तार से समझाते हुए डेटा, एल्गोरिद्म और मॉडल ट्रेनिंग की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने सुपरवाइज्ड, अनसुपरवाइज्ड और रिइनफोर्समेंट लर्निंग, न्यूरल नेटवर्क, नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग और कंप्यूटर विजन जैसे विषयों को सरल उदाहरणों से स्पष्ट किया। साथ ही डेटा प्री-प्रोसे. सिंग, फीचर इंजीनियरिंग और मॉडल मूल्यांकन की महत्वपूर्ण तकनीकों पर भी चर्चा की।

दूसरे सत्र में प्रोफेसर क्षितिज सिंहल ने ए.आई उद्यमिता पर विचार रखते हुए छात्रों को स्टार्टअप इकोसिस्टम, बिजनेस मॉडल, फंडिंग और इनोवेशन मैनेजमेंट के बारे में जानकारी दी। उन्होंने प्रेडिक्टिव एनालिटिक्स, ऑटोमेशन, क्लाउड कंप्यूटिंग और मॉडल के महत्व के साथ डेटा प्राइवेसी और एथिकल ए.आई पर भी जोर दिया। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन डॉ. अनिल सिंह ने ए.आई लीडरशिप अवॉर्ड्स से डॉ. अजय कुमार शर्मा, डॉ. अंकित पांडे, डॉ. धर्मेंद्र सिंह शेखावत और अरुण कुमार मिश्रा को सम्मानित किया। कार्यक्रम में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विशेषज्ञों से संवाद किया और करियर, रिसर्च व तकनीकी ट्रेंड्स की जानकारी प्राप्त की। आयोजकों ने सभी सहयोगियों का आभार जताया और भविष्य में ऐसे आयोजनों को जारी रखने की बात कही।



# मौलाना मूसा कासमी बने जमीयत सद्भावना मंच यूपी के प्रदेश संयोजक

**चरथावल।** क्षेत्र के ग्राम नंगला राई निवासी मौलाना मुहम्मद मूसा कासमी को जमीयत उलेमा उत्तर प्रदेश द्वारा बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें जमीयत सद्भावना मंच उत्तर प्रदेश का प्रदेश संयोजक (स्टेट कन्वीनर) नियुक्त किया गया है।इस संबंध में लखनऊ स्थित जमीयत कार्यालय से आधिकारिक नियुक्ति पत्र जारी किया गया। पत्र में कहा गया है कि वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों को देखते हुए आपसी भाईचारा, धार्मिक सौहार्द और विभिन्न वर्गों के बीच संवाद को मजबूत करना समय की प्रमुख आवश्यकता है। इसी उद्देश्य से जमीयत उलेमा-ए-हिंद के रचनात्मक कार्यक्रमों के तहत हजमीयत सद्भावना मंच का गठन किया गया है।मंच का मुख्य उद्देश्य समाज में एकता, सद्भाव और आपसी सहयोग की भावना को बढ़ावा देना है। संगठन ने प्रदेश स्तर पर मंच की गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने, जिला इकाइयों में समन्वय स्थापित करने और कार्यों के विस्तार के लिए सक्षम नेतृत्व की आवश्यकता जताई थी। प्रदेश अध्यक्ष मुफ्ती सैयद मोहम्मद अफ्फान मंसूरपुरी ने मौलाना मूसा कासमी के संगठनात्मक अनुभव, सामाजिक सक्रियता और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है।नियुक्ति पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि सद्भावना मंच की आगामी कार्ययोजना और प्रदेश संयोजक की जिम्मेदारियों को लेकर शीघ्र ही विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे, जिसके बाद प्रदेशभर में मंच की गतिविधियों को गति दी जाएगी।



# आउटरीच कार्यक्रम में ग्राहकों को मिली ऋण योजनाओं की जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** ग्राहकों को बैंक की रिटेल ऋण योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से पंजाब नेशनल बैंक की बुढ़ाना शाखा में शनिवार को मेगा रिटेल आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कस्बे व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने भाग लिया व आवास ऋण, वाहन ऋण, शिक्षा ऋण और व्यक्तिगत ऋण जैसी योजनाओं की विस्तार से जानकारी प्राप्त की।

कई पात्र ग्राहकों के ऋण आवेदन मौके पर ही स्वीकृत किए गए। इस कार्यक्रम का शुभारंभ हैड आफिस से आए डीजीएम प्रिय रंजन द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान सर्किल हैड डीजीएम राजेंद्र सिंह पॉल ने ग्राहकों को पीएनबी की विभिन्न रिटेल उत्पादों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि बैंक द्वारा आवास ऋण पर आकर्षक ब्याज दर, न्यूनतम प्रोसेसिंग शुल्क और त्वरित स्वीकृति की सुविधा दी जा रही है। वहीं वाहन ऋण के तहत कार, दोपहिया और वाणिज्यिक वाहनों के लिए आसान किस्तों पर लोन उपलब्ध है। शिक्षा ऋण व व्यक्तिगत ऋण की प्रक्रिया को भी सरल बनाया गया है ताकि आमजन को आसानी से लाभ मिल सके। मेगा कैंप की खास बात ये रही कि जरूरी दस्तावेज लेकर पहुंचे कई ग्राहकों के आवास, वाहन और व्यक्तिगत ऋण के आवेदन मौके पर ही प्रोसेस कर सैद्धांतिक स्वीकृति पत्र जारी किए गए। डीवाई सर्कल हैड आरएल दास ने ग्राहकों के सिविल स्कोर की जांच कर उन्हें ऋण पात्रता के बारे में तुरंत जानकारी दी। इससे ग्राहकों में काफी उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में ग्राहकों को पीएनबी वन ऐप, इंटरनेट बैंकिंग, यूपीआई, डिजिटल एपीवाई व एसएसवाई खाता खोलने की प्रक्रिया भी समझाई गई। चीफ मैनेजर प्रवेशघ कुमार ने साइबर फॉड से बचने के उपाय बताते हुए कहा कि ग्राहक अपना ओटीपी, सीवी व पासवर्ड किसी के साथ साझा न करें। स्थानीय शाखा के सीनियर ब्रांच मैनेजर अंकुर कुमार ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर यह मेगा रिटेल आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसका उद्देश्य ग्राहकों और बैंक के बीच की दूरी को कम करना और उन्हें एक ही छत के नीचे सभी बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समस्त स्टाफ व ग्राहकों का आभार जताया। यहां ब्रांच मैनेजर शाहपुर राकेश मिश्रा, बुढाना ईओबीसी ब्रांच मैनेजर सुचित यादव, बिट्टू सेन, विनोद बहोत, शाहबाज आदि लोग मौजूद थे।



# मानस्तम पर विराजित जिन प्रतिमाओं महामस्तकाभिषेक

**मुज़फ्फरनगर।** श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र वहलना रजि मुज़फ्फरनगर मे आचार्य श्री भारत भूषण महाराज जी के सानिध्य में मानस्तंभ के स्थापना दिवस की शुभ अवसर पर उसके अग्रभाग में विराजित श्री जिन प्रतिमाओ का मंगल महामस्तकाभिषेक। सर्वप्रथम प्रात: श्री जी का मंगल अभिषेक शांतिधारा तत्पश्चात मंगल धर्म ध्वजारोहण नरेंद्र कुमार जैन विपिन जैन संजय जैन राजीव जैन अभिषेक जैन नावला वाले पारस ज्डज द्वारा किया गया उसके बाद सभी मुख्य पात्रों डा पंकज जैन परिवार व नरेन्द्र जैन विपिन जैन संजय जैन राजीव जैन व मनोज जैन जैन एल जी वालो के अलावा काफी संख्या मे जैन श्रद्धालुओ द्वारा चारों दिशाओं में महामस्टकाभिषेक किया गया। वीरेन्द्र जैन द्वारा धार्मिक कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया।

मंच का संचालन रविंद्र जैन बजाज वहलना वाले द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य संयोजक विप्लव जैन ना नावला वाले आशीष जैन बसेड़ा वाले आशीष जैन ब नावला वाले का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में योगेश जैन विनेश जैन सुधीर जैन सुनील जैन परिवार द्वारा महाआरती की गई।पारितोषिक वितरण राकेश जैन दवारा किया गया। कार्यक्रम में समस्त प्रबंध कार्यकारिणी समिति अतिशय क्षेत्र वहलना का विशेष सहयोग रहा। अध्यक्ष राजेश कुमार जैन गर्ग डुप्लेक्स महामंत्री संजय जैन नावल वाले पारस टीएमटी कोषाध्यक्ष मनोज कुमार जैन जैन मिलन विहार नितिन जैन आदि सभी लोगों का सहयोग रहा।



# नामी बदमाशों का डर दिखाकर मांगी रंगदारी

## दुकानदार ने पुलिस से लगाई सुरक्षा की गुहार

**बुढ़ाना।** एक दुकानदार से मौहल्ले के ही एक युवक ने 2 नामी बदमाशों का डर दिखाते हुए रंगदारी में 10 लाख रुपयों की मांग की। उसके बाद आरोपी ने दुकान में रखा सामान भी लूट लिया। जिसका वीडियो भी वायरल होने की बात सामने आ रही है। इस मामले में उस समय और भी ज्यादा हद तब हो गयी जब आरोपी तहसील दिवस में उच्च अधिका. रियों के समक्ष पीड़ित की ही शिकायत लेकर पहुंच गया। मिली जानकारी के अनुसार मौहल्ले इसरार पुत्र समेदीन त्यागी निवासी मौहल्ला भटवाडा दक्षिणी बुढाना ने बतलाया कि उसके घर के सामने उसकी एक दुकान है। जिस पर उसका बडा भाई अनवार बैठता है।

अनवार मेहनत मजदूरी करके अपने बच्चों का पालन पोषण कर रहा है। भाई की दुकान पर इसी मौहल्ले का शिव कुमार पुत्र ब्रजलाल वर्मा सुबह करीब सवा 9 बजे आया और उसके भाई के साथ गाली गलोच कर 10 लाख रूपये की रंगदारी मांगी ओर बोला कि यदि तुझे उक्त दुकान पर काम करना है ओर अपने बच्चों की सलामती चाहता है तो मुझे 10 लाख रुपये दो। मेरे साथ दो बड़े नामी बदमाश भी हैं। हम तीनों तुम्हारे द्वारा दिये गये 10 लाख रूपये बांटेगे। यह धमकी देकर शिवकुमार मौके से चला गया। जिस कारण उसका भाई डर गया। उसके भाई ने डर के कारण कोई शिकायत कही भी दर्ज नहीं करायी। उसके भाई के द्वारा आरा. ेपी के खिलाफ कोई कार्यवाही न किये जाने के कारण उसके हौंसले बुलन्द हो गये हैं। बीते 18 अप्रैल को आरोपी ने उसके भाई पर रंगदारी का दबाव बनाने के लिए दुकान पर रखी पेटी में से सामान लूट लिया ओर उस पेटी को सड़क पर फेंक कर मारा और यह धमकी देकर गया है कि अगर मेरे खिलाफ कोई कानूनी कार्यवाही करने की कोशिश की तो पूरे परिवार को अंजाम भुगतना पड़ेगा। अब पीड़ित ने बुढ़ाना पुलिस के उच्च अधिकारियों से आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की गुहार लगाई है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम Rijwana Parveen से बदलकर Rizwana Parveen रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।
Rizwana Parveen
w/o Tabi Hassan
Village Bajheri,
Distt Muzaffarnagar

**सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र संख्या-9364/ 22.09.2014 में गलती से नाम मौ. अर्श दर्ज कराया गया था जबकि उसका वास्तविक नाम मौ. अर्श राईन है अब उसे भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा।
**आसिफ राईन**
**निवासी-274/1,**
**मीनाक्षी चौक, मुजफ्फरनगर**

# पांच दिवसीय बीएड स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश भारत स्काउट एवं गाइड प्रादेशिक प्रधान केंद्र लखनऊ एवं सहायक प्रादे. शिक संगठन कमिश्नर मेरठ एवं सहारनपुर मंडल अमित सैनी की अनुमति के अनुपालन में एवं ज़िला संस्था मुज़फ्फ़रनगर के तत्वाधान में पाँच दिवसीय बी. एड. स्काउट मास्टर गाइड कैप्टेन विशिष्ट परिचयात्मक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ डी.ए.वी पी.जी कॉलेज के अध्यापक शिक्षा विभाग में 16 अप्रैल 2026 को किया गया। शिविर के उद्घाटन के अवसर पर ध्वजारोहण के पश्चात मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्राचार्य प्रो योगेश कुमार त्यागी ने शिविरार्थियों को अनुशासित रहते हुए कठोर परिश्रम तथा लगन के साथ राष्ट्र निर्माण के लिए तत्पर रहने का आहवान किया। कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में प्रो सुषमा सैनी, समन्वयक भारत स्काउट्स एवं गाइड (रोवर / रेंजर) माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर ने छात्रों को जीवन में मानवीय मूल्यों को अपनाकर एक सच्चा मानव बनने पर बल दिया, विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो मुकेश चांद, ज़िला आयुक्त रोवर रेणु गर्ग ज़िला सहायक आयुक्त (गाइड) उपस्थित रहे।उद्घाटन सत्र की बेला पर विभागाध्यक्षा प्रो संगीता श्रीवास्तव ने समस्त अतिथियों का स्वागत करते हुए उनका आभार व्यक्त किया तथा शिविर में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को कर्म ही पूजा है के सिद्धांत पर चलने का संदेश दिया। छात्र-छात्राओं द्वारा इस अवसर पर देशभक्ति व प्रेरणादयी कविता एवं समूह गीत प्रस्तुत किये गए, कार्यक्रम का संचालन भारत भूषण अरोरा ज़िला संगठन आयुक्त स्काउट द्वारा किया गया। शिविर प्रशिक्षक के रूप में भारत भूषण अरोरा, प्रभा दहिया, श्रीमती रेणु गर्ग उपस्थित रहे इन्होंने आज शिविर में झंडा-गान, प्रार्थना नियम एवं प्रतिज्ञा, सलामी सिद्धांत व टोली का विभाजन आदि का प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर डॉ. रेखा रानी शिविर प्रभारी एवं तरूण कुमार उपस्थित रहे।शिविर को सफल बनाने में मुकेश यादव, अनिल सिंह, दलनायक अभिनव बालियान एवं दलनायिका मानसी धीमान का विशेष योगदान रहा।



# खड़े ट्रक से भिड़ी बाइक, बिजनौर निवासी युवक गंभीर रूप से घायल

**मीरापुर।** पानीपत-खटीमा मार्ग पर शुक्रवार देर शाम एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना गांव मुझेड़ा के पास उस समय हुई, जब बाइक सड़क किनारे खड़े एक ट्रक के पिछले हिस्से से जा टकराई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद बिजनौर के थाना क्षेत्र जमालपुर निवासी तरुण पुत्र सोहनबीर पानीपत से अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वह मीरापुर क्षेत्र में पानीपत-खटीमा मार्ग पर स्थित गांव मुझेड़ा के समीप टोल प्लाजा के पास पहुंचे, तभी अचानक उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तरुण गंभीर रूप से घायल हो गए और सड़क पर गिर पड़े। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को तत्काल उपचार के लिए भिजवाया। साथ ही पुलिस ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और बिना किसी कानूनी कार्रवाई के घायल को अपने साथ घर ले गए। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

# फलों के ठेले में युवक ने लगाई आग

**छपार।** बसेड़ा बस अडडे पर खड़े फलों के ठेले में एक युवक ने रात्रि में आग लगा दी जिससे अड्डे पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया किसी ने ठेले मालिक को सूचना दी उन्होंने अन्य लोगों की मदद से आग बुझाई। बसेड़ा में बरला भोकरहेडी मार्ग पर बाजार में सुफियान अपने पिता मोमीन के साथ ठेले पर फल बेचने का कार्य करता है। रात्रि में वे ठेले बाज़ार में ही खडा करके घर चले जाते हैं और फलों को भी साथ ले जाते हैं। शुक्रवार की रात्रि में लगभग साढ़े दस बजे गांव के ही सोयब ने ठेले में आग लगा दी। ठेले पर प्लास्टिक की केरेट रखी थी वे जलने लगी तो वहां मौजूद दुकानदारों में अफरातफरी मच गई। सुफियान को सूचना दी गई ओर सभी ने मिलकर आग बुझाई।पीड़ित ने दो अज्ञात व एक नामजद के विरुद्ध पुलिस चौकी में तहरीर दी है।

**सम्बन्ध विच्छेद**

मेरा पुत्र रोहित व पुत्रवधू अल्का मेरे व मेरे परिवार के साथ आये दिन गाली-गलौच मारपीट व दुर्व्यवहार करते रहते है तथा तरह-तरह से नुकसान पहुंचाते रहते है तथा मेरे व मेरे परिवार के साथ मिलकर रहने व सेवा करने से साफ इंकार कर दिया है इसलिए मैने व मेरे परिवार ने रोहित व उसकी पत्नी अल्का से अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है तथा मैने इन दोनों को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद रोहित व अल्का के किसी भी कृत्य, लेन-देन क्रय-विक्रय, वाद विवाद के लिए मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदार नहीं होगी। रोहित व अल्का स्वयं जिम्मेदार होंगे।
**जयप्रकाश पुत्र महावीर सैनी**
**निवासी ग्राम नरा थाना मन्सूरपुर**
**जिला-मुजफ्फरनगर**

**सम्बन्ध विच्छेद**

में श्रीमती सुशीला देवी पत्नी स्व. देविन्द्र सिंह निवासी ग्राम डूंगर हाल निवासी ग्राम भसाना तहसील बुढाना जिला मुजफ्फरनगर की निवासी हूं। मेरे पति देविन्द्र पुत्र पीतम सिंह की मौत हो गई है। मेरे परिवार में 2 पुत्र शिवा मलिक, सूर्य मलिक, 1 पुत्री शालू है। मैंने अपने तीनों बच्चों की शादी कर दी है। मेरा पुत्र शिवा अपने परिवार समेत मेरे से अलग रहता है। मेरे पुत्र शिवा का चाल चलन ठीक नही है। मेरा पुत्र शिवा मेरी सेवा नही करता। खूब समझाने पर भी मेरा पुत्र शिवा मानता नही। में उससे परेशान हूं। मैंने अपने पुत्र शिवा को उसके परिवार समेत अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी तरह के संबंध विच्छेद कर लिये हैं। अब मेरे पुत्र शिवा का मेरे व मेरे परिवार से कोई वास्ता नही है। न ही शिवा मेरी किसी भी तरह की सम्पत्ति में हिस्सेदार होगा। शिवा अपने द्वारा किये गये किसी अवैध वैध कार्य का जिम्मेदार खुद होगा। मेरी व मेरे परिवार की भविष्य में उसके सही गलत कार्यो के प्रति कोई जवाबदेही नही होगी।

# बाल विवाह रोकने को निकाली जागरूकता रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद को बाल विवाह मुक्त करने के उद्देश्य से जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अभियान के अंतर्गत पब्लिक एड्रेसिंग सिस्टम के माध्यम से संचालित होने वाले कार्यक्रम की जानकारी साझा करते हुए जिला प्रोबेशन कार्यालय से प्रकाश चौक, जिला परिषद, झांसी रानी रोड से होते हुए जन जागरूकता रैली निक. ाली गई जो वापस कचहरी परिसर में सम्पन्न हुई। शनिवार को जिला. धिकारी उमेश मिश्रा व मुख्य विकास अधिकारी कण्डारकर कमल किशोर देशभूषण के निर्देशन में बाल कल्याण समिति सदस्य डॉ राजीव कुमार ने बताया कि सरकार ने बाल विवाह की रोकथाम के लिए बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी के साथ ही पुलिस आपातकालीन सेवा हेल्पलाइन नंबर 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 जारी किए हैं। उन्होंने लोगो को जागरूक करते हुए बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत बाल विवाह अपराध है जिसमें 02 वर्ष की सजा व 01 लाख रूपए का जुर्माना या दोनों का प्रावधान है। अभियान में बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी संजय कुमार, संरक्षण अधिकारी नीना त्यागी, अधिकारी हेमलता, केंद्र प्रबन्धक पूजा नरूला, आरिफ, अजय व सोनू की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# हस्ताक्षर व मानव श्रंखला से जागरूकता का संदेश

**खतौली।** शुक्रवार को श्री कुन्द-कुन्द जैन स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 'नारी शक्ति' अभियान के अंतर्गत जागरूकता से जुड़े विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शासन एवं ब्विविद्यालय के निर्देश पर आयोजित इस पहल का उद्देश्य महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के प्रति समाज में सकारात्मक संदेश देना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय परिसर में 'नारी शक्ति दीवार' के निर्माण से हुई, जहां महिलाओं की ऐतिहासिक उपलब्धियों और उनके संवैधानिक अधिकारों को दर्शाते पोस्टर प्रदर्शित किए गए। छात्र-छात्राओं ने इस दीवार पर हस्ताक्षर कर महिला सम्मान और अधिकारों की रक्षा का संकल्प लिया।अभियान का शुभारंभ प्राचार्या प्रो. नीतू वशिष्ठ, प्रो. अरविंद कुमार, डॉ. सपना जैन एवं इंजीनियर आशीष जैन द्वारा हस्ताक्षर कर किया गया। इसके बाद शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मानव श्रृंखला रही, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने एक-दूसरे का हाथ थामकर महिला सुरक्षा और एकजुटता का संदेश दिया। इस पहल ने उपस्थित सभी लोगों को भावनात्मक रूप से जोड़ते हुए जागरूकता का प्रभावी संदेश प्रसारित किया। प्राचार्या प्रो. नीतू वशिष्ठ ने अपने संबोधन में कहा कि नारी सशक्तिकरण के बिना समाज का समग्र विकास संभव नहीं है। प्रो. अरविंद कुमार ने महिलाओं को राष्ट्र निर्माण की आधारशिला बताते हुए ऐसे अभियानों की आवश्यकता पर जोर दिया। वहीं डॉ. सपना जैन ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों का उद्देश्य लैंगिक समानता को बढ़ावा देना और महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। इस दौरान 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' जैसे विषयों पर भी विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में डॉ. विपिन कुमार बंसल, इंजीनियर आशीष जैन, विकास जैन, निखिल चौहान और डॉ. पारुल शर्मा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। संचालन डॉ. विशु ने किया।

**पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0 अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, शामली**

पत्रांक: 265 वि0वि0मं0/शा0/निविदा
दिनांक: 18/4/2026

**ई-निविदा सूचना**

**निविदा संख्या एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

1. अल्पकालीन निविदा 02/2026-27, वि0वि0खं0 थानाभवन के कार्यक्षेत्र में नमामि गंगे योजना के अन्तर्गत ग्राम हाथीकरोदा में 325 के0वी0 तथा थानाभवन में 440 केवीए का संयोजन जमा योजना के अन्तर्गत स्वीकृत प्रक्कलन के सापेक्ष कार्य कराने हेतु। प्रपत्र शुल्क- रू0 3540.00, धरोहर राशि:- रू0 36000.00

**ई-निविदा की अंतिम तिथि:** 02 मई 2026, 12:00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाईट htpp//etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेत्तर समस्त सूचनाएं वेबसाईट पर ही प्रदर्शित की जाएगी।

विद्युत हैल्पलाईन 1800-180-3002 (मेरठ)
1800-180-8752 (लखनऊ)

**BHAGWANT COLLEGE OF LAW**
Bhagwantpuram, Bijnor-Delhi Highway,
Distt-Muzaffarnagar (U.P.)-251315

**REQUIRED**

Principal and Asst. Prof. in LLB and B.A.LLB

**Qualification:**

As per the BCI/UGC/State Govt. and Maa Shakumbhari University, Saharanpur Norms.

Candidates having the qualification and good knowledge may apply on above address.

E-mail: hrbgi2017@gmail.com
Mob: 7830601000, 8859901120

# अवैध पटाखा फैक्ट्री में धमाका, कई घायल



**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** रतनपुरी थाना क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर माफी में शनिवार को आबादी के बीच चल रही एक अवैध पटाखा इकाई में अचानक आग लगने से जोरदार विस्फोट हो गया। धमाके की तीव्रता इतनी अधिक थी कि आसपास के मकानों तक झटके महसूस किए गए और पूरे गांव में दहशत फैल गई। लोग घबराकर घरों से बाहर निकल आए और मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

स्थानीय लोगों के मुताबिक, पिछले तीन-चार महीनों से एक खुले प्लॉट में अवैध रूप से पटाखे तैयार किए जा रहे थे। यहां 'इस्काई शॉट' और 'कुल्हड़ अनार' जैसे पटाखों का निर्माण किया जाता था। शनिवार को अचानक आग भड़कने के बाद कुछ ही क्षणों में विस्फोट हो गया, जिससे आसपास के घरों की खिड़कियां तक कांप उठीं। हादसे में करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए, जिनमें कुछ बच्चे भी शामिल हैं। गंभीर रूप से झुलसे उजेफा द्ध16ऋ और कासिम की हालत नाजुक बनी हुई है। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद दिल्ली रेफर किया गया है, जबकि अन्य घायलों का इलाज बेगराजपुर मेडिकल कॉलेज में चल रहा था।

सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए, जिन्हें पुलिस ने हटाकर स्थिति को नियंत्रित किया। प्रारंभिक जांच में स्पष्ट हुआ है कि पटाखा निर्माण का कार्य बिना किसी वैध अनुमति के किया जा रहा था। बताया जा रहा है कि इस इकाई का संचालन लोनी निवासी व्यक्ति द्वारा किया जा रहा था। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है और जिम्मेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की बात कही जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी उमेश कुमार मिश्रा और एसएसपी संजय वर्मा मौके पर पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर हालात का जायजा लिया और ग्रामीणों से जानकारी जुटाई।



## पहले भी हो चुके हैं ऐसे हादसे

क्षेत्र में अवैध पटाखा इकाइयों में विस्फोट की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी खतौली क्षेत्र के केलावड़ा और इस्लामनगर गांव में इसी तरह के हादसे हो चुके हैं, जिनमें कई लोग घायल हुए थे। ग्रामीणों का कहना है कि यह अवैध फैक्ट्री कई महीनों से चल रही थी और इसमें स्थानीय लोगों के साथ बच्चों से भी काम कराया जाता था। घटना के बाद गांव में भय और आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

# कैंपस प्लेसमेंट में श्री राम कॉलेज ऑफ फार्मेसी के छात्रों ने अर्जित की सफलता

**मुजफ्फरनगर।** श्री राम कॉलेज ऑफ फार्मेसी, मुज़फ्फरनगर में आयोजित कैंपस प्लेसमेंट के दौरान फार्मेसी के छात्रों ने अपनी मेहनत और कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। इस कैंपस प्लेसमेंट में प्रसिद्ध कंपनी ऑल आर एक्स फर्मासुटिकल प्राइवेट लिमिटेड ने श्री राम कॉलेज ऑफ फार्मेसी के 16 छात्रों ने इंटरव्यू दिया जिसमे कि 6 छात्रो का चयन किया। प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने के पश्चात उन्हें कंपनी में औपचारिक रूप से ज्वाइन कराया जाएगा।

चयनित छात्रों को कंपनी के मेडिकल कार्यकारिणी के क्षेत्र में चुना गया। छात्रों की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि से उनके परिवारजनों तथा कॉलेज में हर्ष और उल्लास का माहौल बना हुआ है। इस कैंपस प्लेसमेंट में लगभग 16 से अधिक छात्रों ने भाग लेकर अपने ज्ञान और कौशल का प्रदर्शन किया, लेकिन फार्मेसी के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपना परचम लहराया, जिसमे कि जिन छात्रो का चयन हुआ है, उनके नाम, वंश भार्गव, नितिन कुमार, आकाश कुमार, मौद्ग सुहेल, मौद्ग साहिल और आकर्ष है जिनका पैकेज 1.80 ख्र 3.60 लाख प्रति वर्ष हैद्य

छात्रों से वार्तालाप के दौरान ज्ञात हुआ कि उन्होंने इस सफलता का श्रेय श्री राम कॉलेज ऑफ फार्मेसी की आधुनिक शिक्षण प्रणाली को दिया। उनका कहना था कि कॉलेज में उन्हें सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ उच्च स्तर का प्रयोगात्मक प्रशिक्षण भी प्राप्त हुआ, जो उनकी सफलता के लिए मील का पत्थर साबित हुआ। छात्रों ने कॉलेज के अनुशासन, अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा नियमित प्रशिक्षण की भी सराहना की और कहा कि इन्हीं कारणों से वे अन्य प्रतिभागियों से अलग पहचान बना सके।ऑल आर एक्स फार्मासुटिकल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की तरफ से सौरभ जैन और उज्जवल शर्मा ने 3 फेस में इंटरव्यू लिया, जिसमे की पहला फेस फार्मेसी की बेसिक शिक्षा के बारे में पूछा गया जिसमे कि 16 बच्चो में से 12 बच्चो को नियुक्त किया गया, दूसरा राउंड स्किल डवलपमेंट और पर्सनेलिटी का हुआ जिसमे की 12 में से 10 बच्चो की नियुक्ति करायी गयीद्य बाद में फाइनल राउंड एचद्ग आरद्ग हैड के साथ हुआ, जिसमे की 6 बच्चो की नियुक्ति की गयीद्य

श्री राम ग्रुप ऑफ़ कॉलेज के चेयरमैन, आदरणीय डॉ. एस. सी. कुलश्रेष्ठ जी ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि छात्रों के करियर की सफलता की ओर पहला कदम है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि मेहनत, अनुशासन और निरंतर सीखने की भावना के साथ वे सफलता की अनेक सीढ़ियाँ चढ़ सकते हैं और अपने भविष्य को नई ऊँचाइयों तक ले जा सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कॉलेज सदैव छात्रों के सर्वांगीण विकास और बेहतर रोजगार अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

छात्रों की इस उपलब्धि पर श्री राम कॉलेज ऑफ फार्मेसी के निद. ेशक डॉ. गिरेंद्र कुमार गौतम ने सभी चयनित विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन तथा संस्थान की गुणवत्तापूर्ण एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा प्रणाली का प्रत्यक्ष परिणाम है। उन्होंने बताया कि कॉलेज में विद्यार्थियों को पाठड क्रम आधारित सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ प्रयोगात्मक प्रशिक्षण, लैब आधारित लर्निंग, सेमिनार, प्रेजेंटेशन, ग्रुप डिस्कशन तथा इंटरव्यू प्रिपरेशन जैसी गतिविधियों के माध्यम से उद्योग के अनुरूप तैयार किया जाता है। यही कारण है कि छात्र कैंपस प्लेसमेंट में आत्मबिश्वास के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर पाते हैं और उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करते हैं।इसी के साथ ट्रेनिंग और प्लेसमेंट के हैड आशीष चौहान ने छात्रो को बहुत सारी शुभकामनाएं दी

उन्होंने आगे कहा कि कॉलेज समय-समय पर इंडस्ट्रियल विज़िट, गेस्ट लेक्चर, स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम तथा पर्सनैलिटी डेवलपमेंट सत्र आयोजित करता है, जिससे छात्रों को फार्मास्यूटिकल उद्योग की वास्तविक कार्यप्रणाली को समझने का अवसर मिलता है। इसके अतिरिक्त मॉक इंटरव्यू, रिज़्यूमे बिल्डिंग और तकनीकी प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों की पेशेवर क्षमता को भी विकसित किया जाता है। श्री राम कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी की सभी फैकल्टी सदस्यों ने चयनित छात्रों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम व एसएसपी ने सुनी जनसमस्याएं

**बुढ़ाना।** शासन के निर्देश पर शनिवार को तहसील बुढ़ाना सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी उमेश मिश्रा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने आमजन की शिकायतें सुनी और अधिकारियों को समय से व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के कड़े निर्देश दिए।

समाधान दिवस में कुल 36 शिकायती पत्र प्राप्त हुए जिनमें से 6 शिकायतों का मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर निस्तारण करा दिया गया। जनसुनवाई के दौरान जिलाधिक. ारी उमेश मिश्रा ने सभी विभागाध्यक्षों को स्पष्ट निर्देश दिए कि तहसील दिवस में आने वाली प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लिया जाए। उन्होंने कहा कि हर शिकायत की मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच की जाए और शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर उसका गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए।

शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि लापरवाही पाई गई तो संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय कर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों की समीक्षा करते हुए थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि महिला उत्पीड़न, घरेलू हिंसा व छेड़छाड़ से जुड़े मामलों को सर्वोच्च प्राथमिकता पर निपटाया जाए। उन्होंने कहा कि पीड़ित महिलाओं को तत्काल न्याय मिले, इसके लिए थानों पर महिला हेल्प डेस्क को और अधिक सक्रिय किया जाए। यहां पर सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कोर्ट के निर्देश पर पुलिस ने किया मामला दर्ज

**बुढ़ाना।** सुनील कुमार पुत्र सुखपाल सिंह निवासी ग्राम कुरथल ने विगत दिवस बुढ़ाना न्यायालय को अपने अधिवक्ता के माध्यम से एक प्रार्थना पत्र देते हुए बतलाया था कि उसका पुत्र रवि और गांव का ही समर पुत्र टीटू बीती 4 मार्च को अपने गांव से ग्राम भडल को होते हुए ग्राम नागल भगवानपुर तहसील बडौत जिला बागपत जा रहे थे। उसी समय सुबह लगभग 9 बजे उसका पुत्र व समर गांव इटावा में सचिन के खेत के पास पहुंचे तो उसी समय एक दलित युवक मनीष पुत्र सुभाष निवासी इटावा अपनी दो बहनों को उक्त मोटर साईकिल पर बैठाकर तेज गति से दक्षिण की ओर से अचानक सडक पर पहुंच गया था तथा तेज गति व लापरवाही से उसके पुत्र की मोटर साईकिल में टक्कर मार दी थी। जिससे उसके पुत्र रवि के बायें हाथ और माथे की हढी भी टूट गयी। बायीं आंख और पेट में भी खूब गम्भीर चोटें आई। समर के सिर व कमर में गम्भीर चोटें आयी। इस घटना के बाद से ही उसके पुत्र की मोटर साईकिल सुभाष के कब्जे में है। घायल रवि व समर को 112 नम्बर की पुलिस सरकारी अस्पताल बुढाना में लेकर पहुंची तो चिकित्सकों ने उसके पुत्र रवि को गंभीर हालत में जिला मेरठ के लिए रैफर कर दिया। जिसका इलाज वहीं पर चल रहा है। दूसरे घायल समर को बुढाना के एक हस्पताल में भर्ती कराया गया। उसके पुत्र रवि की चोट के कारण गम्भीर हालत है। जिसके सम्बन्ध में उसने बीती 06 मार्च को बुढाना कोतवाली में एक तहरीर दी लेकिन पुलिस ने कोई भी रिपोर्ट आरोपियों के खिलाफ दर्ज नहीं की। उसने बीते 16 मार्च को एक शिकायत एसएसपी को भी की लेकिन तब भी उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई। अब पीड़ित ने बुढ़ाना न्यायालय की शरण ली तो पुलिस ने कोर्ट के निर्देश पर मामला दर्ज कर लिया है।

# आवारा कुत्तों व बंदरों से परेशान क्षेत्र के लोगों का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शहर के कई इलाकों में बढ़ते आवारा कुत्तों के झुंड से लोगों में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार शिकायतों के बावजूद भी कोई कार्यवाही न होने से आवारा कुत्तों का झुंड लोगों पर झपट रहा है जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है। शनिवार को वार्ड 37 के सभासद अमित पटपटिया के साथ क्षेत्रवासियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी उमेश मिश्रा के नाम एक ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट पंकज सिंह राठौड़ को सौंपा गया, जिसमें शहर के कई मोहल्लों में आवारा कुत्तों और बंदरों के बढ़ते आतंक पर तत्काल कार्रवाई की मांग की गई। सभासद अमित पटपटिया ने बताया कि इस समस्या को लेकर प्रशासन को पहले भी अवगत कराया जा चुका है। एक सप्ताह पूर्व गांधी कॉलोनी मेन रोड स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के सामने क्षेत्रवासियों ने धरना-प्रदर्शन किया था। उस दौरान ने मौके पर पहुंचकर ज्ञापन लिया और जल्द समाधान का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। सभासद और नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो जनता का आक्रोश बड़े जन आंदोलन का रूप ले सकता है।

# भाजपा नेता बिजेंद्र पाल की शोक सभा में अर्पित किए श्रद्धासुमन

**मुजफ्फरनगर।** भाजपा के पूर्व सभासद एवं पूर्व जिला उपाध्यक्ष स्वर्गीय बिजेंद्र पाल की रस्म तेहरवीं में राजनीतिक दलों से जुड़े लोगों व समाज सेवियो और प्रशासनिक क्षेत्र में जुड़े हस्तियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

रुड़की रोड स्थित बैंक्विट हॉल में आयोजित शोक सभा में स्वर्गीय भाजपा नेता बिजेंद्र पाल को श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिए शहर के गणमान्य नागरिकों और विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रति. निधियों का तांता लगा रहा। परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त करने वालों में पूर्व सांसद अनुराधा चौधरी, राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, पूर्व मंत्री संजीव बालियान और पूर्व विधायक उमेश मलिक सहित गणमान्य लोगों ने दिवंगत आत्मा को नमन करते हुए उनके राजनीतिक जीवन और सामाजिक योगदान को याद किया।

# घर के सामने अवैध खोखे व बिटौड़े, सांपों का खतरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** तहसील बुढ़ाना क्षेत्र के गांव उमरपुर में एक बुजुर्ग अवैध खोखे और उपलों के बिटौड़ों से इस कदर परेशान है कि उन्होंने अब प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित हरपाल सिंह पुत्र स्वर्गीय खजान सिंह ने तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि उनके मकान के ठीक सामने मुख्य रास्ते पर कुछ लोगों ने लकड़ी लोहे के खोखे और उपलों के बिटौड़े रख दिए हैं। बरसात में इन बिटौड़ों में सांप पैदा हो गए हैं जो रात के समय घर में घुस जाते हैं। शिकायतकर्ता हरपाल सिंह ने बताया कि वह इस समस्या को लेकर बीती 22 जुलाई 2024, बीती 17 अगस्त 2024, बीती 20 दिसंबर 2025 और बीती 21 फरवरी 2026 को भी शिकायत दे चुके हैं लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। हम पति-पत्नी घर पर अकेले रहते हैं। परिवार का कोई सदस्य साथ नहीं रहता। अकेला समझकर हमें दबाया जाता है।

आरोप है कि कुछ लोग आम रास्ते व सड़क पर खोखे रखकर 500 रुपये महीने किराये पर दिए हुए हैं। इन खोखों में पहले शराब, अंडे व गांजा बेचने का अवैध कारोबार भी चलता था। शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक हुड़दंग और गाली गलौज आम बात थी। हालांकि अब शराब व अंडे का बेचना बंद हो गया है लेकिन खोखे नहीं हटाए गए। इसके अलावा आरोपी अपने घर के सामने मेन रोड पर पशु बांधते हैं जिससे रास्ता अवरुद्ध रहता है। गन्ने से भरी ट्रैक्टर ट्रॉलियों के निकलने में भी भारी दिक्कत होती है। हरपाल ने बताया घर के सामने रखे उपलों के बिटौड़ों में बरसात के मौसम में सांप पैदा हो गए हैं।

कई बार रात के समय सांप घर के अंदर तक घुस आए जिससे वे दहशत में जी रहे हैं। पीड़ित ने पुलिस व राजस्व विभाग से मांग की है कि उनके घर के सामने से खोखे व बिटौड़ों को तत्काल प्रभाव से हटवाया जाए और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। प्रार्थना पत्र पर एसएचओ को जांच कर नियमानुसार कार्रवाई के लिए भेजा गया है। हरपाल ने बताया उनकी ख्रषि भूमि गांव में है इसलिए वह व उनकी पत्नी उमरपुर व गाजियाबाद दोनों जगह रहते हैं। अकेले होने का फायदा उठाकर कुछ लोग उन्हें परेशान कर रहे हैं। फिलहाल बुजुर्ग दंपति प्रशासनिक कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं।

# 5 महीने से लगा रहा हूं चक्कर पर समस्या का समाधान नहीं

**बुढ़ाना।** शासन की मंशा के अनुरूप आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए आयोजित होने वाले संपूर्ण समाधान दिवस की सार्थकता पर उस समय सवाल खड़े हो गए जब एक शिकायकर्ता ने 5 महीने से समाधान न होने का आरोप लगाते हुए व्यवस्था को ही कटघरे में खड़ा कर दिया। मामला तहसील बुढ़ाना क्षेत्र का है जहां शनिवार को आयोजित तहसील दिवस में गांव सखावतपुर निवासी सूबेदार प्रमोद कुमार शिकायकर्ता ने अपनी पीड़ा लिखित रूप में दर्ज कराई। शिकायकर्ता सूबेदार प्रमोद कुमार निवासी ग्राम गढ़ी सखावतपुर ने अपने प्रार्थना पत्र में लिखा है कि श्रीमान जी मेरा आपसे अनुरोध है कि तहसील के चक्कर लगाते लगाते 5 महीने से अधिक हो गए लेकिन समाधान नहीं हो रहा। जब समाधान दिवस में कोई काम नहीं होता तो समाधान दिवस को बंद कर देना चाहिए। कितने अधिकारी, कर्मचारी और किसान अपना काम छोड़कर आते हैं लेकिन समाधान नहीं होता। शिकायकर्ता ने अंत में तंज कसते हुए लिखा धन्यवाद भूल चूक शिकायत माफ करें। शिकायत को संज्ञान में लेते हुए बुढ़ाना खंड विकास अधिकारी सतीश कुमार ने तुरंत उच्च अधिकारियों के निर्देश पर मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया और मामले की जांच की। प्रार्थना पत्र में शिकायत का विषय गली' से संबंधित बताया गया है हालांकि विभाग का उल्लेख स्पष्ट नहीं है। नियमानुसार तहसील दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण एक सप्ताह के अंदर किया जाना अनिवार्य है। इस शिकायत पर निस्तारण केध लिए संख्या अंकित की गई है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार के निर्देश पर प्रत्येक माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें डीएम, एसएसपी द्वारा नामित अधिकारी व सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहकर जनता की शिकायतें सुनते हैं और उनका मौके पर ही निस्तारण कराने का प्रयास करते हैं। शिकायतकर्ता का आरोप है कि समाधान दिवस में फरियादी अपना खेती बाड़ी का काम छोड़कर सुबह से लाइन में लगते हैं, लेकिन सुनवाई के बाद भी महीनों तक समस्या जस की तस बनी रहती है। इससे जनता का प्रशासन से भरोसा उठ रहा है। कुल मिलाकर इस शिकायती पत्र के सामने आने के बाद तहसील दिवस में आने वाली शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

## अधिकारियों का पक्ष.....

**बुढ़ाना।** स्थानीय तहसील प्रशासन का कहना है कि हर शिकायत को गंभीरता से लिया जाता है। कुछ प्रकरण राजस्व और पुलिस की संयुक्त जांच या दस्तावेजी प्रक्रिया के कारण लंबित हो जाते हैं। बीडीओ की जांच रिपोर्ट मिलने के बाद इस मामले में नियम अनुसार कार्रवाई कर शिकायतकर्ता को अवगत कराया जाएगा।

## किताबें सबसे अच्छी मित्र : मलिक

**कोतवाली देहात।** ग्राम शाद. ीपुर स्थित विवेक पुस्तकालय का दसवां स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर आयोजित विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए शिक्षाविद देवेंद्र कुमार मलिक ने कहा कि किताबें सबसे अच्छी मित्र होती हैं। आजकल डिजिटल जमाना है।

किताबें डिजिटल स्वरूप में भी उपलब्ध है। बच्चों को पुस्तकालय में पढ़ने के लिए एक अच्छा माहौल मिलता है। सभी विद्यार्थियों को एकाग्रता के साथ पढ़ाई करनी चाहिए। उन्होंने सोशल मीडिया तथा मोबाइल के प्रयोग के समय सतर्कता बरतने का आह्वान किया। इस मौके पर केक काटकर स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुस्तकालय संचालक विवेक गुप्ता ने कहा कि विवेक पुस्तकालय की शुरुआत 17 अप्रैल 2017 को हुई थी। कार्यक्रम में डा. भोगेंद्र सिंह, शुभम भूईयार, मनजीत सिंह, शांतनु मौर्य, भविष्य मौर्य, रोहन कश्यप आदि मौजूद रहे।

## शूटिंग टूर्नामेंट में शिखर शिक्षा सदन ने लहराया परचम

**मीरापुर।** वीकेआईटी कॉलेज में आयोजित शूटिंग टूर्नामेंट में शिखर शिक्षा सदन के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों और खेल अकादमियों के प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ भाग लिया, जहां मुकाबला काफी कड़ा रहा।

टूर्नामेंट में शिखर शिक्षा सदन के खिलाड़ियों ने अपनी सटीक निशानेबाजी से सबको प्रभावित किया। रिहान, जितेश, शौर्य राणा और जसप्रीत सिंह ने स्वर्ण पदक जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया। वहीं युवराज, वंश, पृथ्वी, अनमोल और मनप्रीत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किए। इसके अलावा काफिया, हरमन और मानवजीत ने कांस्य पदक जीतकर टीम की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। खिलाड़ियों के इस उत्ख्रष्ट प्रदर्शन के आधार पर शिखर शिक्षा सदन को प्रतिष्ठित ह्चौंपियन ऑफ चौंपियंस स्कूल ट्रॉफीह्व से सम्मानित किया गया। विद्यालय परिवार में इस उपलब्धि को लेकर खुशी का माहौल है। विद्यालय के डायरेक्टर राजेश शर्मा, प्रधानाचार्य पुनीत राजपूत और कोच तपेन्द्र सिंह ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# मदरसा इज़हारुल उलूम में वार्षिक जलसे का आगाज़



**मोरना।** क्षेत्र के कस्बा कस्बा भोकरहेडी में बस स्टैंड के पास स्थित मदरसा इज़हारुल उलूम में दो दिवसीय 56 वे सालाना जलसे का आयोजन पूर्व की भांति किया जा रहा है।जलसे में धार्मिक विद्वानों ने अपने संबोधन में अनुशासित रहने सद व्यवहार करने व धार्मिक शिक्षा के साथ साथ रोजगार परक शिक्षा पर बल दिया।जलसे का आगाज़ शुक्रवार की रात ईशा की नमाज़ के बाद कारी मौ. अनस द्वारा कुरान ए पाक की तिलावत के बाद किया गया। कारी मौ फुरकान ने नात ए पाक प्रस्तुत की मुफ्ती मौ. इकबाल सहायक प्रबन्धक मदरसा कासिमुल उलूम तेवड़ा ने अपने तकरीर में कहा कि आज दौर तेजी से बदल रहा है नई-नई टेक्नोलॉजी विकसित हो रही है।नई चुनोतियाँ इंसान की ज़िंदगी मे पेश आ रही हैं। इंसान का सकून कम होता जा रहा है। अल्लाह की इबादत हमें रूहानी सकून अता करती है। हमे अंदरुनी व बाहरी प्रत्येक रूप से पवित्र होकर अपने प्रत्येक काम को कुशलता वह अनुशासित होकर करना चाहिए धार्मिक शिक्षा के साथ-साथ हम रोजगार परक शिक्षा भी हासिल करें तथा कमजोर व्यक्तियों की मदद करें रात को सवेरा सोए और सुबह सवेरे उठकर अपने नित्य कार्यों में लग जाएं देर रात तक अनावश्यक रूप से मोबाइल पर अपना कीमती समय बर्बाद ना करें युवक नशाखोरी से दूर रहें और एक सभ्य समाज का निर्माण करें जिससे देश व दुनिया में शांति स्थापित हो अल्लाह के नबी की शिक्षाएं प्रत्येक के लिए हैं। दूसरों के अधिकारों का अतिक्रमण न करें यही अल्लाह के नबी की शिक्षा है कुरान व अल्लाह के नबी के बताए रास्ते पर चलकर हम जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में कामयाब होंगे। अध्यक्षता मौलाना अहमद हसन व संचालन मौलाना फरमान ने किया। इस अवसर पर मौलाना अब्दुल कलाम,कारी मौ आबिद ,मास्टर अब्दुल कलाम, मुफ्ती मौ. फरीद मौलाना नावेद, कारी गयासुद्दीन आदि मौजूद रहे।

# सरस्वती विद्या मंदिर में वृक्षारोपण

**नगीना।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान से संबद्ध सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, रामल. ीला बाग में पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सह जिला विद्यालय निरीक्षक जितेंद्र कुमार ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर अभियान का शुभारंभ किया। विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप गर्ग, प्रबंधक डा. संदीप शर्मा और प्रधानाचार्य महेश सिंह ने भी फलदार एवं छायादार पौधे लगाए। इस दौरान विद्यालय के समस्त आचार्यों और भैया-बहनों ने सामूहिक रूप से पौधरोपण कर वातावरण को हरा-भरा बनाने का संकल्प लिया।

# अवैध खनन जोरो पर

**हीमपुर दीपा।** मिट्टी का अवैध खनन रुकने का नाम नहीं ले रहा है। खनन माफिया रात के अंधेरे में धरती का सीना छलनी करते हुए न केवल हादसे को जन्म दे रहे हैं, बल्कि सरकार को लाखों रुपए राजस्व का प्रतिदिन का चूना लगा रहे हैं। हीमपुर दीपा थाना पुलिस भी इस पूरे खेल से अनजान नहीं है, बल्कि कई जिम्मेदारों के हिस्से उन्हें समय पर पहुंच रहे हैं। बल्कि यह कहना भी गलत नहीं होगा कि इस थाने में जमे कुछ पुराने खिलाड़ी पुलिस कर्मियों की देखरेख और शय पर यह पूरा खेल थाना क्षेत्र में खिलाया जा रहा है। हालांकि यह पुलिसकर्मी बीते दिनों ग्राम तिगरी में लकड़ी से भरे ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से ग्राम पुट्ठा निवासी बाइक सवार मासूम बच्चे और पिता की हुई दर्दनाक मौत को शायद भूल चुके हैं और यह भी भूल चुके हैं कि उनके द्वारा खिलाये जा रहे इस खेल में यह स्वयं भी फंस सकते हैं। शायद इसीलिए थाना क्षेत्र में अवैध खनन जोरों पर है।

# मंदिर के स्थापना दिवस पर भंडारा

**नगीना।** ग्राम हरगांव चादन स्थित श्री सिद्धपीठ मां दक्षिण महाकाली मंदिर का छठा स्थापना दिवस आस्था और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित विशाल जागरण में श्रद्धालु रात भर माता के भजनों पर झूमते रहे। आज हवन-पूजन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर के महंत धीरज महाराज ने बताया कि दान में आने वाली राशि मंदिर के सौंदर्यीकरण पर खर्च की जाती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में हरिद्वार से आए पंडित आशु महंत, राजेंद्र सैनी, टीटू सैनी और संजय चंद्रा सहित समस्त सेवादारों का विशेष सहयोग रहा।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# प्रभावी निस्तारण में ढिलाई बर्दाश्त नहीं: डीएम

- समाधान दिवस में 93 शिकायतें, 7 का हुआ निस्तारण।

शाह टाइम्स ब्यूरों

कैराना। तहसील सभागार में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतों के निस्तारण की धीमी रफ्तार पर जिलाधिकारी शामली अरविंद कुमार सिंह ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने दो टूक कहा कि शिकायतों का निस्तारण केवल कागजी औपचारिकता न बनकर वास्तविक रूप में धरातल पर दिखाई देना चाहिए। यदि किसी स्तर पर लापरवाही पाई गई तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से जुड़ी कुल 37 शिकायतें जिलाधिकारी अरविंद



कुमार सिंह व पुलिस अधीक्षक शामली नरेन्द्र प्रताप सिंह के समक्ष प्रस्तुत की गईं, लेकिन इनमें से महज 3 शिकायतों का ही मौके पर समाधान हो सका। शेष 34 शिकायतों को संबंधित विभागों को जांच एवं निस्तारण के लिए भेज दिया गया। इस स्थिति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जाहिर करते हुए अधिकारियों को चेताया कि शिकायतों के त्वरित और प्रभावी निस्तारण में किसी भी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि आम जनता अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद लेकर समाधान दिवस में पहुंचती है, ऐसे में अधिकारियों की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। प्रत्येक शिकायत का निस्तारण पारदर्शी, निष्पक्ष और गुणवत्ता पूर्ण ढंग से किया जाए, ताकि पीड़ित को न्याय मिल सके और उसे बार-बार द फ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें। ऐसे में सभी अधिकारी इसे गंभीरता से लें और अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी ईमानदारी और जवाबदेही के साथ करें। वहीं पुलिस अधीक्षक शामली नरेन्द्र प्रताप सिंह से पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का धरातलीय निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज, तहसीलदार अर्जुन सिंह, नायाब तहसीलदार सतीश यादव, जिला कृषि अधिकारी प्रदीप यादव, जिला पूर्ति निरीक्षक अंकुर यादव, पूर्ति निरीक्षक कैराना मदनपाल सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। इसके अलावा तहसील शामली में मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में सीडीओ ने फरियादियों की शिकायतों को सुनते हुए उनके निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।संपूर्ण समाधान दिवस में आज मुख्य विकास अधिकारी के समक्ष 32 शिकायतें आईं। प्राप्त शिकायतों में 02 शिकायत का निस्तारण मौके पर किया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर एसडीएम शामली अर्चना शर्मा, तहसीलदार शामली मनोज कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहें। इसके अलावा तहसील ऊन में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन श्री सत्येन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी शामली की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर अपर जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायतों को सुनते हुए उनके निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी के समक्ष आज 24 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से मौके पर 03 शिकायत का निस्तारण किया गया। ओर शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर एसडीएम ऊन संदीप त्रिपाठी, तहसीलदार ऊन आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# ....साहब अभी में जिंदा हूं, मेरा बनवा दो राशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शनिवार को नगर के सरवरपीर कालोनी निवासी एक महिला ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर बताया कि जिला पूर्ति विभाग ने उसको मृतक दर्शाकर राशन कार्ड काट दिया है, जबकि वह जिंदा है। पीडित मृतक ने अधिकारियों से मामले में जांच कर राशन कार्ड बनवाये जाने की मांग की है।

जिला पूर्ति विभाग द्वारा इन दिनों बिना किसी जांच के गरीबों के राशन कार्ड काट दिए जा रहे है। जिससे गरीबों को दर दर की ठोकरे खानी पड रही है। शनिवार को नगर के मोहल्ला सरवरपीर कालोनी निवासी आसमा पत्नी मुजम्मिल ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर बताया कि जिला पूर्ति विभाग ने उनकी सास का राशन कार्ड, उचित दर विक्रेता राजेश रानी के यहां प्रचलित था और उसमें आसमा की यूनिट भी शामिल थी। लेकिन पीडित की केवाईसी न होने के कारण उनकी यूनिट को मृतक के रूप में निरस्त कर दिया गया। आसमा ने अपनी शिकायत में बताया कि अब जब वह अपना अलग राशन कार्ड बनवाना चाहती हैं तो उन्हें यह संदेश मिलता है कि उनकी सास की मृत्यु के कारण उनका नाम डिलीट कर दिया गया है, जबकि वह जीवित हैं और अपना राशन कार्ड बनवाना चाहती हैं। पीडिता ने मामले में जांच कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। वही जिलाधिकारी द्वारा मामले को लेकर खाद्य पूर्ति विभाग कार्यालय को जांच कर पीड़ित का राशन बनवाए जाने और अन्य समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए गए।

# चार माह के मासूम की मौत से मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** विकास खंड क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत की बस्ती में जलभराव की समस्या बनी हुई है। शनिवार को चार माह के बच्चे की बीमारी से मौत हो गई। बस्ती में भरे पानी के बीच हालात इतने बदतर हैं कि एक मासूम का शव पानी से गुजरते हुए पैदल श्मशान घाट तक ले जाना पड़ा। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बस्ती के लोगों ने समस्या के निस्तारण की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले दो वर्षों से बस्ती में पानी निकासी का रास्ता बंद पड़ा है शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। कई



बार तहसील दिवस और संबंधित अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद केवल औपचारिक जांच हुई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। लगातार जलभराव के कारण बस्ती में संक्रामक बीमारियां फैल रही है, शनिवार को संजय के चार वर्षीय मासूम सागर बच्चे की मौत हो गई।जल भराव की समस्या का समाधान नहीं होने पर आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम प्रधान की हठधर्मिता के कारण सरकारी व्यवस्था भी निष्प्रभावी साबित हो रही है। अब उनके सामने अपने घर छोड़कर कहीं और बसने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। इस दौरान चंद्रपाल, धर्मपाल, राजकुमार, संजय, सोनू, करण, पप्पू, सोहनवीर सहित दर्जनों ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर प्रशासन से न्याय और जलनिकासी की समस्या के समाधान की मांग की। ग्राम प्रधान पति राशिद जंग का कहना है कि समस्या की शिकायत पूर्व में मिली थी तब नाले की खुदाई कर जल निकासी करा दी गई थी। पक्की सड़क व पक्का नाला निर्माण का प्रस्ताव भेज रखा है जल्दी निर्माण कार्य कराया जाएगा। किसी भी तरह की संक्रामक बीमारी फैलने की उन्हें कोई जानकारी नहीं है जानकारी कर कैंप लगाया जाएगा और दवाई वितरित कराई जाएगी।

# रिक्शा चालक पर चाकू से किया जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे में एक रिक्शा चालक पर सवारी बनकर बैठे युवक ने चाकू से चालक पर हमला कर दिया। हमले में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने साहस दिखाते हफए आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। घायल ने डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर दी है। थाना क्षेत्र की नई बस्ती हमजा कालोनी निवासी सफीक पुत्र सुबराती ने बताया कि वह रोजाना अपनी रिक्शा लेकर रोजी-रोटी के लिए निकला था। दिल्ली रोड के पास उसे एक सवारी मिली, जिसे कैराना रोड की ओर जाना था। इसी दौरान रास्ते में सलेमपफर



रोड जाने के लिए एक अन्य युवक इकराम पुत्र यामीन ने भी उससे बात की। किराए के रूप में 20 रुपये तय होने पर युवक रिक्शा में बैठ गया।आरोप है कि कुछ दूरी पर पहुंचने के बाद युवक ने पैसे देने के बहाने एक फल विक्रेता की दुकान से चाकू उठा लिया और अचानक वार कर दिया। आरोपी ने उस पर तीन-चार वार किए और जान से मारने की धमकी दी जिससे वह घायल हो गया।शौर-शराबा होने पर आसपास मौजूद लोगों और अन्य रिक्शा चालकों ने हिम्मत दिखाते हुए आरोपी को पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया।और घायल को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, सूचना मिलने पर परिजन भी पहुंच गए चिकित्सकों में प्राथमिक उपचार का जिला अस्पताल कर किया है। दूसरी और कस्बे के मोहल्ला खेल में मजदूरी के रूपए लेने गए युवक नदीम ने तीन लोगों पर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों पीड़ितों को कार्रवाई का आश्वासन देकर जांच शुरू कर दी है।

# बाबा साहब सम्मान में गोष्ठी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर पंचायत कार्यालय थानाभवन में आज भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के सम्मान में एक भव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम 17 अप्रैल 2026 को आयोजित हुआ, जिसमें भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय श्री रामजीलाल कश्यप (जिलाध्यक्ष, शामली) कार्यक्रम जिला सयोजक दामोदरर विधानसभा सयोजक श्रीपाल आर्य जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह आनंद पुंडीर जिला मंत्री शक्ति सिंगल अनिल उपाध्याय रहे।




उन्होंने अपने संबोधन में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन, उनके संघर्ष और भारतीय संविधान के निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के विचार आज भी समाज को समानता, न्याय और अधिकारों के प्रति जागरूक करते हैं। गोष्ठी में मंडल स्तर के जिला एवं क्षेत्रीय पदाधिकारी, मंडल कार्यकारिणी के सदस्य, शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष एवं बूथ प्रभारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने बाबा साहब के आदर्शों पर चलने और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता संघ चौयरमैन महेश गोयल ने किया।

इस अवसर पर भाजपा थानाभवन के मीडिया प्रभारी आशीष सिंघल द्वारा जिलाध्यक्ष रामजीलाल कश्यप को बुके भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं से संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आहवान किया गया। कार्यकर्ताओं की भारी उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल और प्रभावशाली बना दिया।

# सहकारी समिति पर किसानों का हंगामा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** क्षेत्र के कस्बा एलम की सहकारी समिति पर खाद की किल्लत से किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार को पर्याप्त मात्रा में डीएपी और यूरिया न मिलने से नाराज दर्जनों किसानों ने समिति परिसर में हंगामा करते हुए प्रदर्शन किया।किसानों का कहना है कि भनेड़ा,नाला, यूनियान समेत आसपास के कई गांवों के किसान इसी समिति पर खाद के लिए निर्भर हैं। बावजूद इसके, उन्हें बार-बार चक्कर काटने के बाद भी खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है। इससे खेती-किसानी के काम प्रभावित हो रहे हैं और फसलों पर संकट गहराने लगा है।प्रदर्शन कर रहे किसानों में आशीष, मोनू, शिवकुमार, राहफल, निशफ सहित कई अन्य शामिल रहे। किसानों ने आरोप लगाया कि समय पर खाद न मिलने से बुवाई और फसल की देखभाल प्रभावित हो रही है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि सहकारी समिति पर खाद की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए, ताकि उन्हें राहत मिल सके ।

# कब्रिस्तान गेट से युवक चाकू सहित गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना** पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान एक संदिग्ध युवक को नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार किया। 17 अप्रैल की रात उपनिरीक्षक यूनुस खान टीम के साथ चेकिंग कर रहे थे, तभी कब्रिस्तान गेट के पास एक युवक संदिग्ध अवस्था में मिला। पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने पर उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। तलाशी में उसके पास से अवैध चाकू बरामद हुआ। आरोपी ने अपनी पहचान सलीम निवासी मलकपुर बताई। पुलिस ने आर्म्स एक्ट की धारा 4/25 के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया।

# स्मार्ट मीटर के विरोध में भाकियू आजाद ने दी धरने की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** स्मार्ट मीटर को लेकर बढ़ते विवाद के बीच भारतीय किसान यूनियन (आजाद) ने बिजली विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी शाहरुख ने सोमवार को नगर के बिजलीघर पर धरना देने की चेतावनी दी है। उन्होंने एक अपना वीडियो वायरल किया है वीडियो संदेश में उन्होंने आरोप लगाया कि विद्यफत विभाग मनमाने तरीके से उपभोक्ताओं की बिजली काट रहा है, जिससे आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद से बिजली बिल कई गफना तक बढ़कर आ रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं में रोष है।

चौधरी शाहरुख ने कहा कि यदि विभाग की कार्यशैली में सुधार नहीं हुआ तो संगठन आंदोलन करेगा। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में सोमवार को बिजलीघर पहुचकर धरने को सफल बनाने की अपील की है। इस चेतावनी के बाद विद्युत विभाग में भी हलचल मच गई है। अब देखना होगा कि विभाग इस मामले में क्या रुख अपनाता है।

# कच्ची शराब सहित तस्कर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने क्षेत्र की पूर्वी यमुना नहर पटरी पर वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक अभियुक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद की है।शनिवार को पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह के निर्देश पर अवैध शराब के कारोबार में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी और बरामदगी के लिए अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी कैराना हेमंत कुमार के पर्यवेक्षण में खंद्रावली चौकी प्रभारी विजेंद्र रावल अपनी पुलिस टीम के साथ चेकिंग अभियान चला रहे थे चेकिंग में पुलिस ने शराब तस्कर को गिरफ्तार कर



लिया।गिरफ्तार अभियक्ति की पहचान सुधीर पुत्र तीर सिंह निवासी ग्राम खन्द्रावली के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आरोपी का चालान कर दिया है। थाना प्रभारी निरक्षक सतीश कुमार ने बताया कि शराब तस्करी के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।

# विश्व धरोहर दिवस पर छात्रों ने लिया संरक्षण का संकल्प, जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** सेंट आर.सी. साइंटिफिक कॉन्वेंट स्कूल में शनिवार को क्ष्विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को बताया गया कि प्रत्येक वर्ष 18 अप्रैल को विश्व धरोहर दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य ऐतिहासिक स्मारकों, सांस्कृतिक स्थलों और प्राकृतिक विरासत के संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना है। सामाजिक विज्ञान की शिक्षिका कल्पना तोमर ने कहा कि हमारी विरासत केवल प्राचीन इमारतों




तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारी पहचान और इतिहास का अहम हिस्सा है। इसे संरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी अपनी जड़ों से जुड़ी रह सकें। विद्यालय निदेशक यशपाल पंवार ने छात्र-छात्राओं को धरोहर संरक्षण की शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि भारत में 40 से अधिक विश्व धरोहर स्थल हैं, जिनमें सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक स्थल शामिल हैं। साथ ही विद्यार्थियों से अपने आसपास के धरोहर स्थलों की सुरक्षा व स्वच्छता बनाए रखने का आहवान किया।

कार्यक्रम में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए धरोहर संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। इस मौके पर लोकेन्द्र सिंह, प्रशांत शर्मा, अंकित चौहान, विवेक चौहान, अमित वर्मा, प्रमोद कुमार, शुभम कर्णवाल और मीनाक्षी चौधरी समेत विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

# डीएम ने पुनर्वास कार्यालय का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान ने शनिवार को जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय में फाइलों के सुव्यवस्थित रखरखाव, कर्मचारियों की उपस्थिति तथा कार्य निष्पादन पर संतोष व्यक्त करते हुए स्टाफ की सराहना की।

जिलाधिकारी ने कार्यालय परिसर में स्वच्छता व्यवस्था, आगंतुकों के बैठने की सुविधा तथा पूर्व सैनिकों के लिए संचालित कल्याणकारी योजनाओं की




जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सैनिकों और उनके परिजनों तक सभी योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से पहुंचाया जाए। साथ ही यह भी कहा कि कार्यालय में आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जिला स्तर पर लंबित पूर्व सैनिकों की समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं उनके आश्रितों के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने कार्यालय के कार्यों की गति पर संतोष जताते हुए कहा कि इसी तरह पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ कार्य किया जाता रहे। निरीक्षण के समय व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल अजय कुमार सिंह, कर्नल नरेन्द्र कुमार, कार्यालय का समस्त स्टाफ तथा सेना मेडल से सम्मानित सैनिक, भूतपूर्व सैनिक, वीरनारियां मौजूद रही।

# हिस्सेदारी मांगने गई महिला से मारपीट, जान से मारने की धमकी का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कस्बे के मोहल्ला इस्लामनगर में पारिवारिक संपत्ति को लेकर विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। हिस्सेदारी की बात करने अपने पैतृक घर पहुंची एक विधवा महिला के साथ उसके देवर पक्ष द्वारा मारपीट किए जाने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने थाना कैराना में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

मोहल्ला इस्लामनगर निवासी हनीफा पत्नी स्वर्गीय रहीस ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पति का काफी समय पहले निधन हो चुका है। वह अपने सात बच्चों के साथ किराये के मकान में रहकर किसी तरह गुजर-बसर कर रही है। पीड़िता के अनुसार, 18 अप्रैल की सुबह करीब 11 बजे वह अपनी पुत्रियों सानिया व सायरा के साथ लगभग 500 गज में बने अपने पैतृक मकान में हिस्सेदारी को लेकर बातचीत करने पहुंची थी। आरोप है कि वहां पहले से मौजूद उसके देवर महबूब, देवरानी बानो तथा उनके पुत्र उसमान और रिजवान ने बातचीत के दौरान गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और धक्का देकर घर से बाहर निकाल दिया, जिससे उसे चोटें आईं।

पीड़िता का यह भी आरोप है कि आरोपियों ने दोबारा घर आने पर जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद से महिला और उसके बच्चे दहशत में हैं। इस संबंध में कैराना पुलिस का कहना है कि शिकायत प्राप्त हुई है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# महिला आरक्षण बिल का विपक्षियों ने किया विरोधः कपिल देव

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** नगर के हनुमान रोड स्थित नंदी बेकर्स पर पहुंचे प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने महिलाओं की उत्थान के लिए पेश किया महिला आरक्षण बिल का विपक्षी नेताओं ने विरोध कर साबित कर दिया कि कांग्रेस और सपा महिला विरोधी पार्टी है।



शनिवार को नगर के हनुमान रोड स्थित नंदी बेकर्स का मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल व विशिष्ठ अतिथि अंकित गोयल ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार और केन्द्र की मोदी सरकार महिल सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रही है। महिलाओं को बढावा देने के लिए केन्द्र सरकार ने महिला आरक्षण बिल पेश किया था, लेकिन विपक्षी दलों के लोगों के उक्त बिल को पास नही होने दिया, जिससे उनकी महिला विरोधी मानसिकता उजागर होती है।

विशिष्ठ अतिथि अंकित गोयल ने कहा कि शामली में नंदी बेकर्स के आने से यहां के लोगों को स्वादिष्ट बिस्कुल, केक व अन्य सामग्री मिल सकेगी। इस अवसर पर चेयरमैन अरविन्द संगल, देवेन्द्र आरोरा, चिराग अरा. ेरा, अंकित गोयल, अशोक बंसल, अनिल गोयल, अनुराग शर्मा, पुनीत द्विवेदी, अनुराग जैन, राहुल गोयल, मुकेश वर्मा, सुभाष शर्मा, निखिल ऐरन, राहुल तायल, आदि मौजूद रहे।

# एसपी ने थानाभवन थाने का किया निरीक्षण

☐ कानून व्यवस्था के लेकर पुलिस को दिए कड़े निर्देश।

शाह टाइम्स संवाददाता

**थानाभवन।** जनपद में कानून-व्यवस्था को और अधिक सु दृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह ने थाना भवन थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाने की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के रखरखाव और लंबित मामलों की स्थिति का गहनता से जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान एसपी एन.पी. सिंह ने थाने के दफ्तर, मालखाना और विभिन्न रजिस्टरों की गहनता से जांच की। उन्होंने पुलिस कर्मियों से रजिस्टरों के सही और सुव्यवस्थित रखरखाव को लेकर जानकारी ली और स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी रजिस्टर अच्छे तरीके काबर कर रखे जाएं। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।एसपी ने न्यायालय से प्राप्त नोटिसों और वारंटों पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि कोर्ट के मामलों में किसी भी प्रकार की ढिलाई गंभीर परिणाम ला सकती है, इसलिए संबंधित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए। साथ ही, मुकदमों में वांछित चल रहे आरोपियों की शीघ्र गिर फ्तारी सुनिश्चित करने के लिए थाना पुलिस को सख्त निर्देश दिए।औचक निरीक्षण के बाद एसपी एन.पी. सिंह ने थाना भवन पुलिस टीम के साथ कस्बे में पैदल गश्त भी की। इस दौरान उन्होंने मुख्य बाजार, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों और संवेदनशील स्थानों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पैदल गश्त के दौरान उन्होंने स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों से सीधे संवाद कर कानून-व्यवस्था की स्थिति पर फीडबैक लिया और उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया।एन पी ने कहा कि जनता की सुरक्षा और विश्वास पुलिस की प्राथमिकता है, इसके लिए हर स्तर पर सख्ती और पारदर्शिता जरूरी है। उन्होंने थाना पुलिस को निर्देशित किया कि अपराध नियंत्रण के साथ-साथ आमजन के साथ बेहतर संवाद बनाए रखें और हर शिकायत का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। इस औचक निरीक्षण और पैदल गश्त से साफ है कि जनपद पुलिस कानून-व्यवस्था को लेकर पूरी तरह सतर्क है और किसी भी प्रकार की लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई तय है।





निरीक्षण के दौरान सीओ थाना भवन अमरजीत मौर्य, प्रभारी निरीक्षक थाना भवन विजेंद्र सिंह रावत, क्राइम इंस्पेक्टर प्रमोद यादव, एसएसआई इंदरसेन, उप निरीक्षक लोकेश कुमार, सहित पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

# अग्रवाल समाज ट्रस्ट ने योजनाओं पर की चर्चा

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** अखिल भारतीय अग्रवाल समाज ट्रस्ट द्वारा नगर के कैराना रोड स्थित एक होटल में नवीन सत्र की प्रथम बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान समाज की एकता, सक्रियता और सहभागिता पर जोर दिया गया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए वर्ष 2026-2027 के अध्यक्ष डा. आकाश गुप्ता ने समाज के सर्वांगीण विकास के लिए एक प्रभावशाली और प्रेरणादायक विज़न प्रस्तुत किया। उन्होने आगामी योजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की और समाज की बेहत. री के लिए किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा साझा की। बैठक के दौरान वर्ष 2027-2028 के अध्यक्ष पद के लिए विकास गर्ग का सर्वसम्मति से चयन हुआ, और सभी उपस्थित समाज के लोगो ने उन्हें शुभकामनाऐ दीं और मालाऐं पहनाकर स्वागत किया।




गत वर्ष के अध्यक्ष रोबिन गर्ग ने वर्ष 2025-2026 के कार्यो का विवरण प्रस्तुत किया, जिसमें 50 से अधिक सामाजिक प्रोजेक्ट्स को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया और 325 से अधिक अग्र. बंधुओं से व्यक्तिगत संपर्क स्थापित किया गया। उन्होंने विशेष रूप से घर-घर नाम पट लगाने की पहल की सराहना की, जिसने समाज की पहचान और एकजुटता को मजबूत किया। इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन संगीत गोयल, प्रवीण गोयल, राहुल तायल, नीरज संगल, मानस संगल, पंकज गुप्ता, संगीता जिंदल, उमेश संगल, उमेश गर्ग, मनोज संगल मौजूद रहे।

# परशुराम जयंती का पर्व मनाया

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** नगर के सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज में शनिवार को भगवान परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य आनन्द प्रसाद, बृजेश कुमार, परितोष शर्मा ने भगवान परशुराम के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भगवान परशुराम का जन्म महर्षि भृगु के पुत्र महर्षि जमदग्नि और उनकी पत्नी रेणुका से हुआ था। उनका जन्म वैशाख शुक्ल तृतीया को हुआ था और वह विष्णु के छठे अवतार के रूप में प्रसिद्ध हैं। बताया कि भगवान परशुराम ने कठिन तपस्या के बाद भगवान शिव से परशु नामक अस्त्र प्राप्त किया, जिससे उनका नाम परशुराम पड़ा। इसके साथ ही उन्होंने शस्त्र विद्या के महान गुरु के रूप में भीष्म पितामह, गुरु द्रोणाचार्य और कर्ण को शिक्षा दी। भगवान परशुराम के आदर्शों को जीवन में उतारने के लिए आचार्य ने छात्रों को प्रेरित किया। मौके पर अरविन्द कुमार, पुष्पेन्द्र कुमार, नीटू कुमार, संजू कुमार, मधुबन, अशोक सोम, सोमदत्त, शुभम कुमार, भानू कुमार, हर्ष वत्स, पवन कुमार मौजूद रहे।



# कूड़ा निस्तारण प्लांट में लगी भयंकर आग

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** भैंसवाल रोड स्थित कूड़ा निस्तारण प्लांट में शनिवार को अचानक आग लगने से आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आग लगते ही मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने इसकी सूचना तुरंत दमकल विभाग को दी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दमकल कर्मियों ने काफी देर तक पानी की बौछार कर आग को पूरी तरह बुझाया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है, घटना में किसी जनहानि की सूचना नहीं है।

# पुलिस को मिली बड़ी सफलताः किशोर के पास से अवैध तमंचा-कारतूस बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

**कैराना।** अपराध नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कैराना पुलिस को गश्त के दौरान अहम सफलता मिली। पुलिस ने एक संदिग्ध किशोर को पकड़कर उसके कब्जे से अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद किया। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

पुलिस के अनुसार, 17 अप्रैल को उपनिरीक्षक बाबूराम सिंह अपनी टीम के साथ क्षेत्र में गश्त व सघन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान कैराना से रजवाहे की पटरी होते हुए ग्राम भूरा की ओर जाते समय एक युवक संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया।

पुलिस को देखते ही युवक घबराकर कच्चे रास्ते की ओर भागने लगा। संदेह होने पर पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसका पीछा किया और विनोद की ट्यूबवेल के पास घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम आसियान पुत्र मेहताब, निवासी ग्राम बराला कुकरहेड़ी थाना कैराना बताया। उसकी उम्र करीब 17 वर्ष बताई गई है। तलाशी लेने पर उसके पास से 315 बोर का अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने तमंचा किसी अज्ञात व्यक्ति से खरीदा था और अपनी सुरक्षा के लिए अपने पास रखा हुआ था। पुलिस ने बरामद हथियार और कारतूस को कब्जे में लेकर सील कर दिया है तथा आवश्यक साक्ष्य संकलित किए हैं। आरोपी को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ धारा 9/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# अवैध चाकू में आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

शाह टाइम्स संवाददाता

**थानाभवन।** बीती रात उप निरीक्षक अरविंद कुमार अपनी हमराह टीम के साथ संदिग्ध व्यक्तियों व वाहन चेकिंग गस्त के दौरान थाना भवन कस्बे की ओर से जलालाबाद की तरफ जा रहे थे जैसे ही वह हाईवे स्थित अस्पताल से आगे निकले तो कब्रिस्तान की ओर एक संदिग्ध व्यक्ति खड़ा दिखाई दिया पुलिस टीम ने जैसे ही अपनी गाड़ी उसके नजदीक सडक पर रोकी तो वह पुलिस टीम को देखकर कब्रिस्तान में अंदर की ओर भागने लगा पुलिस टीम ने जैसे ही उसे रुकने की आवाज दी तो और तेजी से अंदर की ओर भागने लगा फिर पुलिस टीम ने दोड़कर कब्रिस्तान के अंदर से ही उसे पकड़ लिया स पकड़े जाने पर जब उसका नाम और पता पूछा गया तो उसने अपना नाम अमित पुत्र संजय मोहल्ला मंडी भास्करगंज कस्बा जलालाबाद थाना थाना भवन बताया और जब उसकी जामा तलाशी ली गई तो उसके पास से एक अवैध छुरा चाकू बरामद हुआ स पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्त को संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

# बातों में उलझाकर मजदूर की जेब से मोबाइल उड़ाया, नामजद तहरीर

शाह टाइम्स संवाददाता

**कैराना।** कस्बे में बातों में उलझाकर जेब से मोबाइल चोरी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित मजदूर ने एक युवक को नामजद करते हुए थाना कैराना में तहरीर देकर मोबाइल बरामद कराने और कार्रवाई की मांग की है।

मोहल्ला दरबारकलां निवासी विकास सैन पुत्र पदम सैन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता है। 15 अप्रैल की शाम करीब सात बजे वह काम से लौटने के बाद अपनी गली के पास पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस के सामने स्थित एक लैमिनेशन की दुकान पर बैठा था। आरोप है कि इसी दौरान आशू पुत्र शफीक निवासी दरबारकलां एक अज्ञात युवक के साथ मोटरसाइकिल पर वहां पहुंचा और दुकान पर मौजूद लोगों से बातचीत करने लगा। इसी बीच मौका पाकर उसने प्रार्थी की जेब से मोबाइल फोन निकाल लिया और साथी के साथ फरार हो गया। पीड़ित के अनुसार, कुछ देर बाद जब उसने अपनी जेब चेक की तो मोबाइल गायब मिला। उसने तत्काल आसपास के लोगों से पूछताछ की और आरोपी की तलाश भी की, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। चोरी हुआ मोबाइल वीवो वी-29 कंपनी का है, जिसमें जियो सिम लगा हुआ था। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## मारपीट के मामले में तीन भाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**थानाभवन।** गांव खेड़ा गदाई में मारपीट के मामले में आरोपी तीन भाइयों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा गदाई निवासी विपिन पुत्र बलवंत सिंह ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि 17 अप्रैल को वह दोपहर के समय अपने खेत पर था उनके खेत के बराबर में गांव के ही निवासी नसीम, वसीम, तहसीन पुत्रगण शौकीन की जमीन है उक्त लोगों की जमीन की सिंचाई भी उनके ट्यूबवेल से होती है। जब यह खेत पर पहुंचे उस समय बिजली न होने के कारण ट्यूबवेल बंद थी इन्होंने उससे अपने खेत में पानी चलाने को कहा तब उसने कहा की अभी बिजली नहीं आ रही है इतना सुनते ही उक्त तीनों भाई आग बबूला हो गए और गाली गलौज गाली गलौच कर लाठी डंडे उठाकर जान से मारने की नियत से उसके ऊपर हमला कर दिया। पीड़ित का भांजा मनोज निवासी शामली मौके पर पहुंच गया और उसने उक्त लोगो के चुगल से वामुश्किल उसे बचाया स पीड़ित ने मेडिकल कराकर थाने में तहरीर देकर उक्त तीनों आरोपी भाइयों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीडित की तहरीर के आधार पर तीनों भाइयों के खिलाफ संबंधित धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है

## दोस्त को साथ ले जाने पर बवाल, युवक पर चाकू से हमला, तीन नामजद

**कांधला।** कस्बे में दोस्त को साथ ले जाने को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। मारपीट के दौरान एक युवक पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया गया। पीड़ित ने तीन लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम डुन्डूखेड़ा थाना कांधला निवासी मनीष पुत्र सेठपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे वह अपने चचेरे भाई आर्यन पुत्र पप्पू निवासी तित्तरवाड़ा को लेने कैराना आ रहा था। सहपत क्षेत्र में एक भटे के पास उसे आर्यन के साथ मनीष और विशाल बैठे मिले। पीड़ित के अनुसार, जब उसने आर्यन को अपने साथ चलने के लिए कहा तो इसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि इसी दौरान विशाल ने फोन कर तित्तरवाड़ा निवासी घोलू को मौके पर बुला लिया। कुछ ही देर में विवाद बढ़ गया और गाली-गलौज के बाद दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। तहरीर के मुताबिक, झगड़े के दौरान घोलू ने चाकू से मनीष पर हमला कर दिया, जिससे उसके हाथ में गंभीर चोट आई। घटना के समय उसका भतीजा विनय पुत्र कर्ण भी मौके पर मौजूद था, जिसने पूरी घटना देखी। घायल युवक ने थाना कैराना पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर प्राप्त हो गई है और मामले की जांच कर साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मिशन शक्ति टीम के तहत महिलाओं को किया जागरूक

शाह टाइम्स संवाददाता

**थानाभवन।** महिला सशक्तिकरण अभियान मिशन शक्ति फेस 5.2 के अंतर्गत शनिवार को मिशन शक्ति पुलिस टीम उप निरीक्षक हरपाल सिंह व महिला कांस्टेबल शिवानी द्वारा ग्राम चंदेनामाल थाना थानाभवन में बालिकाओं व महिलाओं को तीन नए आपराधिक कानूनों के प्रति जागरुकता अभियान एवं दण्ड से न्याय की ओर नए आपरा. धिक कानूनों से महिलाओं का होगा सशक्तिकरण,साइबर क्राइम धोखाधड़ी छेड़खानी बाल अपराध तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं व हेल्पलाइन नंबर जैसे 1090 वूमेन पावर 181 महिला हेल्पलाइन 112 पुलिस आपातक. ालीन सेवा 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 108 एंबुलेंस सेवा तथा आदि योजनाओं जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, समूह विवाह योजना व ऑपरेशन सवेरा के अंतर्गत जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया।



# सत्यनारायण में बांटी साइकिल

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** नगर के श्री सत्यनारायण इंटर कॉलेज की छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। लायंस क्लब शामली उज्ज्वल द्वारा छात्राओं को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्रबंध समिति के अध्यक्ष सुशील कुमार गर्ग, राजीव संगल, नन्द कुमार कंसल, क्लब अध्यक्ष कमल गोयल और प्रधानाचार्य अनिल शर्मा ने किया। इस दौरान छात्रा वन्दना, दिव्या, वंशिका पाल, रीता, सानवी को साइकिलें वितरित कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में किसी भी प्रकार की समस्या का सामना करने में वे हमेशा उनके साथ खड़े हैं। कार्यक्रम के दौरान अनिल कश्यप, सतीश आत्रेय मौजूद रहे।



# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व यात्रा को दल हुआ रवाना

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व यात्रा (गुजरात) के लिए शामली जनपद के तीर्थ यात्रियों के दल को रवाना करते हुए सीडीओ विनय कुमार तिवारी जी, पी.डी प्रेमचंद एआरटीओ रोहित राजपूत , अंकुर यादव डीएसओ ने सभी यात्रियों को माला पहनाकर बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी अश्वनी कुमार त्यागी उप क्रीड़ा अधिकारी की देख-रेख में पूरी यात्रा को संपंन कराने की जिम्मेदारी जिला प्रशासन शामली द्वारा सौंपी गई।

## जैन कन्या इंटर कालेज में पुरुस्कार वितरण समारोह का हुआ आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** नगर के श्री जैन कन्या इंटर कॉलेज में शनिवार को पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें विद्यालय की सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया।

शनिवार को मुख्य अतिथि विधायक प्रसन्न चौधरी ने मेधावी छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होने कहा कि सफलता केवल परिश्रम, अनुशासन और लगन से ही मिलती है। आप सभी को अपनी मेहनत को निरंतर जारी रखना चाहिए और अपने विद्यालय और जनपद का नाम रोशन करना चाहिए। उन्होंने छात्राओं से अपने भविष्य को संवारने के लिए और अधिक मेहनत करने की प्रेरणा दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रबंधक वीरेंद्र कुमार जैन और प्रधानाचार्य डॉ. रुचिता ढाका ने मेधावी छात्राओं की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आज का यह सम्मान अन्य छात्राओं के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगा। समारोह के दौरान विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं छात्राऐं भी उपस्थित रही।

# आईएपीएम में महताब शानू बने जिलाध्यक्ष

शाह टाइम्स संवाददाता

**कैराना।** इंडियन एसोसिएशन ऑफ प्रेस-एन-मीडियामैन (आईएपीएम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन सहयोगी से दिल्ली स्थित प्रेस क्लब कार्यालय में हुई मुलाकात के दौरान कैराना के वरिष्ठ पत्रकार चौधरी महताब शानू को संगठन का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस नियुक्ति से क्षेत्र के पत्रकारों में खुशी की लहर है। मुलाकात के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन सहयोगी ने पत्रकारिता से जुड़े विषयों पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया और संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आहवान किया। उन्होंने चौधरी महताब शानू को नई जिम्मेदारी सौंपते हुए संगठन के विस्तार और सुदृढ़ीकरण की अपेक्षा जताई। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष चौधरी महताब शानू ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ संगठन के हित में कार्य करेंगे तथा पत्रकारों की आवाज को मजबूती से उठाएंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही शामली में बैठक आयोजित कर नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव महेश कुमार शर्मा ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मेहनत और लगन से ही सफलता प्राप्त होती है। उन्होंने नवदायित्व के निर्वहन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकार साथियों ने भी महताब शानू को बधाई दी और उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। इस दौरान अब्दुल सत्तार, सन्नी गर्ग, सलीम चौधरी, सालिम अंसारी, इरफान चौधरी, सुनील वर्मा, हरेंद्र मलिक, सादिक चौधरी, फुरकान जंग, आरिफ जंग, इस्तखार भाटी, सद्दाम राणा, इंशाद राणा, राजवीर चौधरी, तोसिफ चौधरी, आशु चौधरी, पप्पू चौधरी आदि मौजूद रहे।



# संपूर्ण समाधान दिवस में तीन शिकायतों का निस्तारण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व, पूर्ति, चकबंदी, पुलिस, सिंचाई आदि विभागो से सम्बंधित 37 फरियादियों ने अपनी अपनी शिकायतें दर्ज कराई। जिनमें से तीन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। समाधान दिवस में कुछ लोग अपने यहां होने वाले विवाह समारोह आदि के कार्ड भी लेकर पहुंचे और अधिकारियों को दिखाते हुए गैस सिलेंडर दिलवाए जाने की मांग की।

सहारनपुर मुजफ्फरनगर रोड स्थित खंड विकास कार्यालय सभागार में अपर जिलाधिकारी (एफ) सलील कुमार पटेल की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में राजस्व विभाग, पूर्ति विभाग, चकबंदी, पुलिस एवं सिंचाई विभाग से संबंधित 37 शिकायत दर्ज की गई। सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित रहीं। अधिकारियों




ने सभी शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। समाधान दिवस में काफी संख्या में लोग अपने यहां होने वाले विवाह समारोह आदि के कार्ड लेकर पहुंचे और अधिकारियों को दिखाते हुए गैस सिलेंडर दिलवाए जाने की मांग की। उपजिलाधिकारी युवराज सिंह, तहस.ीलदार पुष्पांकर देव, खंड विकास अधिकारी अमित नारंग, नायब तहस.ीलदार मोनिका चौहान, नजाकत सिद्दीकी आदि स्थानीय विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मुख्य रूप से शामिल रहे।

# मदरसा छात्रों को आग से बचाव के दिए टिप्स

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह के तहत विश्व प्रसिद्ध इस्लामिक शिक्षण संस्था दारुल उलूम में फायर ब्रिगेड की टीम ने एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया। इसमें मदरसा छात्रों और जिम्मेदारों को आग से बचाव के गुर सिखाए गए।

अग्निशमन अधिकारी रोहित कुमार के नेतृत्व में इस्लामिक शिक्षण संस्था दारुल उलूम में पहुंची टीम ने मदरसा छात्रों, संस्था के जिम्मेदारों और कर्मचारियों को आग लगने की स्थिति में बचाव और राहत कार्यों का व्यावहारिक प्रशिक्षण (मॉक ड्रिल) दिया। समझाया कि आग किन कारणों से लगती है और शुरुआती क्षणों में उसे कैसे नियंत्रित किया जा सकता है। रोहित कुमार ने कहा कि आग लगने की घटना होने पर बिल्कुल भी घबराना नहीं चाहिए। अकसर घबराहट में लोग गलत कदम



उठा लेते हैं, जिससे नुकसान बढ़ जाता है। ऐसी स्थिति में पूरे होश और हिम्मत के साथ उपलब्ध उपकरणों का प्रयोग करना चाहिए। इस दौरान बड़ी संख्या में मदरसा छात्र और कर्मचारी शामिल रहे।

# मेले में चल रहे आर्य समाज का शिविर वैदिक यज्ञ के साथ हुआ संपन्न

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मेले में चल रहे आर्य समाज का शिविर शनिवार को वैदिक यज्ञ के साथ संपन्न हुआ। आर्यजन ने यज्ञ में आहुति देकर देश व समाज में सुख शांति की कामना की।

समापन समारोह में वैदिक विद्वानों ने भजनों के माध्यम से आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती के जीवन पर प्रकाश डाला। महर्षि दयानंद ने भारतीय मूल्यों पर आधारित शिक्षा के लिए गुरुकुलों के निर्माण पर जोर दिया था। आचार्य कर्मवीर ने बताया कि आचरण से ही हमारी पहचान होती है। सत्य पर चलो, क्योंकि सत्य से ही उन्नति के मार्ग खुलते हैं। इस दौरान आयोजकों की ओर से नगर पालिका अध्यक्ष



विपिन गर्ग, मेला चेयरमैन विपिन त्यागी को पटका पहनाकर एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। मास्टर जनेश्वर प्रसाद, डा. सुरेंद्र आर्य, मुकेश आर्य, मांगेराम आर्य, जगपाल आर्य, जोगेंद्र प्रधान, देवपाल आर्य, सोनिया, संगीता व डा. महावीर आदि शामिल रहे।

# बुखारी शरीफ का पाठ पढ़ाकर नए सत्र की शुरुआत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** मदरसा दारुल उलूम फारूकिया में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हुई। इसमें दारुल उलूम के शेखुल हदीस मौलाना मुफ्ती अमीन पालनपुरी ने छात्रों को बुखारी शरीफ का पहला सबक पढ़ाया। साथ ही छात्रों से मेहनत और लगन के साथ तालीम हासिल करने की नसीहत की।

ईदगाह रोड स्थित मदरसे में हुए कार्यक्रम में मुफ्ती अमीन पालनपुरी ने कहा कि छात्रों को नसीहत करते हुए कहा कि बुखारी शरीफ की शुरुआत इखलास (नीयत की शुद्धि) की हदीस से होती है। यह इस बात का संकेत है कि दीन के ज्ञान की इमारत केवल और केवल इखलास की बुनियाद पर ही खड़ी हो सकती है। उन्होंने छात्रों को अपने शैक्षिक सफर में तकवा (परहेजगारी), विनम्रता और बुजुर्गों के पदचिन्हों पर चलने की नसीहत की। कहा कि यही वह रास्ता है जो इंसान को सच्ची इंसानियत के ऊंचे पद पर पहुंचाता है। कार्यक्रम के अंत में संस्था के मोहतमिम मौलाना नूरुलहुदा कासमी बस्तवी ने छात्रों से आह्वान किया कि वह



जिस फिजूल कामों में न पड़कर सिर्फ पढ़ाई पर ही ध्यान केंद्रित करें। इस मौके पर दारुल उलूम के उस्ताद मौलाना मुफ्ती आदिल, मौलाना अबू शि.बली, मौलाना मेराज आदि शामिल रहे।

## परशुराम जयंती मनाई

**नजीबाबाद।** विद्या भारती द्वारा संचालित निर्मला गोकुल सिंह यादव सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में भगवान परशुराम जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य जितेंद्र सिंह ने किया। उन्होंने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर और पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। प्रधानाचार्य जितेंद्र सिंह सहित सभी आचार्य और आचार्याओं ने भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर आचार्य घनश्याम सिंह ने छात्रों को बताया कि भगवान परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार हैं। उनका जन्म त्रेता युग में महर्षि जमदग्नि और माता रेणुका के घर वैशाख शुक्ल तृतीया (अक्षय तृतीया) को हुआ था।



## मेरठ बार एसो. के महासचिव से शिष्टाचार भेंट

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** मेरठ बार एसोसिएशन के महासचिव परवेज आलम से शिष्टाचार भेंट कर उनको मुबारकबाद दी गई। इस दौरान मुख्य अधिवक्ता मुनव्वर हुसैन (अधिवक्ता जमीअत उलेमा हिन्द मुजफ्फरनगर) व मौ. जाहिद एडवोकेट जिला युवा महासचिव कांग्रेस कमेटी मुजफ्फरनगर आदि मौजूद रहे।

# डीएपी खाद के 27 कट्टे चोरी होने से हड़कंप

शाह टाइम्स संवाददाता

**नांगल सोती।** ग्राम शहजादपुर में गन्ना समिति के गोदाम का ताला तोड़कर डीएपी खाद के 27 कट्टे चोरी कर लिए। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

नजीबाबाद गन्ना विकास समिति का ग्राम शहजादपुर में पंचायत घर के पास खाद का गोदाम है। गोदाम मंगलवार से बंद पड़ा था। आज सुबह करीब 11 बजे जब गोदाम इंचार्ज राजीव कुमार गोदाम पर पहुंचे, तो उन्हें गोदाम के गेट पर लगे तीनों ताले टूटे खुले हुए मिले। जिसे देख उनके होश उड़ गए। जिसकी सूचना उन्होंने अपने विभाग के उच्चाधिकारियों को दी। सूचना मिलने पर गन्ना समिति सचिव विजय शुक्ला पर भी गोदाम पर पहुंचे और घटना की सूचना पुलिस को दी। थाना अध्यक्ष अमर सिंह राठौर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जांच शुरू की। घटना की रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

# रैली निकाल समाज को जागरूक करने का दिया संदेश

**मुजफ्फरनगर।** महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नारी शक्ति सम्मेलन' के अंतर्गत एसडी कॉलेज ऑफ इंजी. नियरिंग एण्ड टैक्नोलोजी में रैली का आयोजन कर महिला अधिकार, समानता, शिक्षा एवं आत्मनिर्भरता से संबंधित नारों के माध्यम से समाज को जागरूक करने का संदेश दिया।

जानसठ रोड स्थित एसडी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलोजी में 'नारी शक्ति सम्मेलन' के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जागरूकता रैली का शुभारंभ कॉलेज परिसर से कर विभिन्न मार्गों से होते हुए पुन: संस्थान में आकर समाप्त हुई। इस दौरान प्रतिभागियों ने महिला अधिकार, समानता, शिक्षा एवं




आत्मनिर्भरता से संबंधित नारों के माध्यम से समाज को जागरूक करने का संदेश दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के प्रति समाज में सकारात्मक सोच विकसित करना तथा उन्हें उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना था। रैली में छात्राओं ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, नारी शक्ति- देश की शक्ति जैसे प्रेरणादायक संदेशों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर संस्थान के सचिव अनुभव कुमार ने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण किसी भी समाज की प्रगति का आधार है। उन्होंने छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनने और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। कॉलेज के निदेशक डॉ. सिद्धार्थ शर्मा ने कहा कि आज के युग में महिलाओं की भूमिका हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण होती जा रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जो महिलाओं को सशक्त बनाकर उन्हें आत्मविश्वास एवं नेतृत्व प्रदान करती है। उन्होंने छात्राओं को अपने लक्ष्यों के प्रति समर्पित रहने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए आगे आने का आह्वान किया।

# आग से बचाव के उपाय बताए

## अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह के तहत जागरूकता अभियान

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** फायर स्टेशन धामपुर द्वारा 'अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह' के अंतर्गत क्षेत्र के विभिन्न व्यावसायिक भवनों में जागरूकता अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान फायर विभाग की टीम ने व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में जाकर आग से बचाव एवं आग लगने की स्थिति में तुरंत नियंत्रण के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस वर्ष की थीम (सुरक्षित विद्यालय,



सुरक्षित अस्पताल एवं अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक समाज) पर विशेष जोर दिया गया।

फायर कर्मियों ने उपस्थित प्रतिष्ठान स्वामियों, प्रबंधकों एवं आम नागरिकों को बताया कि थोड़ी सी सावधानी बरतकर बड़ी अग्नि दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। साथ ही आग से संबंधित सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूक करने के लिए पंपलेट भी वितरित किए गए। इस दौरान लोगों को विद्युत उपकरणों के सुरक्षित उपयोग, गैस सिलेंडर की देखभाल तथा आपात स्थिति में तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना देने के महत्व के बारे में भी बताया गया। फायर विभाग के इस अभियान का उद्देश्य जनमानस में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और संभावित दुर्घटनाओं को रोकना है।

## उधारी मांगने पर जान से मारने की धमकी

**चांदपुर।** ग्राम खानपुर निवासी अंकित कुमार पुत्र विनोद कुमार ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है उसने तीन वर्ष पूर्व ग्राम जोया, थाना अमरोहा निवासी खुश नवाज पुत्र नामालूम से दस लाख रुपए लेकर ग्राम नलपुरा थाना चांदपुर निवासी पिंटू पुत्र पप्पू को दिए थे। काफी समय बाद भी पिंटू ने खुशनवाज को पैसे नहीं दिए खुशनवाज ने जब पीड़ित पर पैसे लेने का दबाव बनाया, तो पीड़ित ने खुशनवाज को अपने पास से छह लाख रुपए दे दिए। अब खुशनवाज पीड़ित से कह रहा है कि तू मुझे पिंटू से चार लाख रुपए दिला वरना मैं तुझे मौत के घाट उतरवा दूंगा। पीडित ने मुकदमा दर्ज कराया है।

# विधेयक पारित न होने पर विपक्ष की सराहना

शाह टाइम्स संवाददाता

**बुंदकी।** कश्यप संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सपा पिछड़ा वर्ग के जिला अध्यक्ष बीके कश्यप एड. ने महिला आरक्षण विधेयक के पारित नहीं हो पाने को लेकर विपक्ष की सराहना की।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की महिला आरक्षण के नाम पर पिछड़ी, दलित और अल्पसंख्यक महिलाओं के हक अधिकारों को ठगने की मंशा को उजागर किया है। बीके कश्यप ने कहा कि सरकार परिसीमन की आड़ में भारत का निर्वाचक मानचित्र बदल देना चाहती है, लेकिन इससे महिलाओं का सशक्तिकरण नहीं होने वाला है।



उन्होंने कहा कि भाजपा ओबीसी को और दलितों को हिंदू तो कहती है, पर सत्ता में उन्हें स्थान नहीं देती। कॉर्पोरेट में ओबीसी, दलित कहां हैं ?, शिक्षा के क्षेत्र में वंचित वर्ग कहां हैं?, निजी क्षेत्र में ओबीसी दलित कहां हैं? सार्वजनिक क्षेत्र से वंचितों को हटाया जा रहा है और भाजपा केवल महिला आरक्षण विधेयक बिल के नाम पर महिलाओं और जनता को गुमराह करने का काम कर रहीं थी।

इनके इस कृत्य को जनता जान चुकी हैं और 2027 के चुनाव में पूर्ण और प्रचंड बहुमत से उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव की सरकार बनेगी। क्योंकि केवल अखिलेश यादव ही पिछड़ों और दलितों अल्पसंख्यक समाज के हितों की लड़ाई लड़ रहे हैं। जातीय जनगणना की बात करते हैं, सभी को उनके संख्या के आधार पर हक और सम्मान मिलने की बात करते हैं, अखिलेश यादव जी आज के युग में पिछड़ों के जननायक के रूप में कार्य कर रहे हैं।

# उपायुक्त ने आत्मनिर्भर बनने के लिए किया प्रेरित

**बिजनौर।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजी. विका मिशन (NRLM) के अंतर्गत जनपद में संचालित गति. विधियों की प्रगति की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त (स्वत: रोजगार) वीरेंद्र यादव द्वारा नरसिंह प्रेरणा क्लस्टर लेवल फेडरेशन (सीएलएफ), आंकू (नहटौर) का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण, वित्तीय लेन-देन की पारदर्शिता एवं स्वयं सहायता समूहों (SHGs) द्वारा संचालित विभिन्न आजीविका गतिविधियों का गहन अवलोकन किया गया। उपायुक्त द्वारा अभिलेखों के बेहतर रखरखाव तथा कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। संवाद कार्यक्रम में वीरेंद्र यादव ने समूह से जुड़ी महिलाओं से सीधे संवाद स्थापित करते हुए उन्हें 'विदुर' ब्रांड के अंतर्गत अपने उत्पादों को जोड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि 'विदुर' ब्रांड के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे महिलाओं की आय में वृद्धि सुनिश्चित हो रही है तथा 'वोकल फॉर लोकल' को भी बढ़ावा मिल रहा है। 'लखपति दीदी' पहल का उल्लेख करते हुए उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने, नियमित बचत एवं निवेश की आदत विकसित करने तथा आय के विविध स्रोत अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने पर प्रत्येक महिला आर्थिक रूप से सशक्त बन सकती है।

# टॉपर्स फेलिसिटेशन एवं इन्वेस्टीचर सेरेमनी में छात्राओं को किया पुरस्कृत

शाह टाइम्स संवाददाता

**चांदपुर।** फादरसन पब्लिक स्कूल में आज टॉपर्स फेलिसिटेशन एवं इन्वेस्टीचर सेरेमनी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की मैनेजर आभा सिंह, उनकी पुत्री वसुंधरा तथा प्रिंसिपल अमन कुमार सूर्यवंशी की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा को और बढ़ा दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। जिसके पश्चात विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। मैनेजर मैडम आभा सिंह द्वारा विद्यालय के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले टॉपर्स को क्रमश:




11 हजार, सात हजार एवं पांच हजार रुपए के चेक प्रदान किए गए। साथ ही इन मेधावी विद्यार्थियों को आभा फाउंडेशन के अंतर्गत प्रोत्साहन स्वरूप साइकिल भी भेंट की गई। कार्यक्रम के दौरान नव-निर्वाचित छात्र परिषद का शपथ ग्रहण एवं बैज वितरण भी किया गया। हेड बॉय प्रतीक कुमार एवं हेड गर्ल ग्रेस वर्मा ने अपने संबोधन में विद्यालय के विकास, अनुशासन और विद्यार्थियों उज्ज्वल भविष्य के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे अपनी जिम्मेदारियों का पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे और विद्यालय का नाम और ऊंचा करेंगे। मैनेजर मैडम आभा सिंह एवं वसुंधरा जी ने सभी टॉपर्स को हार्दिक बधाई दी तथा इन्वेस्टीचर सेरेमनी में चयनित सभी विद्यार्थियों को नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि मेहनत, अनुशासन और समर्पण ही सफलता की कुंजी हैं। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। यह समारोह न केवल विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक रहा। बल्कि विद्यालय की उत्कृष्ट शैक्षणिक और नेतृत्व परंपरा का प्रतीक भी बना।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद देवबन्द (सहारनपुर)**

पत्रांक: मीमो/न0प0परि0दे0/2026-27 दिनांक: 05.03.2026

कुटेशन सूचना

समस्त इच्छुक फर्मदाताओं को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद देवबन्द द्वारा पालिका निधि/राज्यवित्त आयोग के अन्तर्गत मेला वर्ष 2026 के प्रचार-प्रसार कार्य के लिए दर निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्य के लिए इच्छुक फर्मदाता अपने-अपने रेट बंद लिफाफे में दिनांक: 16-03-2026 को दोपहर 2:00 बजे तक पालिका में जमा कर सकते है। तथा अन्य शर्त किसी भी कार्य दिवस में पालि. का में देखी जा सकती है। रेट स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार अध्यक्ष महोदय में निहित होगा।

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | विवरण |
|---|---|---|
| 1. | फलैक्स बैनर | प्रति वर्ग फुट |
| 2. | फलैक्स बैनर लेबर | प्रति बैनर |
| 3. | फलैक्स बैनर मय फ्रेम | प्रति वर्ग फुट |
| 4. | फलैक्स बैनर मय फ्रेम लेबर | प्रति बैनर |
| 5. | परिचय पत्र/वाहन पास | प्रति नग |

(राजपति बैस)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद देवबन्द

(विपिन कुमार)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद देवबन्द

# जातीय अपमान से आहत युवक ने उठाया खौफनाक कदम

## एसपी सिटी बोले-मामला पैसों की लेनदेन का

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** कोतवाली क्षेत्र के गांव गंगधाड़ी में शनिवार को एक बेहद चिंताजनक और झकझोर देने वाली घटना सामने आई, जहां कथित जातिसूचक अपमान और मारपीट से आहत एक दलित युवक ने खुद को आग लगाकर जान देने की कोशिश की। इस घटना से पूरे गांव में हड़कंप मच गया और माहौल तनावपूर्ण हो गया।

जानकारी के मुताबिक, गांव निवासी हिमांशु पुत्र बेदु से गांव के ही टिंकू उर्फ गौरव पुत्र राकेश ने फूलों की गाड़ी में सामान लोड कराने को कहा था। किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि इस दौरान गौरव ने हिमांशु के साथ न केवल मारपीट की, बल्कि जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल कर उसे अपमानित भी किया। इस घटना से हिमांशु गहरे मानसिक आघात में आ गया।बताया जा रहा है कि कुछ ही देर बाद हिमांशु आरोपी के घर के पास स्थित एक बैंक के सामने पहुंचा और अपने ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा ली। आग की लपटों में घिरते ही वहां अफरा-तफरी मच गई। घबराया युवक इधर-उधर भागा, जिससे मौके पर भगदड़ जैसी स्थिति बन गई।

आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक वह लगभग 25 प्रतिशत तक झुलस चुका था।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को तत्काल बेगराजपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया।

प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे दिल्ली रेफर कर दिया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।घटना के बाद पीड़ित के भाई बिटू ने कोतवाली में आरोपी के खिलाफ तहरीर दी।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी टिंकू उर्फ गौरव के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया और जेल भेज दिया है। एसपी सिटी अमृत जैन ने भी घटना का संज्ञान लेते हुए मौके का निरीक्षण किया और अस्पताल



पहुंचकर घायल युवक का हाल जाना। उन्होंने मामले में निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इधर, गांव में इस बात को लेकर भी चर्चाएं हैं कि घटना के समय मौजूद कुछ लोग समय रहते युवक की मदद के लिए आगे नहीं आए। पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है और हर पहलू पर नजर रखे हुए है।

# ग्रामीण की हत्या कर शव नहर में फेंका, सीसीटीवी कैमरों से खुला राज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** रामराज थाना क्षेत्र के गांव पुट्ठी इब्राहीमपुर निवासी 50 वर्षीय सुरेश कुमार सोलह अप्रैल कीशाम अचानक लापताहो गए थे। समय से जब वह घर नहीं लौटते तो परिजनो ने उनकी तलाश शुरू की और जब कोई सुराग नही लगा तो इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लिया और काफी दूर तक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और यहीं से पुलिस को कामयाबी मिलनी शुरू हुई। जैसा की सूत्रों का कहना हे कि सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में सुरेश को तीन युवक कार में बैठाकर ले जाते हुए दिखाई पड रहे है। अब पुलिस ने उक्त संदिग्ध लोगों की पहचान और उनकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू किए इस मामले में पुलिस ने शेखपुर फिरोजपुर निवासी विकुल गुर्जर को हिरासत में लिया। पुलिस सूत्रों का कहना है कि पूछताछ में पता लगा कि विकुल फौजी है और वह कुछ दिनपूर्व छुट्टी पर घर आया था और सोलह अप्रैल को अपने दो साथियों के साथ कार में सवार हो कर मीरांपुर से रामराज की ओर जा रहा था इसी बीच उसे ईट के भट्टे के पास सुरेश खडा हुआ मिला और बातचीत करते हुए उसको कार में बैठाया गया। किसी बात को लेकर कहासुनी हुई और सुरेश का गला दबाकर उसकी हत्या की गई और शव को गंगनहर में फेंक दिया। यह कृत्य साक्ष्य को मिटाने के लिए किया गया।

पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर गंगनहर से शव को बरामद कर शव को पीएम के लिए भेजा। सूचना के बाद सीओ जानसठ मौके पर पहुंची। और घटना स्थल का मौका मुआयना किया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या, अपहरण और एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया। और गिरफ्तार किए गए आरोपी को जेल भेज दिया। अब पुलिस को उसके दो फरार साथियों की तलाश है। घटना के पीछे क्या कारण है यह पुलिस जांच का विषय है फिलहाल मामूली बात को लेकर और मामूली कहा सुनी को लेकर हत्या होना बताया जा रहा है।

# शामली मार्ग पर गंधक से भरा ट्रक पलटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शामली मार्ग के तितावी क्षेत्र में गंधक से भरा ट्रक पलटने से इस मार्ग पर अचानक ही धुंआ से उटने लगा और सड़क पर बिखरी ज्वलनशील सामाग्री को देखकर इधर से गुजरने वाले राहगीरों में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा । काफी देर तक यहां धुंआ से उडता रहा और लोगों में दहशत बनी रही।

तितावी क्षेत्र में अचानक ही उस समय अफरा-तफरी व हड़कंप मच गया जब तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर मुख्य मार्ग पर पलट गया। ट्रक पलटते ही काफी दूर तक ज्वलनशील सामाग्री फैल गई और जहां तक सामाग्री थी वहां तक धुंआ उठने लगा। यह नजारा देखकर



लोगों में अफरा-तफरी बनी रही और राहगीर भी दोनो साइडों में रूक गए। यहां पर लोगों को यह दहशत थी कि कही धुएं के साथ आग न लग जाए।

काफी देर तक लोगों का आवागमन रूका रहा। और वाहन चालक अपने-अपने वाहनों को खड कर सही स्थान पर खडे हो गए। कुछ देर के लिए तो यहां वाहनों की कतारे लग गई थी और जाम की स्थिति कुछ देर के लिए बनी। यात्रियों को काफी देर तक परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और कार्यवाही शुरू की। पुलिस ने सड़क पर पडे गंधक को हटाया इसके काफी देर बाद यातायात चालू हुआ।

# पांच दिनों में पांच नाबालिग लड़कियां हुईं गायब

■ **अल्पसंख्यक समुदाय पर मंडराया काला साया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना पुलिस चौकी क्षेत्र से अलग अलग स्थानों से इसी सप्ताह कुल 05 दिनों में अल्पसंख्यक समुदाय की पांच नाबालिग किशोरियों के रहस्यमय तरीके से गायब होने की खबर है। फिलहाल दो मामलों में आरोपी दूसरे सांप्रदाय के युवक बताए गये हैं। आरोप के मुताबिक बुढ़ाना पुलिस इन मामलों में सही तरीके से दिलचस्पी नही ले रही है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव सफीपुर पट्टी निवासी अल्पसंख्यक समाज के एक व्यक्ति ने बुढ़ाना पुलिस को बीते शुक्रवार को एक तहरीर देते हुए बतलाया था कि लगभग 16 साल की उसकी नाबालिग पुत्री, लगभग 17 साल की उसकी नाबालिग भतीजी और पडोस में रहने वाली लगभग 17 साल की नाबालिग किशोरी बीती 16 अप्रैल की दोपहर को घर से बिना बताए चली गई। जो वापस लोटकर नही आयी हैं। उसने रहस्यमय ढंग से गायब हुई तीनों किशोरियों को इधर उधर संभावित स्थानों पर काफी तलाश कर लिया लेकिन तीनों ही किशोरियों का कोई भी सुराग नहीं लग पाया है। इसके अलावा बुढ़ाना कस्बे के एक मौहल्ले से भी अल्पसंख्यक समाज की ही एक किशोरी के गायब होने की खबर है। आरोप के मुता. बिक दूसरे सांप्रदाय का युवक उक्त युवती को लेकर फरार हो गया है। परिजनों ने वैसे अभी बुढाना पुलिस को इस बात की सूचना नहीं दी है। वे अभी दोनों को अपने स्तर से तलाश करने में लगे हैं। इसके अलावा अल्पसंख्यक समाज की ही पांचवीं नाबालिग किशोरी के संबंध में शनिवार के दिन पीड़ित परिवार के लोगों ने मीडिया को तहसील दिवस में दिया जाने वाला एक प्रार्थना पत्र सौंपा और बतलाया कि वह बुढ़ाना की एक कालौनी का निवासी है। उसकी नाबालिग बहन को बीती 15 अप्रैल को बुढ़ाना निवासी सागर पुत्र अशोक बहला फुसलाकर ले गया। उसकी बहन को भगाने में सागर के पिता अशोक, मां मुनेश, सागर के भाई राहुल, रोहित, राजा, सागर के मामा काकू, लक्ष्मन, काला उर्फ राम हैं। ये उसी दिन से घर मे ताला लगाकर फरार हो गये हैं। मुझे डर बना हुआ है कि ये सभी मिलकर मेरी नाबालिग बहन के साथ कोई घटना घटित कर सकते हैं। मैंने इस सम्बन्ध में बुढाना कोतवाली मे दो बार प्रार्थना पत्र भी दिए परन्तु आज तक पुलिस ने कोई भी कार्यवाही सागर व उसके परिवार के विरूद्ध नही की है। उसकी बहन का आज तक कोई पता नही चला है कि वह कहां पर है। वह बाहर रहता है। घर पर केवल उसकी वृद्ध मां बहन रहती थी। मां हार्ट पैसेंट हैं। मैने सागर को समझाया लेकिन उसी समय उसने धमकी दी कि अगर इस बीच कोई आया तो उसे जान से मार दूंगा।

# भाजपा के पूर्व मंत्री के बेटे पर छेड़खानी का आरोप, दो युवक गिरफ्तार

## घर के बाहर खड़ी मां-बेटी के साथ की छेड़छाड़, स्कूटी सीज

■ **पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर किया मुकदमा दर्ज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कानून का शिकंजा या यूं कहा जाए कि सख्त कानून हलके-फुलके लोगों के या छोटे अपराधियों के लिए ही है शायद। यह बात हम इसलिए कह रहे है कि जो घटना जिस तरह से छेडखानी की नई मंडी में घटी है यदि कोई हलका अपराधी होता तो शायद कानून का सख्त शिकंजा उस पर होता, लेकिन यहां मामला पूर्व मंत्री के बेटे से जुडा है। दो युवक स्कूटी पर सवार होकर आते है और मां-बेटी पर छिटा कसी कर उन्हे अपशब्द कहे जाते है, हालांकि लडकी और उसकी मां युवकों का अपनी बोल चाल से ही पूरा सामना कर रही है, लेकिन पुलिस ने भाजपा के पूर्व मंत्री के बेटे और उसके साथी पर मात्र शांतिभंग में कार्यवाही की है।

इस पूरे प्रकरण का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और वीडियो से स्पष्ट हो रहा है कि युवक घटना के समय किस हालत में थे और वह किस तरह का मां बेटी से व्यवहार कर रहे है?

बता दे कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो जोरो ओर सोरो से वायरल हो रहा है। यदि वीडियो को सुनकर यही अंदाजा हो रहा है कि यह वीडियो पीड़ित युवती ने बनाई है क्योकि युवती स्कूटी सवार युवकों का पूरजोर करती हुई उनके एक-एक शब्द का पलटवार कर रही है। और वायरल वीडियो में युवती कह रही है कि वह उनकी वीडियो बना रही है और वह उसको वायरल भी कर सकती है, हालांकि यह स्पष्ट रूप से नहीं कहा सकता है कि वीडियो युवती ने बनाई है या किसी और ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल की है, लेकिन वायरल वीडियो से यह स्पष्ट हो रहा है कि स्कूटी सवार युवक घटना स्थल पर रूकते है और बिना बात या यूं कहा कि बिना अकराण ही मां-बेटी से बत्तमीजी और उनसे अश्लील शब्दों में बाते कर रहे है। युवती ने पूरा सामना भी किया और उन्हे लगातार जवाब देती रही।

वायरल वीडियों में युवक अपने को शराब के नशे में होना बता रहे है जब युवती ने अपने परिवार को बुलाया तो आरोपी मौके से फरार हो गए। यह मामला नई मंडी कोतवाली तक पहुंचा इतना ही नहीं कुछ ही देर में इसका संज्ञान पुलिस अधिकारियों ने लिया और सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो का तुरंत संज्ञान लेते हुए उनकी सीसीटीवी कैमरों के आधार पर पहचान की और पीडित पक्ष से तहरीर लेकर तुरंत मुकदमा दर्ज कर लिया गया। शनिवार को पुलिस ने आर्यमान रघुवंशी पुत्र सुधीर बालियान निवासी पचैण्डा रोड और शौर्य गुप्ता पुत्र मनीष गुप्ता निवासी शिवपुरी को गिरफ्तार कर उन्हे कोर्ट में पेश किया। पुलिस ने स्कूटी को भी सीज कर दिया है। उधर भाजपा नेता के बेटे और उस पर कानूनी कार्यवाही के बाद भाजपा नेताओं में हलचल मची हुई है लोग यही सवाल कर रहे है कि यदि कोई और होता तो शायद उस पर कानून का सख्त शिकंजा होता। शायद उस पर और धाराएं भी लगती इतना ही नहीं पिछली घटनाओं की तरह पुलिस पकडे गए दोनो युवकों पर भी वहीं कार्यवाही करती।

# न्यायाधीश ने किया बाल सम्प्रेक्षण ग्रह का निरीक्षण

## व्यवस्थाओं का लिजा जायजा, दिशा-निर्देश दिए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद के न्यायाधीश विरेन्द्र कुमार सिंह व अधिनस्थों ने बाल सम्प्रेक्षण ग्रह का औचक निरीक्षण किया। और यहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होने संस्था में निरूद्ध किशोरो से मुलाकात कर उनका हाल जाना और सभी की समस्याएं पूछी। उन्होने पिछले निर्देषों की जानकारी भी ली। निरीक्षण के दौरान अपर जिला जज ज्योतिषना शिवाच, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव डॉक्टर सतेन्द्र चौधरी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कविता अग्रवाल, उप जिलाधिकारी सदर प्रवीन कुमार द्विवेदी, जिला प्रवोचन अधिकारी संजय कुमार और सीओ यातायात रविन्द्र प्रताप सिंह भी मौजूद रहे। जनपद न्यायाधीश ने यहां रह रहे किशोरो के आवास के संबंध में जानकारी लेते हुए उनको दिया जाने वाला भोजन और शिक्षा के संबंध भी जानकारी ली। अधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान उनके सुधार और सुविधा को बेहतर बनाने के लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए अधिकारियों ने कहा कि किशोरो को सकारात्मक वातावरण मिलना चाहिए जिनसे उनके भविष्य में सुधार हो। इस दौरान सहायक अध्यापक व समस्त स्टाफ सुरक्षा कर्मी भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने कहा कि यहां पर किशोरो को अच्छी शिक्षा और अच्छी सुविधाएं मिले। इस दौरान संस्था प्रभारी मोहित कुमार ने निरीक्षण दल को संस्था की व्यवस्थाओं और संचालित गतिविधियों की जानकारी भी दी है।

बाल सम्प्रेक्षण गृह में इस दौरान सभी व्यवस्था ठीक प्रकार की मिली है। बाल सम्प्रेक्षण गृह पहुंचे अधिकारी काफी समय तक यहां रूके और उन्होने किशोरो के रहन-सहन और उनके स्वास्थ्यों से संबंधित जानकारी लेते हुए यहां के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है।

# अस्पताल में खड़ी एम्बुलेंस में लगी आग, भगदड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** मोरना में शुक्रताल मार्ग पर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के परिसर में खड़ी पुरानी एक एम्बुलेंस में शनिवार को दोपहर आग लग गयी। आग लगने से अस्पताल में चारों ओर गहरा धुवां फैल गया। आग की लपटों को देख मरीजों में भगदड़ मच गई। वहां मौजूद ग्रामीणों व स्टाफ कर्मचारियों की भीड़ इकट्ठा हो गई,स्टाफ कर्मचारी दिलशाद,जरीफ ,अंकुर,नरेंद्र कुमार, अंकुल,संजीव, इंद्रपाल आदि ने टंकी के पाइप की सहायता से घण्टो की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अजय कुमार ने बताया कि मोरना के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में पुरानी कंडम ऑफ रॉड एंबुलेंस खड़ी हुई है जिनमें एक एंबुलेंस में आग लग गयी।

**एम्बुलेंस में आग लगने का सिलसिला जारी:** मोरना भोपा के सरकारी अस्पताल में खड़ी पुरानी एंबुलेंस में आग लगने की घटनाएं लगातार जारी है शनिवार की दोपहर मोरना के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में खड़ी एक पुरानी एम्बुलेंस में आग लग गयी 3 दिसम्बर 2025 को भी दो पुरानी एम्बुलेंस में आग लग गई थी। मोरना भोपा के अस्पतालों में पुरानी एंबुलेंस खड़ी हुई है जिनको हटाने के लिए सम्बंधित अधिकारी को बार-बार कहा जा चुका है। स्टाफ की माने तो कंडम हो चुकी एम्बुलेंस अस्पताल परिसर के किसी कोने के आसपास खड़ी हो जाती हैं।

# गृह कलह से परेशान व्यक्ति ने नहर में कूदकर दी जान

■ **पुलिस व गोताखोरों ने शव को निकाला बाहर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** शुक्रवार देर रात घरेलू विवाद से परेशान एक व्यक्ति ने अलकनंदा गंगनहर में छलांग लगा दी।

सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से काफी प्रयास के बाद उसे नहर से बाहर निकाला गया। गंभीर अवस्था में व्यक्ति को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन चिकित्सकों की कोशिशों के बावजूद उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। प्रारंभ में मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी। उसके दाहिने हाथ पर 'टिंकल बेबी' लिखा हुआ था, जिसके आधार पर उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास किया गया।

बाद में परिजन उसे खोजते हुए खतौली पहुंचे और मृतक की पहचान जुगल किशोर पुत्र नत्थन निवासी मुजफ्फरनगर के रूप में हुई। परिजनों ने बताया कि जुगल किशोर पिछले कुछ समय से घरेलू कलह के चलते मानसिक तनाव में था और शराब का सेवन भी करता था। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।






# समाधान दिवस में शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण हो: डीएम

**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस का का उद्देश्य है कि एक ही स्थान पर उपस्थित जिला स्तरीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही शिकायतों को निस्तारित करने का प्रयास किया जाए और यदि किसी कारणवश यह संभव नहीं है, तो पूर्ण गुणवत्ता के साथ एक सप्ताह में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किया जाए। डीएम जसजीत कौर आज तहसील (सदर) में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतकर्ता द्वारा अपनी शिकायत पुनः प्रस्तुत करने का सीधा अर्थ है कि उसकी शिकायत को गंभीरतापूर्वक नहीं सुना गया या उसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण नहीं किया गया है। उन्होंने सभी अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि विभागीय अधिकारी जन शिकायतों का पूर्ण गुणवत्ता और मानक के अनुरूप निस्तारण करना सुनिश्चित करें और प्रयास करें कि मौके पर जा कर शिकायतकर्ता से सम्पर्क कर स्थानीय लोगों से भी वार्ता करें ताकि शिकायत की सत्यता प्रमाणित होने के साथ-साथ उसका निस्तारण भी गुणवत्तापरक होना संभव हो सके। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण के प्रति उत्तर प्रदेश सरकार अति संवेदनशील एवं गंभीर है और उच्च स्तर से शिकायतों की गुणवत्ता की सीधे जांच की जाती है।




## अमेरिका ने दी जहाजों पर लदे रूसी तेल पर लगी रोक पर अस्थायी छूट

**वॉशिंगटन।** अमरीकी वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को 17 अप्रैल तक जहाजों पर पहले से लदे रूसी कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति और बिक्री की इजाजत के लिए एक अस्थाई छूट देने की घोषणा की है। यह छूट 16 मई तक मान्य है। यह छूट सुनिश्चित करती है कि समुद्र में अभी मौजूद तेल अंतर्राष्ट्रीय खरीदारों तक पहुंच सके, साथ ही रूस पर कुल मिलाकर रोक का दबाव बना रहे। मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि जैसे-जैसे बातचीत आगे बढ़ रही है, मंत्रालय यह सुनिश्चित करना चाहता है कि तेल उन लोगों को मिले जिन्हें इसकी जरूरत है कि उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह कदम बाजार को स्थिर करने के लिए है, न कि रोक नीति में बदलाव के लिए। यह फैसला अमरीकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट के इस संकेत के कुछ ही दिनों बाद आया है कि प्रशासन रूसी तेल के लिए जनरल लाइसेंस नहीं बढ़ाएगा। इस मामले से जुड़े सूत्रों ने कहा कि ईरान युद्ध के बीच एशिया में बढ़ती ऊर्जा लागत का सामना कर रहे कई साझेदार देशों ने जी-20, विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की बैठक में चर्चा के दौरान वॉशिंगटन पर छूट बढ़ाने का दबाव डाला। यह घोषणा ईरान के विदेश मंत्री के इस टिप्पणी के बाद आई है कि युद्धविराम के दौरान होर्मुज जलमार्ग वाणिज्यिक जहाजों के लिए खुला रहेगा।



**श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में हज यात्रियों का पहला जत्था मक्का के लिए रवाना होते समय एक हज यात्री बच्ची को दुलारते हुए।**

## यूरोपीय लोगों के लिए अपनी सीमाएं बंद नहीं करेगा रूसः ग्रुश्को

**मॉस्को।** रूस के उप विदेश मंत्री अलेक्जेंडर ग्रुश्को ने कहा कि रूस, रूसियों के लिए शेंगेन वीजा नियमों में सख्ती के जवाब में यूरोपीय लोगों के लिए अपनी सीमाएं बंद करने की योजना नहीं बना रहा है। ग्रुश्को ने कहा कि हमारी ओर से, हम यूरोपीय नागरिकों के लिए अपनी सीमाएं बंद करने या रूस में उनके प्रवेश को प्रतिबंधित करने की योजना नहीं बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि मानवीय संपर्क, पर्यटन, व्यापार और मानवीय संबंध बनाए रखना आवश्यक है। ग्रुश्को ने कहा कि यूरोपीय संघ द्वारा इन संबंधों को नष्ट करने के सभी प्रयासों के बावजूद, हमारा देश लोगों के बीच संबंध बनाने में रुचि रखता है।

# फिसा नवीनीकरण पर ट्रम्प को झटका

### रिपब्लिकन सांसदों की बगावत से अटका विधेयक, अपनी ही पार्टी के भीतर विरोध का सामना करना पड़ा

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को उस समय अपनी ही पार्टी के भीतर दुर्लभ विरोध का सामना करना पड़ा, जब रिपब्लिकन सांसदों ने फॉरेन इंटेलिजेंस सर्विलांस एक्ट (फिसा) के नवीनीकरण को रोक दिया। इस घटनाक्रम से न सिर्फ सदन अध्यक्ष माइक जॉनसन को बड़ा झटका लगा, बल्कि ट्रम्प के प्रभाव पर भी सवाल खड़े हो गए, क्योंकि अब तक अधिकांश मामलों में रिपब्लिकन सांसद उनके समर्थन में एकजुट रहते थे।

विवाद के केंद्र में फिसा की धारा 702 है, जिसका उपयोग अमेरिकी खुफिया एजेंसियां विदेशी लक्ष्यों की निगरानी के लिए करती रही हैं। व्हाइट हाउस के जोरदार प्रयासों के बावजूद 20 से ज्यादा रिपब्लिकन सांसदों ने पार्टी लाइन से हटकर मतदान किया और प्रक्रिया को रोक दिया। इस असफलता के बाद पार्टी नेतृत्व को मजबूरन इस निगरानी कार्यक्रम के लिए 10 दिन का अस्थाई विस्तार लागू करना पड़ा, जो अंतिम विकल्प था। यह घटनाक्रम इसलिए भी



■ **जॉनसन के लिए यह स्थिति राजनीतिक रूप से चुनौतीपूर्ण मानी जा रही है**

महत्वपूर्ण रहा, क्योंकि ट्रम्प, जो आमतौर पर प्रमुख मतदानों में पार्टी को एकजुट रखने में सफल रहते हैं, इस बार असंतुष्ट सांसदों को मनाने में विफल रहे। जॉनसन के लिए यह स्थिति राजनीतिक रूप से चुनौतीपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि उनकी रणनीति काफी हद तक ट्रम्प के प्रभाव पर निर्भर रही है। प्रशासन ने सां. सदों को मनाने के लिए व्यापक प्रयास किए थे। इसमें ब्रीफिंग आयोजित करना, सीआईए निदेशक जॉन रैटक्लिफ को सीधे सांसदों से संवाद के लिए लाना और हाउस परिसर के पास एक अस्थाई सुरक्षित सुविधा स्थापित करना शामिल था, ताकि सदस्य आसानी से गोपनीय जानकारी देख सकें। शुरुआत में 'क्लीन एक्सटेंशन' पर जोर देने के बाद भी जब नेतृत्व ने बदलावों के संकेत दिए, तब तक कई सांसदों के लिए ये रियायतें अपर्याप्त साबित हुईं। कुछ रिपब्लिकन सांसदों ने आरोप लगाया कि प्रक्रिया जल्दबाजी में चलाई गई और देर रात मतदान तथा अंतिम समय के बदलाव नागरिक स्वतंत्रता और निगरानी से जुड़े गंभीर मुद्दों को पर्याप्त रूप से संबोधित नहीं कर पाए। अन्य नेताओं ने आंतरिक मतभेदों को जिम्मेदार ठहराया। फिसा पर बहस लंबे समय से रिपब्लिकन पार्टी के भीतर राष्ट्रीय सुरक्षा समर्थक धड़े और निजता पर जोर देने वाले धड़े के बीच विभाजन का कारण रही है। इस बार यह मतभेद इतना गहरा रहा कि समय रहते सहमति नहीं बन पाई।

# अफ्रीका के रास्ते मिडिल ईस्ट जा रहा अमेरिकी वॉरशिप

## हूती विद्रोहियों के हमलों से डरकर रास्ता बदला, 6000 नाविक और 3 डेस्ट्रायर भी साथ

**वाशिंगटन।** समुद्र में दुनिया के सबसे ताकतवर जंगी जहाजों में शामिल अमेरिका का विशाल एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसएस जार्ज एचडब्ल्यू बुश सीधा रास्ता छोड़कर लंबा चक्कर लगा रहा है। यह जहाज अब डेढ़ गुना ज्यादा दूरी तय करते हुए अफ्रीका का पूरा चक्कर लगाकर ईरान के करीब पहुंच रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक रेड सी का रास्ता हूती विद्रोहियों के खतरे से भरा है। जिससे बचने के लिए यह अमेरिकी सुपरकैरियर लंबा रास्ता लेने को मजबूर है।

फोर्ब्स की रिपोर्ट के मुताबिक अमे. रिकी कैरियर जिब्राल्टर, भूमध्य सागर और स्वेज नहर होते हुए रेड सी से गुजरते हैं। लेकिन इस बार अमेरिकी नौसेना ने यह रास्ता नहीं चुना है। इस कैरियर के साथ तीन डेस्ट्रायर और करीब 6000 नाविक हैं। दो अमेरिकी अधिकारियों ने एपी को बताया कि यह स्ट्राइक ग्रुप मिडिल ईस्ट तैनाती के लिए रवाना हुआ है। इस सबसे ताकतवर माने जाने अमे. रिकी जहाज का इतना लंबा रूट लेना कोई आम बात नहीं है। पेंटागन ने आधिकारिक तौर पर वजह नहीं बताई है, लेकिन संकेत साफ हैं कि अफ्रीका का रास्ता लेने से यह जहाज लाल सागर और बाब-अल-मंदेब स्ट्रेट से बच रहा है। हाल के सालों में इस इलाके को यमन के हूती विद्रोही ने असुरक्षित बना दिया है। इन हूती विद्रोहियों को ईरान का समर्थन है और पहले भी वे लाल सागर और बाब-अल-मंदेब स्ट्रेट जैसे अहम समुद्री रास्तों पर ड्रोन और मिसाइल हमले कर चुके हैं। यही वजह है कि दुनिया की सबसे ताकतवर नौसेना भी अब उस रास्ते से जाने से बच रही है। 2024 और 2025 में हूती हमलों में अमेरिकी और व्यापा. रिक जहाजों को निशाना बनाया गया था। हाल के महीनों में भी उन्होंने हमले फिर शुरू करने की धमकी दी है, जिससे यह इलाका असुरक्षित बना हुआ है। बाब-अल-मंदेब स्ट्रेट दुनिया के सबसे अहम समुद्री रास्तों में गिना जाता है। यह रेड सी को अदन की खाड़ी से जोड़ता है और हर साल करीब 20 हजार जहाज यहां से गुजरते हैं। वैश्विक व्यापार का लगभग 10 प्रतिशत इसी रास्ते से होता है, खासकर तेल और गैस की सप्लाई के लिए यह बेहद जरूरी है। यह रास्ता भौगोलिक रूप से भी चुनौतीपूर्ण है। इसकी सबसे संकरी जगह करीब 32 किलोमीटर चौड़ी है और यह दो हिस्सों में बंटा है। एक गहरा और चौड़ा रास्ता, पश्चिमी डक्ट-एल-मयून चौनल करीब 16 मील चौड़ा है जहां बड़े जहाज चलते हैं। दूसरा संकरा रास्ता पूर्वी चैनल बाब इस्कंदर करीब दो मील चौड़ा है जिसका इस्तेमाल छोटे जहाज करते हैं। पहले यहां खतरा प्राकृतिक कारणों जैसे चट्टानों और तेज हवाओं से था, लेकिन अब सबसे बड़ा खतरा बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव से बन गया है। यूएसएस जार्ज एचडब्ल्यू बुश अमेरिका का 10वां और आखिरी निमिट्ज क्लास न्यूक्लियर पावर्ड सुपरकैरियर है। निमिट्ज अमेरिका के सबसे बड़े और सबसे ताकतवर युद्धपोतों की एक खास श्रेणी (क्लास) है, जो परमाणु ऊर्जा से चलते हैं और जिन पर लड़ाकू विमान तैनात होते हैं। यह जहाज करीब 6000 नाविकों और एयरक्रू के साथ तैनात है और इसके साथ तीन डेस्ट्रायर भी चल रहे हैं। मार्च के आखिर में यह अमेरिका के नारफोक बेस से रवाना हुआ था और हाल ही में नामीबिया के तट के पास देखा गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह मिडिल ईस्ट की ओर जा रहा है। जहां यह यूएसएस अब्राहम लिंकन के साथ जुड़ सकता है, जो फरवरी से ही उस इलाके में आपरेशन कर रहा है।




■ **इस सबसे ताकतवर माने जाने अमेरिकी जहाज का इतना लंबा रूट लेना कोई आम बात नहीं है**

## अमेरिका-ईरान वार्ता के अच्छे परिणाम की उम्मीदः ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि उन्हें ईरान के साथ वार्ता के अच्छे परिणाम की उम्मीद है और उन्हें विश्वास है कि समझौते तक पहुंचने के लिए अब कुछ ही मतभेदों को सुलझाना बाकी है। ट्रम्प ने पत्रकारों से कहा कि वार्ता जारी है और सप्ताहांत में भी जारी रहेगी, और कई अच्छी बातें हो रही हैं। उन्होंने ईरानी प्रतिनिधियों के साथ हुई चर्चा को 'बहुत अच्छी' बताया और उम्मीद जताई कि यह सिलसिला 'बहुत अच्छा' बना रहेगा। अमेरिकी नेता ने कहा कि ईरान के साथ सभी मतभेद सुलझ जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि कोई बहुत महत्वपूर्ण मतभेद बचे हैं। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका-ईरान समझौते के अधिकांश बिंदुओं पर बात. चीत हो चुकी है। ट्रम्प ने एरिजोना में कंजरवेटिव टर्निंग पॉइंट के एक कार्यक्रम में कहा कि इस प्रक्रिया में हम अच्छे से आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन कौन जानता है? किसी के साथ भी कुछ कहा नहीं जा सकता, लेकिन ईरान के साथ तो और भी ज्यादा। यह प्रक्रिया बहुत तेजी से आगे बढ़नी चाहिए, और ज्यादातर मुद्दों पर पहले ही बातचीत हो चुकी है और सहमति बन चुकी है। अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को तेहरान समेत ईरान में ठिकानों पर हमले किए, जिससे नुकसान हुआ और नागरिक हताहत हुए।

## कुश्नर, विटकॉफ और संभवतः वेंस ईरान के साथ बातचीत में लेंगे भागः ट्रम्प

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के साथ बात. चीत करने वाले दल में उनके विशेष दूत स्टीव विटकॉफ, उनके दामाद जारेड कुश्नर और संभवतः उपराष्ट्रपति जेडी वेंस शामिल होंगे। ट्रम्प ने इससे पहले कहा था कि उन्हें ईरान के साथ बातचीत की अच्छी संभावनाएं दिख रही हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि समझौते तक पहुंचने के लिए अब बहुत कम मतभेद सुलझाने शेष रह गए हैं। ट्रम्प ने एबीसी न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि स्टीव (विटकॉफ) और जारेड (कुश्नर) जाएंगे, और शायद उनके साथ जेडी (वेंस) भी। अभी इस बारे में जेडी से बात नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि बातचीत 'केवल इस्लामाबाद' में होगी क्योंकि उनकी 'उन देशों में जाने में कोई दिलचस्पी नहीं है, जिन्होंने मदद नहीं की। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि इस सप्ताह के अंत में दूसरे दौर की बातचीत हो सकती है, हालांकि इसकी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। गौरतलब है कि अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को तेहरान सहित ईरान के ठिकानों पर हमले किए थे, जिससे नुकसान हुआ था और आम नागरिक हताहत हुए थे। ईरान ने इसके जवाब में इजरायली क्षेत्र और पश्चिम एशिया में अमे. रिकी सैन्य ठिकानों पर हमला किया था।

## पाकिस्तान सेना-बलोच विद्रोहियों में भीषण गोलीबारी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में सेना व बलोच विद्रोहियों में भीषण गोलीबारी चल रही है। स्थिति यह है कि सैन्य अभियानों के बीच खारान, खुजदार और मस्तुंग सहित कई जिलों में हिंसा से विद्रोह और व्यापक हो गया है। सेना-विद्रो. हियों में सशस्त्र झड़पों के बीच बड़ी संख्या में सैकड़ों की संख्या में आम नागरिक हताहत हुए हैं। हालांकि, सीमित पहुंच के कारण इन खबरों पर पाकिस्तानी सेना और सुरक्षा बल खामोशी बनाए हैं। जबकि खारान में नया सैन्य अभियान शुरू होने का दावा निवा. सियों ने किया। सेना ने अलमार्क और किसान जैसे इलाकों में तड़के एक अभियान शुरू कर दिया। इस अभियान के दौरान, कुछ अज्ञात हथियारबंद लोगों ने सेना के दस वाहनों के काफिले पर घात लगाकर हमला किया और दोनों पक्षों में गोलीबारी शुरू हो गई। स्थानीय लोगों ने अपने ऊपर ड्रोन उड़ने की भी जानकारी दी, लेकिन हताहतों या अभियान के नतीजों के बारे में कोई भी पुष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। अधिकारी इन घटनाक्रमों पर चुप्पी साधे हैं। इसके बाद सोहिंदा में काफी देर तक गोलीबारी होती रही।

## होर्मुज सुरक्षा को लेकर पेरिस में हुआ बड़ा सम्मेलन

**पेरिस।** होर्मुज जलडमरूमध्य से जुड़े वैश्विक व्यापार और सुरक्षा को लेकर फ्रांस और ब्रिटेन की मेजबा. नी में पेरिस में एक बड़ा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन हुआ। इस बैठक में कई देशों ने हिस्सा लिया, जिनका मकसद इस अहम समुद्री मार्ग से बिना रुकावट व्यापार सुनिश्चित करना था। भारत ने इस सम्मेलन में पर्यवेक्षक के रूप में भाग लिया।

भारत की ओर से विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने प्रतिनिधित्व किया। इससे पहले भी वे अप्रैल में इसी तरह की एक बैठक में वर्चुअल रूप से शामिल हुए थे। बता दें कि भारत को इस सम्मेलन में शामिल होने का निमंत्रण भी मिला था, जिसकी पुष्टि विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने की थी। यह बैठक फ्रांस की राजधानी पेरिस में स्थित एलिसी पैलेस में

■ **भारत पर्यवेक्षक बना, विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने प्रतिनिधित्व किया मैक्रों-स्टार्मर ने की अध्यक्षता**

हुई। इसकी अध्यक्षता फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री किएर स्टार्मर ने की। गौरतलब है कि होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री रास्तों में से एक है, जहां से बड़ी मात्रा में तेल और व्यापारिक सामान गुजरता है। इसी कारण यहां किसी भी तरह की रुकावट का असर पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है। फिलहाल जहां एक तरफ ईरान इसे खुला बता रहा है, वहीं दूसरी तरफ दुनिया के कई देश इस रास्ते की सुरक्षा और स्थिरता को लेकर रणनीति बना रहे हैं।

# लेबनान की स्थायी समझौते पर बातचीत का ऐलान

### लेबनान के लोगों के अधिकारों, क्षेत्रीय एकता और देश की संप्रभुता की सुरक्षा के लिए उठाया गयाः औन

**बेरूत।** लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन ने इजरायल के साथ सीजफायर के बाद स्थायी समझौते पर बातचीत करने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि यह कदम लेबनान के लोगों के अधिकारों, क्षेत्रीय एकता और देश की संप्रभुता की सुरक्षा के लिए उठाया गया है।

यह घोषणा गुरुवार और शुक्रवार की आधी रात से लागू हुए 10 दिवसीय सीजफायर के बाद आई है, जिसका उद्देश्य इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच भीषण तनाव को कम करना है। राष्ट्रपति औन ने लेबनान के लोगों को संबो. धित करते हुए कहा कि देश अब सीजफायर लागू करने से आगे बढ़कर लंबे समय तक स्थिरता बनाए रखने के बड़े चरण की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने सीजफायर का श्रेय लेबनान के लोगों के संयुक्त प्रयासों और कुर्बानियों के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय व क्षेत्रीय राजनयिक जुड़ाव को दिया। आउन ने स्पष्ट किया कि बातचीत कमजा. ेरी का संकेत नहीं है, बल्कि यह लेबनान के हितों की रक्षा करने और जानमाल के नुकसान व विस्थापन को रोकने का एक संप्रभु निर्णय है। उन्होंने कहा कि हजारों लेबनानी मारे गए हैं और विदेशी हितों के लिए अब और जानें नहीं जानी चाहिए। राष्ट्रपति औन ने कहा कि मैं इन फैसलों की पूरी जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार हूं। उन्होंने एक ही सरकारी अथारिटी, संविधान और सेना के तहत देश की एकता की भी अपील की। औन ने आने वाले चरण के मुख्य मकसद बताए। इनमें लेबनानी क्षेत्र पर इजरायली हमलों को रोकना शामिल है। इजरायली सेना की वापसी सुनिश्चित करना और कैदियों की वापसी भी प्रमुख लक्ष्य हैं। बेघर हुए नागरिकों की सुरक्षित वापसी मुमकिन बनाना भी एक अहम उद्देश्य है। इसके साथ ही सभी लेबनानी क्षेत्रों में सरकार का पूरा अधिकार वापस लाना भी इसमें शामिल है। इस बीच, हिजबुल्लाह की पालिटिकल काउंसिल के सदस्य वाफिक सफा ने बेरूत में बीबीसी अरबी को बताया कि समूह के हथियारों पर कोई मोलभाव नहीं हो सकता। सफा ने जोर देकर कहा कि हिजबुल्लाह कभी भी हथियार नहीं छोड़ेगा। उन्होंने कहा कि हमले रुकने इजरायल के हटने, कैदियों की वापसी और बेघर हुए लोगों के अपने वतन लौटने से पहले, हिजबुल्लाह के हथियारों पर बात नहीं हो सकती। सफा ने चेतावनी दी कि हिजबुल्लाह नवम्बर 2024 से लागू सीजफायर जैसा कोई भी समझौता नहीं मानेगा, जो 2 मार्च 2026 को टूट गया था। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार को कहा कि इजरायल लेबनान सरकार के साथ राजनयिक और सैन्य समाधान का मौका देगा।



■ **इजरायली सेना की वापसी सुनिश्चित करना और कैदियों की वापसी भी प्रमुख लक्ष्य हैं: औन**

## जापान में महसूस किए गए भूकंप के तेज झटके

**टोक्यो।** जापान के उत्तरी नागानो प्रांत में शनिवार को भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के मुताबिक, स्थानीय समय के अनुसार दोपहर 1.20 बजे यह भूकंप आया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.0 मापी गई। प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची ने इस प्राकृतिक आपदा पर तुरंत संज्ञान लिया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि भूकंप का केंद्र उत्तरी नागानो में था।

ओमाची शहर में सबसे ज्यादा असर देखा गया। प्रधानमंत्री ने स्थिति को संभालने के लिए प्रधानमंत्री कार्यालय के संकट प्रबंधन केंद्र में एक विशेष संपर्क कक्ष स्थापित किया। उन्होंने अधिक. ारियों को निर्देश दिए कि वे नुकसान का जल्द से जल्द पता लगाएं और

■ **पीएम सनाए ताकाइची ने लोगों से अलर्ट रहने की अपील की**

जनता तक सटीक जानकारी पहुंचाएं। प्रधानमंत्री ने प्रभावित इलाकों के लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने चेतावनी दी कि आने वाले समय में भी इसी तरह की तीव्रता वाले झटके महसूस हो सकते हैं। 'द जापान टाइम्स' के अनुसार, मौसम विभाग ने स्पष्ट किया है कि फिलहाल इस भूकंप से सुनामी आने का कोई खतरा नहीं है। भूकंप का केंद्र जमीन के अंदर 10 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। कई शहरों में भूकंप का असर अलग-अलग रहा। ओमाची शहर में तीव्रता पांच (ऊपरी स्तर) और नागानो शहर में तीव्रता पांच (निचली स्तर) दर्ज हुई।

# तुर्की में चार देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक

### पाक, सऊदी अरब, तुर्की और मिस्र के विदेश मंत्री आपसी सहयोग बढ़ाने पर एकजुट हुए

अंकारा। तुर्की के अंटाल्या शहर में पाकिस्तान, सऊदी अरब, तुर्की और मिस्र के विदेश मंत्रियों की अहम बैठक हुई। इस बैठक में चारों देशों ने आपसी सहयोग को मजबूत करने और क्षेत्रीय मुद्दों पर मिलकर काम करने का संकल्प दोहराया। यह तीसरी परामर्श बैठक थी, जो ऐसे समय में हुई जब पश्चिम एशिया में तनाव और वैश्विक चुनौतियां बढ़ रही हैं।

इस बैठक को कूटनीतिक स्तर पर बड़ी पहल माना जा रहा है। इस बैठक में पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार, सऊदी अरब के प्रिंस फैसल बिन फरहान, तुर्की के हाकन फिदान और मिस्र के बद्र अब्देलअती शामिल हुए। यह बैठक अंटाल्या डिप्लोमेसी फोरम के दौरान हुई। सभी नेताओं ने साझा हितों वाले क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने और एक मजबूत साझेदारी बनाने

■ **बैठक में बदलते क्षेत्रीय हालात पर विस्तार से चर्चा की गई**

पर सहमति जताई। उन्होंने क्षेत्र में शांति, स्थिरता और विकास के लिए संवाद और कूटनीति को जरूरी बताया। बैठक में बदलते क्षेत्रीय हालात पर विस्तार से चर्चा की गई। नेताओं ने माना कि मौजूदा समय में बातचीत और सहयोग ही तनाव कम करने का सबसे प्रभावी तरीका है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि देशों के बीच संवाद जारी रहना चाहिए, ताकि किसी भी तरह के टकराव को रोका जा सके और आर्थिक विकास को आगे बढ़ाया जा सके। यह बैठक ऐसे समय में हुई है जब पाकिस्तान अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत की मेजबानी की तैयारी कर रहा है। हाल ही में दोनों देशों के बीच सीधी बातचीत हुई थी, लेकिन कोई ठोस समझौता नहीं हो सका। इन हालातों ने पूरे पश्चिम एशिया क्षेत्र में आर्थिक दबाव और अस्थिरता का खतरा बढ़ा दिया है, जिस पर भी इस बैठक में चर्चा हुई। पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री भी रहे इशाक डार ने चारों देशों के बीच एक सहयोगी ढांचा बनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि मिस्र, पाकिस्तान, सऊदी अरब और तुर्की मिलकर शांति, समृद्धि और आर्थिक विकास के लिए साझा योजना तैयार करें।

## राधाकृष्णन रविवार से दो दिन की श्रीलंका यात्रा पर

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन रविवार से दो दिन की श्रीलंका की आधिकारिक यात्रा पर होंगे। उपराष्ट्रपति सचिवालय की ओर से शनिवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार यह भारत के उपराष्ट्रपति की श्रीलंका की पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी। इस यात्रा के दौरान उपराष्ट्रपति श्रीलंका के राष्ट्रपति महामहिम अनुरा कुमारा दिसानायका से मुलाकात करेंगे। वह रविवार को श्रीलंका की प्रधानमंत्री डा. हरिणी अमरासुरिया और अन्य गणमान्य व्यक्तियों से भी मिलेंगे। वह भारतीय मूल के तमिल समुदाय के नेताओं और श्रीलंका के उत्तरी और पूर्वी क्षेत्रों के तमिल नेताओं के साथ बातचीत करेंगे। उपराष्ट्रपति कोलंबो में एक साम. ुदायिक कार्यक्रम में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करेंगे।

# 48 घंटे में चार चीनी विमान गायब!

### ईरान में लैंडिंग के दावे से मचा हड़कंप, जानें क्या है मामला

**बीजिंग।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच अब एक नया दावा सामने आया है, जिसने पहले से ही संवेदनशील भू-राजनीतिक माहौल को और पेचीदा बना दिया है। इस बार चर्चा जमीन पर नहीं, बल्कि आसमान में हुई कथित गति. विधियों को लेकर है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर तेजी से वायरल हो रहे पोस्ट में टिप्पणीकार मारियो नवाफल ने मोसाद कमेंट्री का हवाला देते हुए दावा किया कि चीन के चार कार्गो विमान 48 घंटे के भीतर ईरान पहुंचे, लेकिन उससे पहले उन्होंने उड़ान के दौरान अपने ट्रांसपोंडर बंद कर दिए। पोस्ट में कहा गया कि ये विमान ईरानी हवाई क्षेत्र में प्रवेश से पहले गायब हो गए, जिसे एविएशन विशेषज्ञ अक्सर जानबूझकर लोकेशन छिपाने से जोड़ते हैं, न कि तकनीकी खराबी से। साथ ही यह भी आरोप लगाया गया कि इन विमानों में हथियार और गोला-बारूद ले जाया जा रहा था। हालांकि, इन दावों की किसी भी सरकार या स्वतंत्र एजेंसी ने पुष्टि नहीं की है। उपलब्ध जानकारी के आधार पर इनकी सत्यता स्थापित नहीं हो सकी है। हालांकि, इन दावों की किसी भी सरकार या स्वतंत्र एजेंसी ने पुष्टि नहीं की है। उपलब्ध जानकारी के आधार पर इनकी सत्यता स्थापित नहीं हो सकी है। इन दावों ने इसलिए भी ध्यान खींचा है क्योंकि ये ऐसे समय में सामने आए हैं जब चीन ने हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को आश्वस्त किया था कि वह ईरान को हथियार नहीं देगा। पश्चिम एशिया में जारी तनाव और हालिया संघर्षविराम के बीच यह मुद्दा पहले से ही बेहद संवेदनशील बना हुआ है। बीजिंग ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि ईरान को सैन्य सहायता देने से जुड़े सभी मीडिया रिपोर्ट पूरी तरह मनगढ़ंत हैं। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अगर अमेरिका इन आरोपों के आधार पर कोई कदम उठाता है, तो चीन जवाबी कार्रवाई कर सकता है। यह बयान उस व्यापक संदर्भ में आया है, जहां वाशिंगटन की ओर से उन देशों पर संभावित टैरिफ बढ़ाने के संकेत दिए गए हैं, जो ईरान की किसी भी तरह मदद करते पाए जाते हैं।



## फिल्म मायसा के लिए बैंकॉक पहुंचीं अभिनेत्री, प्रतिदिन आठ घंटे कर रहीं मेहनत

# रश्मिका ले रहीं मार्शल आर्ट्स की ट्रेनिंग



**मुंबई।** अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने फिल्म मायसा के लिए बैंकॉक में मार्शल आर्ट्स की ट्रेनिंग ली है। नेशनल क्रश रश्मिका मंदाना अपने करियर के सबसे चुनौतीपूर्ण दौर में कदम रख रही हैं और इसकी वजह उनकी आने वाली पैन-इंडिया एक्शन ड्रामा फिल्म मायसा है। फिल्म की इंटेंस झलक ने पहले ही काफी चर्चा बटोर ली थी, लेकिन अब रश्मिका की ऑफ-स्क्रीन मेहनत उम्मीदों को और भी ज्यादा बढ़ा रही है। डेब्यू डायरेक्टर रविंद्र पुल्ले के निर्देशन और अनफॉर्मुला फिल्म्स के प्रोडक्शन में बन रही मायसा में रश्मिका एक आदिवासी गोंड लड़की के रोल में हैं, एक ऐसा किरदार जिसमें इमोशनल गहराई के साथ-साथ जबरदस्त शारीरिक ताकत की भी जरूरत है। इंटरनेशनल एक्शन डायरेक्टर एंडी लॉन्ग की देखरेख में इसके स्टंट्स तैयार किए जा रहे हैं, जिससे यह फिल्म भारतीय सिनेमा में फीमेल-लेड एक्शन के लिए एक नया पैमाना सेट करने की तैयारी में है।

फिल्म की स्क्रिप्ट सुनने के बाद रश्मिका ने एक बड़ा फैसला लिया और वह है खुद को इस रोल के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से पूरी तरह तैयार करने का। एक्शन को एकदम असली और दमदार दिखाने के लिए रश्मिका बैंकॉक गई हैं, जहां वो एक इंटेंस स्टंट और कॉम्बैट बूटकैंप में हिस्सा ले रही हैं। वहां उनका डेली रूटीन काफी मुश्किल भरा है। वो हर दिन लगभग आठ घंटे ट्रेनिंग कर रही हैं, जिसमें वो दुनिया भर के एक्सपर्ट्स से एडवांस स्टंट तकनीक, हैंड-टू-हैंड कॉम्बैट और हाई-स्पीड एक्शन कोऑर्डिनेशन सीख रही हैं। उनकी ट्रेनिंग की तस्वीरों में रश्मिका का एक अलग ही रूप दिख रहा है, बेहद फोकस्ड और निडर, जो उनके अब तक के सॉफ्ट किरदारों से बिल्कुल अलग है। टीम जल्द ही केरल में फिल्म का एक अहम 16 दिनों का एक्शन शेड्यूल शुरू करेगी और रश्मिका की मौजूदा ट्रेनिंग खास तौर पर इसी मुश्किल हिस्से के लिए तैयार की गई है। रश्मिका की इस कड़ी मेहनत को देखकर साफ है कि मायसा उनके लिए सिर्फ एक फिल्म नहीं है, बल्कि एक बड़ा बदलाव और मील का पत्थर है, जिसे वो हर हाल में हासिल करना चाहती हैं। जैसे-जैसे शूटिंग और तैयारी जोर-शोर से आगे बढ़ रही है, उनके इस अनोखे अवतार को लेकर फैंस की एक्साइटमेंट भी बढ़ती जा रही है। इस फिल्म में ईश्वरी राव, गुरु सोमसुंदरम और राव रमेश जैसे बेहतरीन कलाकार भी अहम भूमिकाओं में हैं। श्रेयस पी कृष्णा सिनेमैटोग्राफी संभाल रहे हैं, जबकि जेक्स बिजॉय ने संगीत दिया है। इंटरनेशनल स्टंट कोरियोग्राफर एंडी लॉन्ग इस बड़े प्रोजेक्ट के एक्शन सीन्स की देखरेख कर रहे हैं।

> **अभिनेत्री दुनिया भर के एक्सपर्ट्स से एडवांस स्टंट तकनीक, हैंड-टू-हैंड कॉम्बैट और हाई-स्पीड एक्शन कोऑर्डिनेशन सीख रही हैं। उनकी ट्रेनिंग की तस्वीरों में रश्मिका का एक अलग ही रूप दिख रहा है, बेहद फोकस्ड और निडर, जो उनके अब तक के सॉफ्ट किरदारों से बिल्कुल अलग है। टीम जल्द ही केरल में फिल्म का एक अहम 16 दिनों का एक्शन शेड्यूल शुरू करेगी और रश्मिका की मौजूदा ट्रेनिंग खास तौर पर इसी मुश्किल हिस्से के लिए तैयार की गई है।**

# विजय-शौर्ययुव ने नए प्रोजेक्ट के लिए मिलाया हाथ



**मुंबई।** अभिनेता विजय देवरकोंडा और निर्देशक शौर्ययुव एक ऐसे प्रोजेक्ट के लिए साथ आए हैं जो बड़े स्केल, ऊंचे इरादों और ग्लोबल सिनेमा की तरफ एक साहसी कदम का इशारा देता है। अनाउंसमेंट पोस्टर में विजय देवरकोंडा को लोहे की जंजीरों से बंधे चार कुत्तों के साथ आगे बढ़ते हुए दिखाया गया है, जबकि उनके पीछे 6-7 आदमी चल रहे हैं। यह पोस्टर सिर्फ एक फिल्म का ऐलान नहीं है, बल्कि यह उस चीज को बनाने के बारे में है जो तभी मुमकिन है जब यह सब एक साथ आएं। टीम ने दैट्स यह रोर नाम से एक थीम सॉन्ग भी जारी किया है। यह गाना इस बारे में है कि जिंदगी आपके सामने कैसी भी मुश्किलें क्यों न खड़ी कर दे, आपको हार नहीं माननी है। यह दिखाता है कि कैसे एक इंसान दर्द, संघर्ष और नाक. ामियों का सामना करने के बावजूद फिर से खड़े होने और आगे बढ़ने का फैसला करता है। यह कहता है कि ताकतवर होने के लिए आपको नाम या शोहरत की जरूरत नहीं है, असली ताकत कभी हार न मानने में है। जब आप मुश्किल वक्त में भी एक छोटा कदम बढ़ाते हैं, तो वही आपकी असली दहाड़ है। यह प्रोजेक्ट एक पैरेलल माइथोलॉजिकल यूनिवर्स में सेट है।एक ऐसी दुनिया जो प्राचीन तो लगती है पर पूरी तरह काल्पनिक है। यह जानी-पहचानी होते हुए भी एकदम नई और ओरिजिनल है। यह पौराणिक कथाओं की आत्मा से जुघी है लेकिन उनकी सीमाओं में बंधने से इनकार करती है। यह एक ऐसा धमाका है जो उम्मीदों को आसमान पर ले जाता है। टीम में बघे ग्लोबल नामों के जुघ्ने से विजय देवरकोंडा और शौर्ययुव दुनिया भर में छा जाने के लिए तैयार हैं और इस प्रोजेक्ट की हर एक चीज एकदम किलर लग रही है।


## 1100 करोड़ के क्लब में शामिल हुई रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर: द रिवेंज

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर: द रिवेंज ने भारतीय बाजार में 1103 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है। आदित्य धर के निर्देशन में बनी ब्लॉकबस्टर फिल्म धुरंधर की सीक्वल धुरंधर: द रिवेंज बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई कर रही है। फिल्म का क्रेज लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। इस फिल्म में रणवीर सिंह, आर माधवन, अर्जुन रामपाल, संजय दत्त, राकेश बेदी और सारा अर्जुन की अहम भूमिका है। सैकनिल्क के प्राप्त आंकड़ों के अनुसार धुरंधर: द रिवेंज ने पेड प्रीव्यू के दौरान 18 मार्च को फिल्म ने 43 करोड़ रुपये की कमाई की। फिल्म ने रिलीज के पहले सप्ताह भारतीय बाजार में 674. 17 करोड़ की धमाकेदार कमाई की। फिल्म ने दूसरे सप्ताह में 263.65 करोड़ की जोरदार कमाई की।

# एक समय था जब बॉलीवुड पर छा गई थीं पूनम ढिल्लो

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री पूनम ढिल्लों आज 64 वर्ष की हो गई। पूनम ढिल्लों का जन्म 18 अप्रैल 1962 को उत्तरप्रदेश के कानपुर में हुआ था। उनके पिता अमरीक सिंह भारतीय वायु सेना में विमान इंजीनियर थे। पूनम ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा चंडीगढ़ कार्मेल कान्वेंट हाई स्कूल से पूरी की।

1977 में पूनम ढिल्लो को अखिल भारतीय सौन्दर्य प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का अवसर मिला, जिसमें वह पहले स्थान पर आईं। इस बीच पूनम की खूबसूरती से प्रभावित होकर निर्माता-निर्देशक यश चोपड़ा ने अपनी फिल्म त्रिशूल में उनसे काम करने की पेशकश की, लेकिन उन्होंने इस पेशकश को अस्वीकार कर दिया। इसके बाद पंजाब यूनिवर्सिटी में कार्यरत उनके करीबी दोस्त गार्गी ने उन्हें



समझाया कि फिल्मों में काम करना कोई बुरी बात नहीं है। पूनम ढिल्लो के परिजनों ने उन्हें इस शर्त पर फिल्मों में काम करने की इजाजत दी कि वह स्कूल की छुट्टियों के दौरान ही फिल्मों में एक्टिग करेंगी। फिल्म त्रिशूल में पूनम को संजीव कुमार, शशि कपूर और अमिताभ बच्चन जैसे धुरंधर सितारों के साथ काम करने का अवसर मिला। इस फिल्म में उन्होंने संजीव कुमार की बेटी की भूमिका निभाई, जो अभिनेता सचिन से प्रेम करती है। फिल्म में उन पर फिल्माया गया गाना गप्पूजी उन दिनों युवाओं के बीच क्रेज बन गया था। फिल्म त्रिशूल टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुई। इसके बाद कई फिल्मकारों ने पूनम ढिल्लों से अपनी फिल्म में काम करने कीपेशकश की लेकिन उन्होंने उन सारे प्रस्तावों को ठुकरा दिया क्योंकि वह अभिनेत्री नहीं बनना चाहती थी। वर्ष 1979 में यश चोपड़ा के ही बैनर तले बनी फिल्म नूरी में पूनम को काम करने का अवसर मिला। बेहत. रीन गीत-संगीत और अभिनय से सजी इस फिल्म की कामयाबी ने न सिर्फ उन्हें बल्कि एक्टर फारूख शेख को भी स्टार के रूप में स्थापित कर दिया।

## मटका किंग ने प्राइम वीडियो इंडिया पर नंबर 1 पर एंट्री मारी



**मुंबई।** सीरीज मटका किंग 17 अप्रैल 2026 को रिलीज होते ही सिर्फ 24 घंटे में प्राइम वीडियो इंडिया पर सबसे ज्यादा देखने जाने वाली सीरीज बन गई। यह शो बेल्जियम जैसे इंटरनेशनल मार्केट्स में भी टॉप ट्रेंड कर रहा है। इस सीरीज का निर्देशन नागराज पोपटराव मंजुले ने किया है, जिसमें लीड रोल में विजय वर्मा हैं। इस सीरीज में कृतिका कामरा, साई ताम्हणकर, सिद्धार्थ जाधव और गुलशन ग्रोवर भी अहम किरदार में नजर आ रहे हैं। मटका किंग को सिद्धार्थ रॉय कपूर ने अपने बैनर रॉय कपूर फिल्म्स के तहत प्रोडयूस किया है।



अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए.
और भी देशों से
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
• Top Govt. Universities.
• MCI, WHO Approved Universities.
• Indian Hostel & Mess Available.
• Lowest Price Packages.
• Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)

# विक्टोरिया सीक्रेट इंडिया ने तृप्ति को बनाया ब्रांड एंबेसडर

**मुंबई।** ग्लोबल फैशन और लाइफस्टाइल रिटेल कंपनी, अपैरल ग्रुप ने तृप्ति डिमरी को विक्टोरिया सीक्रेट इंडिया का पहली ब्रांड एंबेसडर बनाया है। विक्टोरिया सीक्रेट, जिसमें इसके प्रमुख ब्रांड्स विक्टोरिया सीक्रेट और पिक शामिल हैं, ने भारत में अपना समर सिग्नेचर कैंपेन लॉन्च किया है। यह ब्रांड्स आत्मविश्वास, खुशी और आकर्षण को बढ़ावा देने पर फोकस करते हैं। इस कैंपेन में जानी-मानी भारतीय अभिनेत्री और नई ब्रांड एंबेसडर तृप्ति डिमरी नजर आ रही हैं। समर सिग्नेचर कलेक्शन में आरामदायक और आसानी से पहनने वाली लॉन्जरी और स्लीपवियर शामिल हैं, जिनमें ब्रांड का सिग्नेचर स्ट्राइप डिजाइन देखने को मिलता है। इस कलेक्शन की सादगी और ग्लैमर के साथ तृप्ति का सहज आत्मविश्वास इस कैंपेन को और भी खास बनाता है। इस कलेक्शन में सिग्नेचर स्ट्राइप लोगो टी-शर्ट, वायरलेस ब्रा और सिग्नेचर स्ट्राइप लोगो पैंटी जैसे प्रोडक्ट्स शामिल हैं, जो रोजमर्रा के आराम के लिए बनाए गए हैं। वहीं, स्लीपवेयर में सिग्नेचर स्ट्राइप्ड साटन स्लिप और सिग्नेचर स्ट्राइप्ड साटन लॉन्ग पायजामा सेट शामिल हैं, जो आराम के साथ हल्कापन और लक्जरी एहसास देते हैं। इसके साथ ही समर सिग्नेचर के साथ कूल एयर कलेक्शन और कैंपेन भी लॉन्च किया गया है, जिसमें तृप्ति डिमरी नजर आ रही हैं। तृप्ति डिमरी ने कहा, विक्टोरिया सीक्रेट के साथ जुड़कर मैं बेहद उत्साहित हूं। यह एक ऐसा ब्रांड है, जो हर महिला की अपनी पहचान को सेलिब्रेट करता है और उसे आत्मविश्वास के साथ खुद को अपनाने के लिए प्रेरित करता है। सिग्नेचर कूलब्रा और समर सिग्नेचर कलेक्शन खास तौर पर आराम और सहजता पर आधारित हैं और यही बात मुझे सबसे ज्यादा पसंद आई।

> **कलेक्शन की सादगी और ग्लैमर के साथ तृप्ति का सहज आत्मविश्वास इस कैंपेन को और भी खास बनाता है। इस कलेक्शन में सिग्नेचर स्ट्राइप लोगो टी-शर्ट, वायरलेस ब्रा और सिग्नेचर स्ट्राइप लोगो पैंटी जैसे प्रोडक्ट्स शामिल हैं।**